धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### दो बाइक की टक्कर में शिक्षक समेत दो की मौत

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना के भुषाढ़ नदी के समीप तीखे मोड़ पर बुधवार की देर शाम तेज रफ्तार दो बाइक की टक्कर में शिक्षक समेत दो की मौत हो गयी। हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान उमवि टुंडाहुटु बरियातू के शिक्षक जॉनकुस गिद्ध के रूप में हुई है। वे मूल रूप से महुआडांड़ के रहने वाले थे।

### रोहतास में दो वाहनों की टक्कर, सात की मौत

**डेहरी ओनसोन।** बिहार के रोहतास जिले में शिवसागर थाना क्षेत्र में कंटेनर और स्कॉर्पियो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये। कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर खास के सुदेश्वर शर्मा बोध गया से परिवार के साथ स्कार्पियो से वापस आ रहे थे। इस दौरान एनएच-2 पर घटना घट गयी।

### प्राचार्य ने कतार में खड़ा कर 50 छात्रों को पीटा

**मेदिनीनगर।** सदर ब्लॉक के लहलहे पंचायत के बारी मोड़ पर भोगू गांव में संचालित एक निजी विद्यालय के प्रिंसिपल ने करीब 50 छात्रों को कतार में खड़ा करके बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार रात कई छात्र अपने परिजनों के साथ सतबरवा थाना पहुंचे थे। वहां छात्रों ने थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी से प्रिंसिपल चंदन कुमार शर्मा की शिकायत की।

### बीआइटी मेसरा का दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को

**रांची।** बीआईटी (बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) मेसरा, रांची का 33वां दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को मनाया जायेगा। राज्यपाल एवं बीआईटी मेसरा के कुलाधिपति दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसमें डॉक्टरेट, स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा समेत अन्य डिग्रियां दी जायेंगी।

### साल का आखिरी सूर्य ग्रहण 14 अक्टूबर को

**नयी दिल्ली।** इस साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण आश्विन अमावस्या 14 अक्टूबर 2023 के दिन लगेगा। ग्रहण एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना है और उसका असर धरती और उसके जीवों पर जरूर पड़ता है। ज्ञात हो कि यह सूर्य ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा।

### बकोरिया कांड मामले में प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार

**रांची।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया कांड मामले में सीबीआई की ओर से दायर की गयी क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन बुधवार को स्वीकार कर ली गयी है। इससे पहले 27 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई की ओर से दाखिल की गयी कोलजर रिपोर्ट को स्वीकार किया था।

### पटना जीपीओ में पार्सल सामान में धमाका

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में ब्लास्ट का मामला सामने आया है। पटना जीपीओ में बाहर से आये एक पार्सल में विस्फोट हो गया। हालांकि इससे किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची, लेकिन लोग धमाके से सहम गये। बताया जा रहा है कि जब बाहर से आये पार्सलों की डिस्ट्रिब्यूशन के लिए छंटाई हो रही थी, तभी अचानक से धमाका हो गया। इसके बाद जीपीओ में अफरा-तफरी मच गयी। लोगों की कुछ समझ में नहीं आया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

# आज दिन भर बहनें बांध सकेंगी भाई को राखी

## सिंदरी की बेटी ने पीएम मोदी तो कोडरमा की बच्ची ने राष्ट्रपति को बांधी राखी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन इस वर्ष दो दिन का माना जा रहा है। वैसे हिंदू पंचांग के मुताबिक हर वर्ष सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को है, लेकिन इस साल 30 अगस्त को पूर्णिमा वाले दिन भद्रा का साया है। ऐसे में 31 अगस्त को दिनभर रांखी बांधी जा सकती है। राखी की खरीद के लिए बुधवार को बाजारों में बहनों की भारी भीड़ रही। वहीं नयी दिल्ली में बुधवार को कोडरमा की एक बच्ची ने राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को राखी बांधी। जबकि नयी दिल्ली में रक्षाबंधन के मौके पर सिंदरी की बिटिया गीतांशी सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। इधर, सीएम हेमंत सोरेन ने पूरे प्रदेश की बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

**सिंदरी में खुशी का माहौल :** सिंदरी कल्पना टॉकीज (शहरपुर) के प्रबंधक वशिष्ठ नारायण सिंह की पौत्री गीतांशी सिंह (6) ने पीएम मोदी को रक्षाबंधन के अवसर पर बुधवार को राखी बांधी। पीएम ने गीतांशी को प्यार से गले भी लगाया, बातें की और आशीर्वाद भी दिया। गीतांशी, वशिष्ठ नारायण के दूसरे पुत्र गुड़गांव में कार्यरत राघवेंद्र की पुत्री है। वह गुड़गांव की एमएम पब्लिक स्कूल के कक्षा दो में पढ़ती है। गीतांशी के पीएम मोदी को राखी बांधने को लेकर सिंदरी के लोगों में खुशी का माहौल है।



बुधवार को पीएम मोदी को राखी बांधती सिंदरी की गीतांशी और रांची के बाजार में राखी खरीदने उमड़ी भीड़।

**आज दिनभर रक्षाबंधन शुभ :** मान्यता है कि यदि श्रावण पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया हो, तो भद्राकाल तक राखी नहीं बांधी जा सकती है। उसके समापन के बाद ही राखी बांधी जाती है। ऐसे में इस साल रक्षाबंधन का पर्व 30 और 31 अगस्त दो दिन मनाया जा रहा है। 30 अगस्त को रात्रि नौ बजकर एक मिनट के बाद से 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाना श्रेष्ठ रहेगा। पंडियों के अनुसार 31 को दिनभर राखी बांधी जायेगी। 30 को भद्रा के कारण राखी बांधने का मुहूर्त दिन में नहीं है।

### सीएम ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ रहें, सुखी रहें और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

## मोदी, राहुल से लेकर योगी-हेमंत पर बरसे ओवैसी

# हमें न दुकानदार चाहिए और न ही चौकीदार, तीसरा विकल्प जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह, रांची।** 05 सितंबर को होनेवाले डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। एनडीए और इंडिया समेत सभी दल अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए चुनाव प्रचार में डटे हुए हैं। इसी क्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने पार्टी प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी के पक्ष में जनसभा की। सभा में ओवैसी ने कहा कि इस देश को न दुकानदार चाहिए और न ही चौकीदार यहां अब तीसरे विकल्प की दरकार है। उन्होंने पीएम मोदी से लेकर यूपी के सीएम योगी, राहुल गांधी से लेकर हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक मुहब्बत की दुकान चला रहे हैं तो दूसरा चौकीदार हैं। कैसी चौकीदारी हो रही है कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है और कैसी मुहब्बत की दुकान चल रही है कि झारखंड के रामगढ़ में शमशाद अंसारी को पीट-पीटकर मार दिया जाता है।

ओवैसी ने कहा कि डुमरी की जनता को एनडीए के साथ-साथ इंडिया उम्मीदवार को भी नकारना चाहिए। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता की आवाज एआईएमआईएम के उम्मीदवार बनेंगे। मॉब लिंचिंग के खिलाफ जब वह आवाज उठाते हैं, तब उसे भड़काऊ कहा जाता है। अगर सच बोलने पर उनपर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगता है तो वह उन्हें स्वीकार है। एनडीए के साथ-साथ इंडिया गठबंधन की पार्टियों के एजेंडे में गरीब, जरूरतमंद के हक और हकूक की आवाज उठाना नहीं है। ओवैसी ने मॉब लिंचिंग के मुद्दे पर राज्य सरकार को निशाने पर लिया। चुनावी सभा में ओवैसी ने कहा कि अल्पसंख्यकों से अन्याय होता है। कहा कि जबतक आप अपने वोट से मजलिस के उम्मीदवार को कामयाब नहीं करेंगे हमें कभी इंसाफ नहीं होगा। (शेष पेज 11 पर)

डुमरी उपचुनाव



### टाटा की अदिति रूस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी



**जमशेदपुर।** वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेट अदिति कुमारी ने फिर से विश्वविद्यालय के साथ पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। अदिति अब रूस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। आरडीसी कैंप के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में अदिति को यह सफलता मिली है। अदिति की उपलब्धि पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं। वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता ने बताया कि यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेट अदिति कुमारी ने विभिन्न कैंप की प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की है और दो बार बेस्ट कैडेट चुनी गयी हैं। एक बार तो गणतंत्र दिवस को कर्तव्य पथ के लिए हुई प्रतियोगिता में बेस्ट कैडेट चुनी गयी थीं। अब दूसरी बार अदिति ने आरडीसी कैंप के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में सफलता प्राप्त किया है। अदिति भारत को रूस में रिप्रेजेंट करेंगी। प्रोग्राम के तहत देश के 10 कैडेट्स का चयन हुआ है। अदिति झारखंड और बिहार से चुनी गयी एकमात्र कैडेट हैं।

## इंडिया की तीसरी बैठक आज से, लालू-ममता समेत मुंबई पहुंचे दिग्गज

# संयोजक और सीट शेयरिंग पर मंथन

एजेंसी

**मुंबइ, नयी दिल्ली।** भाजपा और एनडीए को हटाने के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई में कल से शुरू होनेवाली तीसरी मीटिंग के लिए ममता बनर्जी, लालू यादव समेत अनेक दिग्गज नेता मुंबई में पहुंच गये है। उम्मीद है कि इस मीटिंग में 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देमजर बड़े फैसले हो सकते हैं।

सभी की नजर गुरुवार से होने वाली मीटिंग के फैसलों पर है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी नौ साल बाद गुरुवार को मुंबई पहुचेंगी। पांच सितारा होटल में 31 अगस्त से बैठक शुरू होगी। बैठक में लोगो, सीटों के बंटवारे और आपसी खटास दूर कर एकजुट हो एनडीए को हटाने की रणनीति पर चर्चा की उम्मीद है। पहली बैठक पटना और दूसरी बेंगलुरु में हुई थीं। इस बैठक में वे एक समन्वय समिति तथा गठबंधन के लोगो की घोषणा करेंगे। संयुक्त प्रचार रणनीति तथा अपने सदस्यों के बीच मतभेदों को हल करने पर चर्चा करेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### केवल भगवान ही जानता है कि क्या होगा : अब्दुल्ला

गठबंधन की तीसरी बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा की होगी। इसे लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि फिलहाल ध्यान अगले साल के लोकसभा चुनावों में बहुमत हासिल करने के लिए विपक्षी गुट पर है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने कहा कि चिंता क्यों कर रहे हैं? जो होना है, वह होगा। केवल भगवान ही जानता है कि क्या होगा? हमें बहुमत हासिल करने का प्रयास करना होगा। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजग, जेडीयू समेत कई विपक्षी पार्टियां गठबंधन के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एकजुट तो हुई हैं, लेकिन आज भी कहीं न कहीं मनमुटाव देखने को मिल रहा है। पहली बैठक में केजरीवाल ने नाराजगी दिखायी थी, तो दूसरी बैठक में नीतीश कुमार ही खफा हो गये थे।

# सैप के 721 कर्मियों को हटाने के फैसले पर हाइकोर्ट की रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सैप 1 एवं 2 के 721 कर्मियों को हटाये जाने के राज्य सरकार के 27 अगस्त 2023 के आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने सैप बटालियन में संविदा पर बहाल पूर्व सैनिकों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त करने का निर्णय लिया था। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 5 अक्टूबर निर्धारित की है।

दरअसल, चमरा भेंगरा सहित 721 पूर्व सैनिक जो सैप 1 एवं 2 में वर्ष 2008 के बाद से कार्य कर रहे थे, उनकी सेवा राज्य सरकार ने 31 अगस्त 2023 से समाप्त करने का निर्णय लिया था। सरकार के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज एवं तान्या सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने उनकी सेवा 31 अगस्त 2023 से समाप्त कर दी है जबकि इनकी उम्र सीमा सेवानिवृत्ति के निर्धारित 60 वर्ष से भी कम है। कुछ कर्मियों की उम्र 45 वर्ष भी है लेकिन इन्हें हटा दिया गया। प्रार्थी का कहना है ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड (ईसीएल) ने राज्य सरकार से 1900 से अधिक सैप कर्मियों की सेवा मांगी है। सीसीएल ने भी सुरक्षा को लेकर सैप कर्मियों की सेवा मांगी है। (शेष पेज 11 पर)

# रोवर ने ली लैंडर की पहली तस्वीर

एजेंसी

**बेंगलुरू।** चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान ने लैंडर विक्रम की तस्वीर ली है। इसरो ने इस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा 'स्माइल प्लीज!' इसरो ने बताया कि रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरा ने यह तस्वीर ली है। इस खास कैमरे को लैबोरेट्री फॉर इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम्स द्वारा विकसित किया गया है। इसरो ने बताया कि रोवर प्रज्ञान ने 30 अगस्त को भारतीय समयानुसार सुबह 7.35 बजे यह तस्वीर खींची।

**कई रोचक जानकारी भेजी :** इसरो का चंद्रयान-3 मिशन लगातार चांद से जुड़ी रोचक जानकारियां भेज रहा है। चांद की सतह पर घूम रहे चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान ने दक्षिणी ध्रुव पर सल्फर की मौजूदगी की पुष्टि की है। अंतरिक्ष विज्ञानी टीवी वेंकटेशवरन ने बताया कि रोवर ने चांद पर कुछ विशेष तत्वों की खोज की है। अभी यह चांद की सतह पर और जगह जायेगा और तत्वों की कंपोजिशन और कंसंट्रेशन की जानकारी हासिल करेगा।




**लॉन्चिंग को तैयार भारत का सोलर मिशन :** भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्चिंग के लिए तैयार है। आगामी शनिवार यानी दो सितंबर को इसे लॉन्च किया जायेगा। चार महीने के सफर के दौरान भारत का आदित्य एल1 मिशन 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर लैग्रेंजियन-1 पॉइंट पर पहुंचेगा। जहां से वह सूरज के अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करेगा। आदित्य- एल1 सूरज की सतह पर कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन और प्री फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों को समझने का प्रयास करेगा। सूरज पर आने वाले सौर तूफानों का भी अध्ययन किया जायेगा। आदित्य- एल1 सूरज का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष आधारित लेबोरेट्री होगी। यह पूरी तरह से स्वदेशी मिशन है।

### एशिया कप : भारत-पाक महामुकाबले में इशान को मिल सकता है मौका

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने से पहले बड़ा बयान दिया। उन्होंने बता दिया कि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल इस टूनार्मेंट के शुरुआती दोनों मैचों में नहीं खेलेंगे। इसके साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ 2 सितंबर को होने वाले मैच विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ईशान किशन का खेलना पक्का हो गया है। टीम इंडिया एशिया कप-2023 में अपने अभियान का आगाज चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

**रोहित नहीं चाहेंगे बदलाव :** कप्तान रोहित शर्मा अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं चाहेंगे। दरअसल, ओपनिंग को लेकर तमाम अटकलें लगायी जा रही हैं क्योंकि ईशान किशन भी टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज हैं। अब रोहित अगर ओपनिंग करेंगे तो किशन को नंबर-5 पर उतारा जा सकता है। रोहित के साथ दूसरे ओपनर शुभमन गिल ही लग रहे हैं। भारतीय टीम पेस अटैक की अगुआई धाकड़ जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनके अलावा मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज को पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए टीम में मौका दिया जाना तय लग रहा है।

## सर्ड में शह और मात का खेल | संविदा कर्मियों की दबंगई में पिस रहा संस्थान का कर्मचारी

# एक डायरेक्टर के आदेश को दूसरे डायरेक्टर ने किया रद


- वरीय आइएफएस रहे शशि नंदकुलियार के आदेश को उनके जूनियर रवि रंजन ने कर दिया रद

सुधीर

**रांची।** राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) कभी जमीन बेचने तो कभी पेड़ बेचने और बिल्डिंग निर्माण को लेकर हमेशा चर्चा में रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर इसे चरागाह बना दिया है। यहां हर दिन शह और मात का खेल खेला जाता है।

ऐसा ही एक मामला सर्ड के फाइल से निकलकर बाहर आया है। राज्य के पीसीसीएफ स्तर के वरीय आइएफएस शशि नंदकुलियर के आदेश को उनसे जूनियर आइएफएस अधिकारी रवि रंजन ने रद कर दिया। यह मामला राज्य ग्रामीण विकास संस्थान यानी की सर्ड से जुड़ा हुआ है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है मामला :** सर्ड में कार्यरत नागेंद्र सिंह राज्य ग्रामीण संस्थान की जमीन को बचाने के लिए काफी चर्चित रहे हैं। वैसे तो कई कर्मचारी और अधिकारी राज्य ग्रामीण संस्थान की जमीन को बेचने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। बावजूद नागेंद्र आज भी राज्य ग्रामीण संस्थान की जमीन को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी लड़ाई में वह कुछ संविदा कर्मियों से भिड़ गये। संविदा कर्मियों ने प्रभारी निदेशक रवि रंजन के साथ मिलकर नागेंद्र सिंह से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनका स्थानांतरण ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से जिले से बाहर करवा दिया। इसी बीच सर्ड को नये डायरेक्टर के रूप में शशि नंद कोलियर मिल गये। वह, पीसीसीएफ स्तर के अधिकारी थे और काफी सीनियर थे। विभागीय चूक के कारण उनके नोटिफिकेशन में महानिदेशक की जगह निदेशक लिख दिया गया। शशि नंदकुलियर ने नागेंद्र के स्पष्टीकरण से संतुष्ट होकर उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। उन्होंने नोटशिट में लिखा है कि विभाग के आदेश के आलोक में नागेंद्र सिंह का स्थानांतरण अन्यत्र हो चुका है। श्री सिंह से प्राप्त स्पष्टीकरण के आलोक में इन्हें चेतावनी देते हुए सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है। यह आदेश उन्होंने 26 अप्रैल 2021 को जारी किया। इस आदेश के बाद स्थापना प्रभारी रही मारुति मिंज ने 21 जून को लिखा कि आदेश के आलोक में कार्यालय आदेश अविलंब निर्गत करें, क्योंकि कोरोना महामारी के कारण पूर्व में विलंब हो चुका है। इस आदेश के बाद दो माह तक फाइल को विभाग में दबा दिया गया। दो माह बाद जब निदेशक सेवानिवृत्त हो गये, तब एक बार फिर ग्रामीण विकास विभाग में विशेष सचिव रहे रवि रंजन को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान का प्रभारी बना दिया गया। पावर में आते ही उन्होंने शशि नंदकुलियर के आदेश को रद कर 28 अगस्त 21 को बिना कोई स्थापना प्रभारी के फाइल बढ़ाये फाइल पर लिखा कि नागेंद्र सिंह को स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए इनका स्थानांतरण अन्यत्र करने का अनुरोध किया गया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए उनका स्थानांतरण कर दिया गया था। पुनः बिना किसी आधार के इन्हें दोषमुक्त करने का आदेश दिया गया है, जो विधि युक्त नहीं है। अतः उपयुक्त तत्कालीन निदेशक के आदेश को रद किया जाता है।



### क्या कहते हैं अधिकारी

मैं अभी सर्ड में नहीं हूं। पूर्व के आदेश पर बिना देखे कुछ कह नहीं सकता? उस वक्त की परिस्थितियां जो रही होगी, उसी के आधार पर मैने पूर्व के निदेशक के आदेश को रद किया होगा। - **रवि रंजन, तत्कालीन निदेशक, सर्ड।**

# ओवैसी की सभा में लगे पाकिस्तानी नारे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी के केबी हाई स्कूल मैदान में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे। सभा में मौजूद भीड़ में से एक युवक ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। मंच से भाषण दे रहे असदुद्दीन ओवैसी ने उसे डांटा। पता लगाया जा रहा है कि सभा के दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा किसने लगाया था। यह वीडियो वायरल हो गया है। डुमरी प्रशासन भी इस वीडियो की जांच करने में जुटी है।

### बोकारो की सभा में ओवैसी पर बरसे बन्ना



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता डुमरी उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार करने बोकारो के चंद्रपुरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चंद्रपुरा प्रखंड के तारानारी गांव में नुक्कड़ सभा कर दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को जीत दिलाने की लोगों से अपील की। इस दौरान उन्होंने भाजपा और असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला बोला। मंत्री बन्ना गुप्ता ने ओवैसी की को एनडीए की बी टीम करार दिया। उन्होंने कहा कि ओवैसी आते हैं और लोगों को गुमराह करके चले जाते हैं।

## डुमरी विस उपचुनाव : नवाडीह प्रखंड की अलग-अलग पंचायतों में जनसभा

# झामुमो विकास के मुद्दे पर नहीं, झूठ और आतंक के जोर पर लड़ रहा चुनाव : सुदेश

**आजसू प्रमुख बोले- झामुमो के पॉलिटिकल डिक्शनरी में विकास शब्द है ही नहीं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डुमरी विस क्षेत्र में प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते सुदेश महतो।

**रांची/डुमरी।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा विकास के मुद्दे पर नहीं, झूठ और आतंक के जोर पर डुमरी उपचुनाव लड़ रहा है। झामुमो के पॉलिटिकल डिक्शनरी में विकास शब्द है ही नहीं। नवाडीह प्रखंड की अलग-अलग पंचायतों में जनसभा कर उन्होंने जोर देकर कहा कि डुमरी की जनता ने एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को जिताने का फैसला ले लिया है। झामुमो और उसके सहयोगी दल चाहे जितना जोर लगा लें यहां उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। डुमरी उप चुनाव का फैसला 2024 के चुनावों में हेमंत सोरेन की हार के लिए निर्णायक साबित होगा।

बिरनी में उन्होंने कहा कि अपनी पहली चुनावी जनसभा में हमने कहा था कि सभी पंचायतों में जाऊंगा। यह चुनावी अभियान यहां की जनता जनार्दन को सुनने समझने और फिर अपनी कहने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है। जनता से मेरी इसी सीधी जुड़ाव को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आतंक मचाने और गुंडागर्दी का सहारा लिया है। दरअसल यही उनका चरित्र रहा है। जबकि एनडीए अपने कार्यकताओं और जनता के विश्वास पर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो के सहयोगी दलों की जुबान पर सिर्फ और सिर्फ 'सुदेश महतो' है। इसलिए कि सुदेश महतो विकास की बुनियाद पर राजनीति करता है और झारखंडी विचारों, विषयों, जनभावनाओं के साथ चलता है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के हाथों में सत्ता की बागडोर है। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक जीवन में झूठ बोलने और प्रोपेगेंडा फैलाने में महारत हासिल कर ली है। झूठ का जाल बिछाकर और लोगों को गुमराह कर उन्होंने 2019 का चुनाव जीता था। और लगातार जनादेश का अपमान कर रहे हैं। हेमंत सरकार राज्य के किसी एक गांव का नाम बता दें, जिसका कायापलट किया है।

आजसू प्रमुख ने नवाडीह प्रखंड के चपरी, गुंजरडीह, खरपीटो, पोटसो, सुरही, सहरिया, भेंडरा और बाराडीह में भी सभा कर जनता से भय, भूख और भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने वाली सरकार के खिलाफ वोट करने और डुमरी को बदलाव का वाहक बनाने की अपील की।

# डुमरी विस उपचुनाव: राजद ने फूंका प्रचार बिगुल, जदयू का मिला साथ

**महागठबंधन के समर्थन में राजद ने किया प्रचार, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई नेताओं ने संभाला मोर्चा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महागठबंधन के समर्थित पार्टी राजद डुमरी विधानसभा चुनाव के दंगल में इंडिया समर्थित उम्मीदवार बेबी देवी की जीत तय करने को लेकर राजनीतिक दलों ने एड़ी-चोटी एक कर दिया है। गठबंधन के घटक दल राजद कोटे से एकमात्र विधायक और मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत पार्टी के कई नेता प्रचार की कमान संभाल चुके हैं। झारखंड राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि डुमरी विस उपचुनाव के लिए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बनाई गई राजद कमिटी ने डुमरी में प्रचार का कमान संभाल लिया है।



**महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत के लिए झोंकी ताकत :** बेबी देवी की जीत के लिए मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गोड्डा के पूर्व विधायक और राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, शिवनाथ यादव, युवा के प्रदेश सचिव अरशद अंसारी सहित कई नेता डुमरी में कैंप कर रहे हैं। उप चुनाव को लेकर बुधवार को कई अलग-अलग पंचायत एवं गावों में जनसभा एवं नुक्कड़ सभा को सत्यानंद भोक्ता ने संबोधित किया। कहा कि झारखंड सरकार और स्वर्गीय जगन्नाथ महतो द्वारा किए गए कार्य को देखकर बेबी देवी को वोट दें। प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि देश और राज्य की जो हालत है, उसे देखते हुए राज्य के विकास के लिए बेबी देवी को भारी मतों से विजयी बनाएं।

युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि डुमरी विधानसभा के टाइगर स्वर्गीय जगन्नाथ महतो को यहां की जनता से लगाव था। उनका काम अधूरा है। अधूरे काम को पूरा करने के लिए बेबी देवी की जीत सुनिश्चित करें। महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां जो उपचुनाव हो रहा है, जगन्नाथ महतो क असमय मृत्यु होने के कारण हो रहा है। महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार को अपना बहुमूल्य वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें।

## खबर एक नजर में

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में दीपक प्रकाश को मिली जिम्मेदारी



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से वहां के 8 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिले के 8 विधानसभा क्षेत्रों में वे दो महीने के प्रवास पर रहेंगे। दीपक प्रकाश को वहां पार्टी को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के बीच बेहतर संवाद और तालमेल स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### इंडिया प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे खीरू महतो

**रांची।** झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो समेत पार्टी के अन्य नेता शुक्रवार से डुमरी विधानसभा क्षेत्र में इंडिया की प्रत्याशी और राज्य सरकार में मंत्री बेबी देवी के समर्थन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि शुक्रवार को खीरू महतो डुमरी विधानसभा क्षेत्र में प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आफताब जमिल, प्रदेश महासचिव उपेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, प्रदेश सचिव बैद्यनाथ पासवान समेत बोकारो, गिरिडीह और धनबाद जिला के अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में इंडिया प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन के लिए झामुमो द्वारा पार्टी को पत्र भेज कर आग्रह किया गया है। उसी के आलोक में पार्टी प्रेस वार्ता करेगी।

### एसीबी में 12 इंस्पेक्टर किये गये पदस्थापित

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में 12 इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी पदस्थापित किए गए हैं। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा बुधवार की देर शाम जारी कर दी गई। जिन इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का एसीबी में तबादला किया गया है, उनमें कामेश्वर प्रसाद चौधरी, सुशील प्रसाद, विक्रम प्रताप सिंह, रूपेश कुमार सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, रोहित कुमार सिंह, बसंत कुमार, मनोज कुमार, विजय रंजन कुमार, कल्याण विरुली, अजय कुमार साहू और श्रीनिवास कुमार शामिल हैं।

### वीरेंद्र राम की जमानत अर्जी पर 16 को सुनवाई

**रांची।** मनी लॉउन्ड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। बुधवार को अर्जी पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी लेकिन सुनवाई के दौरान समय की मांग की गई। इस पर ईडी कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 16 सितंबर निर्धारित की है। इसी मामले में जेल में बंद आरोपी हरिश यादव की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली तारीख दो सितंबर निर्धारित की है। जमानत की गुहार लगाते हुए वीरेंद्र राम ने 10 अगस्त को अर्जी दाखिल की है।

### रामगढ़ के तत्कालीन डीटीओ सौरभ प्रसाद के प्रमोशन पर लगी रोक, आदेश जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने आरोपों की वजह से तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ सौरभ प्रसाद की प्रोन्नति पर रोक लगा दी है। जब तक उनके उपर लगे आरापों की जांच पूरी न हो जाये तब तक प्रमोशन उन्हें नहीं दिया जायेगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। मालूम हो कि उनके उपर डीटीओ रामगढ़ के पद पर रहते हुए गंभीर आरोप लगे थे, जिसके बाद राज्य सरकार विभागीय कार्यवाही चला रही है। इसी बीच सदस्य राजस्व पर्षद की अध्यक्षता में विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में प्रोन्नति के योग्य माना गया था और 2 फरवरी 2023 को एक अधिसूचना जारी कर 64 झारखंड प्रशासनिक सेवा से एसडीओ स्तर के पदाधिकारियों को अपर समाहर्ता रैंक में प्रमोशन दिया गया। इनके मामले पर भी विचार हुआ था लेकिन नियमों के अनुसार जब तक किसी पर आरोप पर जांच पूरी न हो जाये तब तक प्रोन्नति नहीं दिया जा सकता है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने डुमरी उपचुनाव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

# झामुमो बौखलाहट में मचा रहा उत्पात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/डुमरी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि गठबंधन सरकार लुटेरों, दलालों को संरक्षण दे रही है। श्री मुंडा बुधवार को डुमरी उपचुनाव में ससारखो मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में झारखंड की जनता के लिए कुछ भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य में केवल लूट मची है। इस राज्य को अभी दलाल, बिचौलिए चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि खान, खनिज, लोहा, कोयला, बालू, पत्थर के साथ गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। उन्होंने कहा इससे साबित ही चुका है कि मुख्यमंत्री लुटेरों के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार बनती है तो विकास होता है। कांग्रेस-झामुमो राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार और लूट मचती है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई की सरकार ने अलग राज्य बनाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों में सड़कें पहुंचाई। आदिवासी मंत्रालय बनाया, संथाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब किसान, मजदूर, महिला सभी के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों को सम्मान मोदी सरकार ने दिया। पहली बार आजाद भारत में आठ आदिवासी मंत्री बने। बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस घोषित हुआ और आदिवासी महिला, संथाल समाज की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया।

उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में 200 रूपये की कमी करके मोदी सरकार ने देश की बहनों को रक्षा बंधन का बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर हेमंत सरकार ने गरीबों के अनाज भी लुटवा दिये। प्रति वर्ष 5 लाख युवाओं की नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता सब झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता झामुमो कांग्रेस और राजद के इस ठगबंधन को समझ चुकी है। इसलिए यह ठगबंधन अब बौखलाहट में उत्पात मचा रहा। बौखलाहट में डुमरी के मत दाताओं को डराया धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का काम है शांतिपूर्ण मतदान कराना। पदाधिकारी पक्षपात करते पाये जायेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

कार्यक्रम में सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, लक्ष्मण सिंह, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, प्रवक्ता सरोज सिंह, सुरेश साव, नागेंद्र महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# झारखंड में पहला सीआइडी थाना स्थापित, ब्रह्मदेव बने पहले थानेदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में अपराध अनुसंधान विभाग यानी सीआइडी का पहला थाना खुल गया है। बुधवार को सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता के द्वारा सीआइडी थाने का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। सीआइडी थाने के पहले थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रशदेव प्रसाद को बनाया गया है।

**राज्य भर के मामले होंगे दर्ज :** झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद आखिरकार झारखंड सीआईडी का पहला थाना रांची में खोल दिया गया है। 1994 बैच के इंस्पेक्टर ब्रशदेव प्रसाद को सीआइडी थाने का पहला प्रभारी बनाया गया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा साल 2016 में ही सीआइडी थाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई थी, लेकिन कुछ वजहों से लगातार इसके निर्माण में देरी हो रही थी।

अनुराग गुप्ता के सीआइडी डीजी बनने के बाद थाने के निर्माण को लेकर आवश्यक कार्रवाई को जल्द से जल्द पूरा किया गया, जिसके कारण सीआइडी का पहला थाना खोलने में कामयाबी मिली। रांची के डोरंडा स्थित राजा रानी कोठी में सीआइडी थाने की स्थापना की गई है।

### राज्यस्तरीय थाने का दर्जा

झारखंड को राज्य का पहला और इकलौता सीआईडी थाना मिला चुका है, यह थाना अपराध अनुसंधान विभाग थाना के नाम से जाना जायेगा। इसे राज्यस्तरीय थाने का दर्जा भी प्रदान किया गया है।

## बिना किसी सक्षम अदालत के आदेश के अचल संपत्ति जब्त नहीं की जा सकती : हाइकोर्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि पुलिस किसी सक्षम अदालत के आदेश के बिना आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 102 के तहत अचल संपत्ति जब्त नहीं कर सकती है। यह मामला डीलर पंजीकरण की आड़ में अवैध कोयला व्यापार में शामिल होने से जुड़ा है। जिसमें याचिकाकर्ता पर यह आरोप लगाया गया था कि उसने फैक्ट्री प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संचालन की सहमति सहित आवश्यक परमिट का अनुपालन किए बिना फैक्ट्री संचालित की।

याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की मांग करते हुए कोर्ट में अपील की थी। प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की। उनकी ओर से अदालत में यह तर्क दिया गया कि उनकी फैक्ट्री का कई बार सक्षम अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था। वहीं अदालत ने भी पाया कि याचिकाकर्ता ने कारखाना के वैध संचालन के लिए पर्याप्त दस्तावेज उपलब्ध कराए थे, जिसमें लाइसेंस, संचालन की सहमति और कोयला प्रसंस्करण और परिवहन से संबंधित दस्तावेज शामिल थे।

## छठी जेपीएससी मामला : आयोग ने हाइकोर्ट को बताया

# सामान्य श्रेणी में रखे गये आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट को वापस आरक्षित श्रेणी में लाने का नहीं है नियम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छठी जेपीएससी में रिजर्व कैटेगरी के सफल कैंडिडेट के मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किए जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो एवं कुमार अविनाश की अपील याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में जेपीएससी के द्वारा कोर्ट को बताया गया कि मेरिट के आधार पर अनरिजर्व कैटेगरी में रखे गए रिजर्व कैटेगरी के कैंडिडेट को वापस रिजर्व कैटेगरी में लाकर उनका कैडर आवंटन करने का झारखंड में रूल नहीं है।

अगर आरक्षित श्रेणी के सामान्य श्रेणी में लाए गए कैंडिडेट को वापस आरक्षित श्रेणी में लाकर उनका आवंटित किया जाता है तो रिजर्व कैटेगरी के 40 सफल अभ्यर्थियों की नौकरी चली जाएगी। वहीं प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आगे के कुछ आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि वे रिजर्व कैटेगरी से है, लेकिन मेरिट के आधार पर वे अनरिजर्व कैटेगरी में माने गए हैं, उनका कैडर आवंटन उनके रिजर्व कैटेगरी में ही होना चाहिए। मामले में जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की। वहीं प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की। जबकि राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में बहस के लिए अंतिम अगली तिथि 16 सितंबर निर्धारित की है।

दरअसल, यह मामला छठी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है। जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट अपने योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाए थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था। जबकि प्रार्थी का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कैटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किए जाने को सही ठहराया था। वहीं प्रार्थी का कहना था कि उनका कैडर आवंटन उन्हीं की रिजर्व कैटेगरी में होना चाहिए।

## झारखंड पुलिस अकादमी में आयोजित परीक्षा में 102 सहायक लोक अभियोजक पास

**रांची।** झारखंड पुलिस अकादमी में आयोजित हुई परीक्षा में 102 सहायक लोक अभियोजक पास हुए। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस अकादमी में 21 जून से लेकर 22 जून तक 102 एपीपी का प्रशिक्षण के बाद परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सभी एपीपी पास हो गए। इसे लेकर आईजी ट्रेनिंग मनोज कौशिक ने झारखंड पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिया है कि इस परीक्षाफल को अपने स्तर से सभी एपीपी से संबंधित नियंत्रित अधिकारी को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्देश ये भी दिया कि परीक्षाफल में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर तुरंत अवगत कराया जाए, ताकि परीक्षा फल को सही कर फिर से प्रकाशित किया जा सके। झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में एपीपी का प्रशिक्षण 17 मई से प्रारंभ हुआ था, जो 23 जून को समाप्त हुआ।

# झारखंड पुलिस के 11 सार्जेंट मेजर और सार्जेंट का ट्रांसफर

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 11 सार्जेंट मेजर और सार्जेंट का तबादला किया है। इनमें चार सार्जेंट मेजर और सात सार्जेंट शामिल हैं।

डीआईजी कार्मिक ने आज बुधवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है।

**सार्जेंट मेजर का कहां हुआ तबादला**

| | |
|---|---|
| सार्जेंट मेजर अजीत कुमार झा : | झारखंड जगुआर |
| सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार: | गुमला जिला बल |
| सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार: | बोकारो जिला बल |
| सार्जेंट मेजर जोय प्रभाकर लकड़ा: | बोकारो जिला बल |

**इन सार्जेंट का यहां हुआ ट्रांसफर**

| | |
|---|---|
| सार्जेंट दीपक कुमार : | गुमला जिला बल |
| सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी : | पलामू जिला बल |
| सार्जेंट मेरी खलखो : | पलामू जिला बल |
| सार्जेंट पंकज कुमार भारती : | गढ़वा जिला बल |
| सार्जेंट रविंद्र कुमार यादव : | बोकारो जिला बल |
| सार्जेंट आकाशदीप : | बोकारो जिला बल |
| सार्जेंट दीना हांसदा : | बोकारो जिला बल |
| सार्जेंट सुरेन मुर्मू : | बोकारो जिला बल |
| सार्जेंट पीयूष कुमार : | गिरिडीह जिला बल |
| सार्जेंट मुकेश कुमार : | लोहरदगा जिला बल |

# डुमरी उपचुनाव में ट्रैजडी की पिच पर ड्रामे की हो रही बल्लेबाजी, प्रमुख प्रत्याशियों ने बनाया पति को हथियार!

**डुमरी उपचुनाव : इमोशन, ट्रैजडी और ड्रामे का तड़का**

**कुबेर सिंह**

**रांची।** मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल महज डेढ़ साल ही शेष है। फिर भी सत्ता और विपक्ष किसी हाल में भी इस सीट पर काबिज होना चाहता है। इससे पहले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए ने यूपीए (अब इंडिया) की जीत का सिलसिला तोड़ा था। इसकी वजह बीजेपी और आजसू की गठबंधन को माना गया। डुमरी विधानसभा के उपचुनाव हाल में रामगढ़ में उपचुनाव जैसे हैं। लेकिन एक बात रामगढ़ से अलग है और वो है डुमरी का इमोशन, ट्रैजिडी और ड्रामा। चुनाव प्रचार में जिस तरीके से एनडीए और आइएनडीए डुमरी में आमने-सामने हैं, उससे लगता ही नहीं है कि वहां विकास के नाम पर पब्लिक से वोट मांगा जा रहा है। फैक्टर, इमोशन, ट्रैजिडी और ड्रामा ही है। दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों के द्वारा सहानुभूति वोट के आसरे पर हैं, जबकि एआइआइएम के औवेसी ने डुमरी चुनाव प्रचार में तड़का लगा दिया है। इधर, प्रमुख पार्टियों की ओर से डुमरी के ट्रैजडी के पिच पर बल्लेबाजी का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की जा रही है।

### श्रद्धांजलि और संघर्ष का इमोशन

जिस दिन से पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो का निधन हुआ है, उसी दिन से इमोशन फैक्टर डुमरी में काम कर रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में जब स्व. जगरनाथ महतो आजसू की कैंडिडेट यशोदा देवी के सामने थे, उस वक्त इमोशन फैक्टर इस तरीके से काम नहीं कर रहा था। आजसू एंटी इनकंबेंसी और जातीय समीकरण पर स्व. जगरनाथ महतो को घेरने का काम कर रहा था, लेकिन इस बार जब जेएमएम ने स्व. जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी पत्नी बेबी देवी को उम्मीदवार बनाया तो एक इमोशनल और श्रद्धांजलि का माहौल खुद-ब-खुद तैयार हो गया है। डुमरी के हर वोटर तक इमोशनल फैक्ट को पहुंचाया जा रहा है। स्व जगन्नाथ महतो के अधूरे सपने की बात बता रहे हैं। बेबी देवी के भाषणों में भी स्व. जगरनाथ महतो की ही बात होती है। उनके पुत्र राजू महतो भी फिलहाल इसी फैक्ट पर वोटरों के पास जा रहे हैं। सोशल मीडिया में भी जेएमएम की तरफ से ऐसा ही किया जा रहा है। ऐसा होता देख अब आजूस भी इमोशनल बैकग्राउंड तैयार करने में जुट गया है। आजसू की तरफ से भाषणों में यशोदा देवी के पति स्व. दामोदर महतो के संघर्ष और बलिदान की बात हो रही है। डुमरी के लोगों से स्व. दामोदर महतो को श्रद्धांजलि देने की बात हो रही है। आजसू की तरफ से इस बात को परोसा जा रहा है कि बीस साल जेएमएम को मौका मिला लेकिन इस बार स्व. दामोदर महतो की बलिदान को मौका दिया जाये।

**यशोदा देवी के बेटे प्रदीप महतो की बीमारी की ट्रैजडी :** कुड़माली भाषा से पीजी करने वाले पढ़े-लिखे प्रदीप महतो इस चुनाव में काफी सक्रिय हैं। उनकी सक्रियता के अलावा उनकी बीमारी भी चर्चा का विषय है। उनकी बीमारी (कैंसर थर्ड स्टेज) इमोशनल टच वाली फीलिंग खुद-ब-खुद पैदा कर रही है। जिसे एक ट्रैजिडी की तरह देखा जा रहा है। उनका इलाज वैल्लोर से हो रहा है। आजसू और बीजेपी के दिग्गज नेता प्रदीप महतो को चुनावी स्टेजों पर खुब मौका दे रहे हैं। इसके अलावा प्रदीप वक्ता भी अच्छे हैं। जिसका फायदा आजसू उठा रहा है। ऐसा भी देखा जा रहा है कि जब वो माइक पर वोटरों से वोट की अपील कर रहे होते हैं, तो उनके बगल में खड़ी उनकी मां यशोदा देवी फूट-फूट कर रोती दिखाई देती हैं।

**राजनेताओं के भ्रष्टाचार का ड्रामा :** सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों की तरफ से उपचुनाव में पूरी ताकत झोंक दी जा चुकी है। जिस तरह का प्रयास दोनों गठबंधनों की तरफ से दिख रहा है, उसे देखते हुए जानकार बता रहे हैं कि नतीजा काफी टक्कर का होने जा रहा है। सत्ता की तरफ से चुनाव की कमान खुद सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन संभाल रहे हैं। वहीं गठबंधन की तरफ से तमाम बड़े से लेकर छोटे चेहरों को क्षेत्र में भ्रमण करते देखा जा रहा है। लेकिन दोनों की तरफ से डुमरी के विकास के बारे बातें कम हो रही हैं। दोनों बस भ्रष्टाचार का राग अलाप रहे हैं। विपक्ष अबुआ सरकार में हुए भ्रष्टाचारों की फेहरिस्त लेकर घूम रहा है, तो सत्ता इन आरोपों को षड्यंत्र बताने का काम कर रहा है। पूरा सीन एक ड्रामे की तरह है।

# ड्रिंक एवं ड्राइव के मामलों में तत्काल लाइसेंस सस्पेंड, एफआइआर भी करें : डीसी

घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मिलेगा 2 हजार रुपये का पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा, ब्लैक स्पॉट्स पर किए गए सुधारात्मक कार्य, हिट एंड रन मामले, स्कूली बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान, साथ ही सड़क सुरक्षा को देखते हुए एहतियातन उठाये जाने वाले कदमों पर विमर्श किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जुलाई माह में हुई कुल 24 सड़क दुर्घटनाओं जिनमें 13 लोगों की मृत्यु तथा 19 लोग घायल हुए, इन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, हेलमेट का प्रयोग नहीं करना, ओवरलोडिंग, साइकिल चालकों और पैदल चलने वालों का ध्यान न देना प्रमुख कारण हैं। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं ट्रैफिक डीएसपी को निर्देश दिया की जितने भी दोपहिया वाहन चालक हैं वे हेल्मेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें इसे सुनिश्चित करें। साथ ही चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगायें, यातायात नियमों का पालन करें इसकी जांच का निदेश दिया गया ।



डीसी के निर्देश को ध्यान से सुनते डीटीओ व अन्य पदाधिकारी।

**जुलाई में 432 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड, जुमार्ना भी वसूला गया**

जुलाई माह में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 432 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई वहीं यातायात पुलिस द्वारा 40 लाख 37 हजार रूपए जुमार्ना वसूला गया। हिट एंड रन के कुल 39 मामलों में 22 लोगों को मुआवजा दिया गया है तथा 17 मामले प्रक्रियाधान हैं। एनएच/एसएच किनारे अवस्थित होटल, ढाबा पर अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध छापामारी के तहत कुल 02 लोगों को जेल भेजा गया है। उपायुक्त ने कहा कि ट्रिपल राइड करने वालों को हतोत्साहित किया जाए। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से इसका विशेष ध्यान रखने की अपील किया कि नाबालिग बच्चे वाहन नहीं चलायें। स्कूलों में छुट्टी के वक्त जांच का निदेश सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम को दिया गया। सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूलों में जागरुकता अभियान चलाने का निदेश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। भारी वाहन जैसे कंटेनर, ट्रक, बस में आगे-पीछे नाइट रिफ्लेक्टर, रेडियम का उपयोग किये जाने, वाहन चलाते समय या सड़क पार करते समय मोबाइल के प्रयोग पर अंकुश लगाने का निदेश दिया गया। ड्रिंक एवं ड्राइव के मामलों में तत्काल लाइसेंस संस्पेड करने एवं प्राथमिकी दर्ज कराने का निदेश दिया गया। स्कूल बसों एवं वैन के खिड़कियों में जाली लगाने तथा स्कूल बस या वैन में उपलब्ध सीटों के अनुसार ही बच्चे सवारी करें इसे लेकर सभी विद्यालय प्रबंधन को सख्त निर्देश दिया गया है। निर्धारित सुरक्षा मानदंडों का पालन सभी विद्यालयों द्वारा किया जा रहा है या नहीं इसकी नियमित जांच करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। मानगो बस स्टैंड के बाहर बसें अवैध रूप से पार्क नहीं हो तथा बस स्टैंड के बाहर सवारी नहीं बैठायें इसे सुनिश्चित करने का निदेश बस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को दिया गया। कालीमाटी से स्टेशन रोड में अवैध कार वॉशिंग सेंटरों की जांच करने, हाईवे एवं शहर के अंदर सड़कों पर अवैध पार्किंग के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### प्रकाश और लक्ष्मी को मिला 2-2 हजार रुपये का चेक

सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय रहते अस्पताल पहुंचाने पर गुड समारिटन को प्रोत्साहन राशि देने की योजना है। इसी क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा गुड समारिटन प्रकाश दास एवं लक्ष्मी प्रसाद को 2-2 हजार रूपए का चेक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। बैठक में एसएसपी,डीडीसी, एसडीएम धालभूम, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसडीएम घाटशिला, डीटीओ, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, एनएचएआई के प्रतिनिधि, टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि, बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।



## स्पीड न्यूज

### डेंगू पीड़िता वृद्ध महिला की कार्डियक अरेस्ट से मौत

**जमशेदपुर।** आजाद नगर मानगो की निवासी ताहरा परवीन, उम्र 63 वर्ष को ठंड, दस्त, उल्टी और कमजोरी के साथ बुखार के लक्षण के साथ 25 अगस्त को टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें उच्च रक्तचाप, मधुमेह मेलिटस, क्रोनिक किडनी रोग और हाइपोथायरायडिज्म थी। शुरूआत में उनका इलाज वार्ड में किया गया और बाद में सांस लेने में तकलीफ को देखते हुए आगे के प्रबंधन के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट में स्थानांतरित कर दिया गया और इंटुबैशण करना पड़ा और वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। जांच में वे डेंगू पॉजिटिव पाई गईं। 30 सितंबर को उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### राखी के अवसर पर टाटा मोटर्स में आज ब्लॉक क्लोजर

**जमशेदपुर।** रक्षाबंधन के दिन गुरुवार को टाटा मोटर्स का जमशेदपुर प्लांट बंद रहेगा रक्षाबंधन के अवसर पर या ब्लॉक क्लोजर लिया गया है। इसके तहत कर्मचारियों को आधा दिन का वेतन मिलेगा। कर्मचारियों को हर हाल में 50 फीसदी ही पैसे मिलेंगे। कंपनी का स्थाई कर्मचारियों के अलावा अस्थाई कर्मचारियों के लिए अलग-अलग सर्कुलर जारी किया गया है। अफसर से भी कहा गया है कि इस दौरान कम बंद रहेगा लेकिन अगर किसी को कम पर विशेष परिस्थितियों में बुलाया जाएगा तुमको बदले में छुट्टी दी जाएगी।

### तार खींचने पोल पर चढ़ा मजदूर गिरा, गंभीर

**जमशेदपुर।** मानगो के संकोसाई रोड नंबर-1 का रहने वाला जियो कर्मी गुलशन खंभे पर तार लगाने के दौरान गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे गंभीरावस्था में टीएमएच में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने टीएमएच हंगामा भी किया। उनकी मांग थी कि गुलशन को कंपनी मुआवजा दे गुलशन के परिवार में उसकी मां के अलावा कोई नहीं है। परिवार के लोगों करना है कि गुलशन को इंटरनेट का तार खींचने के दौरान सेफ्टी का कोई सामान नहीं दिया गया था।

### टीएसयूआइएसएल के बैचिंग प्लांट में छज्जा गिरा, मजदूर की मौत

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यू आईल की बर्मा माइंस स्थित बैचिंग प्लांट में चल रहे निर्माण कार्य का छज्जा किए जाने से एक ठेका कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक 42 वर्षीय राजकुमार रजक सीतारामडेरा क्षेत्र के रहने वाले थे। वह रूद्र कंस्ट्रक्शन के कर्मचारी हैं। निर्माण कार्य जब चल रहा था इसी बीच अचानक से बनाया गया छज्जा गिर गया जिसमें दबकर उक्त कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### करणडीह मिडिल स्कूल के शिक्षक शिवाजी सिंह सेवानिवृत्त, विदाई



**जमशेदपुर।** मध्य विद्यालय करनडीह के शिक्षक शिवाजी सिंह के सेवानिवृत्त होने पर धूमधाम से विदाई समारोह आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर विदाई गीतों पर शिक्षक को विदाई दी गई । इस कार्यक्रम का संचालन बृजेश कुमार राय ने किया तथा इसकी अध्यक्षता मध्य विद्यालय करनडीह के प्रधानाध्यापक ने किया। इस कार्यक्रम में संकुल साधन सेबी संजय कुमार ने कहा कि सेवानिवृत सरकारी परंपरा है एक न एक दिन सभी को सेवानिवृत्ति होना लेकिन बच्चों के शिक्षा में तालीम कर जाएंगे तो बच्चे हमेशा मरते दम तक याद रखेंग। इस अवसर पर संकुल के विभिन्न विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका रूफीना मिंज, शिव हांसदा, अर्चना श्रीवास्तव, दिव्या जगरानी लकड़ा, राकेश कुमार ओझा, संजय कुमार, नैंसी सोए, बृजेश कुमार राय, एम बसंती, मुकेश कुमार कश्यप, रीता बानरा, नवीन सोरेन, मालती हेंब्रम, मीनाक्षी मुर्मू, मनोज कुमार सिंह, शोभा कुजूर, ममता मंजूषा हीरो, बृज कुमारी, अंजलि गगराई ,समीर टोपनो, लुसी जयंती तिर्की, अलका भैगरा, सुजाता, प्रताप सोरेन, मोचीराम, निवास चंद्र पांडे, आदि शिक्षक शिक्षिकाओं एवं क्लर्क उपस्थित थे।

### सबुज बांगला ने बच्चों में बांटी राखी और मिठाई



जमशेदपुर। सबुज बांग्ला ट्रस्ट द्वारा अदितपुर मंदिर समिप गरीब बच्चों में रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों में राखी, मेहंदी तथा मिठाई का बितरन किया गया। इस कार्य में मुख्य रूप से सबुज बांग्ला के प्रमुख सदस्य सुमित्रा पांडा तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष मौसमी के नेतृत्व में किया गया। इसके अलावा संस्था के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

# अब कम आय वालों के बच्चे भी सीख सकेंगे तैराकी

## विधायक निधि से टाउन हॉल परिसर में स्वीमिंग पुल का हुआ उद्घाटन, इंडोर गेम कैंपस में विकसित कर रहे विधायक सरयू राय

›› 5 सितंबर से तैराकी सीखने के इच्छुक बच्चो करवा सकेंगे पंजीकरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सावन महीने के अंतिम दिन सिदगोड़ा, टाऊन हॉल परिसर में अपने विधायक निधि से निर्मित स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह स्वीमिंग पूल यहां के नागरिकों को समर्पित है। 12 वर्ष उम्र तक के बच्चे यहां अत्यंत न्यूनतम शुल्क देकर तैराकी सीखेंगे और जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लें सकेंगे।

इसके लिए अभिभावकों को यहां अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। यहां तैराकी सीखने आने वाले बच्चों के लिए क्लॉथ चैंजिंग रूम तथा कपड़े रखने का दराज भी बनाया गया है। स्वीमिंग पूल को बेहतर ढंग से संचालित करने और रखरखाव में जो भी लागत आएगा बच्चों से सिर्फ वही फीस के रूप में लिया जाएगा। राय ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 सितंबर से स्वीमिंग पूल के लिए रेजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होगा जो 15 सितंबर तक चलेगा। 16 सितंबर से तैराकी सिखाने का बैच प्रारम्भ कर दिया जाएगा। स्वीमिंग पूल के लिए बची हुई अन्य तैयारियां भी कर ली जाएंगी। यहां पानी को प्रतिदिन बदला जाएगा और पानी को साफ और स्वच्छ रखा जाएगा। अनुभवी कोच के द्वारा यहां तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह स्वीमिंग पूल पहला ऐसा पूल होगा जिसे सरकारी संस्थान द्वारा संचालित किया जाएगा। अब तक यहां के नागरिक इसके लिए सिर्फ टाटा स्टील द्वारा संचालित स्विमिंग पूल पर ही आश्रित थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यहां एक बड़ा स्वीमिंग पूल बनाने का भी प्रस्ताव उन्होंने दिया है। अंतराष्ट्रीय मानक के अनुरूप हाल्फ ऑलंपिक साईज का स्वीमिंग पूल का निर्माण किया जाएगा। बहुत जल्द इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने की उम्मीद है। झारखंड सरकार का पर्यटन एवं खेल कूद विभाग इसके लिए फंड मुहैया करवाएगा। विधायक राय ने कहा कि टाऊन हॉल से लेकर सूर्य मंदिर यह पूरी तरह से राज्य सरकार की संपत्ति है। राज्य सरकार ने इसे अपने कब्जे में लिया है तथा परिसर का जिम्मा जिला के उपायुक्त को दिया है, जिसे जमशेदपुर अक्षेस इसका पूरा प्रबंधन कर रहा है। इसका बेहतर विकास किया जाएगा, जो भी परेशानी आएगी उसका समाधान निकाला जाएगा। अभी इस मामले मे हम टाटा स्टील के भरोसे हैं लेकिन सूर्य मंदिर परिसर का प्रबंधन और संचालन सरकार करेगी। इसकी सफलाता के लिए जनसहयोग की भी आवश्यकता है।



स्वीमिंग सीखने वाले बच्चों को दुलारते विधायक सरयू राय।

**बन रहा बास्केटबॉल कोर्ट, बड़े कमरों में बनेंगी इंडोर गेम की संरचनाएं**

राय ने कहा कि शंख मैदान के बगल में एक कबड्डी कोर्ट और एक वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। टाऊन हॉल के बगल में बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है जहां नौजवान और लड़कियां अभ्यास कर सकेंगे। टाऊन हॉल के नीचे 2 बड़े बड़े कमरे हैं इन कमरों में टेबल टेनिस कोर्ट और विलयार्ड बनाया जाएगा और इंडोर गेम के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां 2 बड़े तलाबों का विकास बच्चों के मनोरंजन के उपयुक्त बनाया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए पैडल से चलने वाले 2 सीटर वोट की व्यवस्था की जा रही है। राय ने कहा कि इस परिसर को पूरी तरह से क्रीड़ा उद्यान के रूप में विकसित हो जाएगा। यहां विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**उद्घाटन समारोह में ये थे उपस्थित**

उद्घाटन के अवसर पर जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार प्रशिक्षु विशेष पदाधिकारी संतोषी मुर्मू, सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता नीतेश कुमार, भाजमो के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, संजीव आचार्य, मंजु सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नु, पी विजय कुमार, विजय नारायण, विनोद राय, दुर्गा राव, किरण सिंह, शिवानी सिंह आदि मौजुद थे।

## खबर एक नजर में

### छठी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 पुरुष एवं महिला का हुआ समापन



**रांची/जमशेदपुर।** कड़ी प्रतिस्पर्धा और कौशल के उल्लेखनीय प्रदर्शन से भरे दिन के साथ छठी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 पुरुष और महिला रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुई। चैंपियनशिप के अंतिम दिन मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं विजेताओं ने मैदान पर अपना दमखम दिखाया। बहुप्रतीक्षित पुरुष फाइनल में, एकलव्य अकादमी ने नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) को रोमांचक शूटआउट में 3-0 से हराकर खिताब जीता। मुख्य समय में मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एनटीएचए के लिए गोल स्कोरर में साइमन और जयमाशी शामिल थे, जबकि एकलव्य अकादमी के लिए गोल स्कोरर डेनिस केरकेट्टा और नोयेल टोप्पो थे। दिन का पहला मैच रेलवे और रांची के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुआ। प्रभावशाली मुकाबले में रांची 2-1 के स्कोर से विजयी रहा। गोल करने वालों में रांची के लिए संदीप टोप्पो और जोसेफ कोंगारी और रेलवे के लिए सुनील एक्का शामिल थे। एक अन्य मैच में, रांची और गुमला विमेंस (तीसरे और चौथे स्थान के लिए) के बीच एक रोमांचक मुकाबला हुआ, जो ड्रॉ के साथ समाप्त हुआ। हालांकि, शूटआउट राउंड में रांची ने 3-0 से जीत हासिल कर ली। महिलाओं के फाइनल में एकलव्य एकेडमी और खूंटी के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। एकलव्य अकादमी 8-0 के शानदार स्कोर के साथ विजयी रही। पुरुष वर्ग में एकलव्य टीम के जोसेफ टोपनो को टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया गया, जबकि महिला वर्ग में एकलव्य टीम की अलबेला रानी टोप्पो को भी यही सम्मान से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशांत गौरव, आईएएस, खेल निदेशक के साथ भोलानाथ सिंह, महासचिव, हॉकी इंडिया सह अध्यक्ष, हॉकी झारखंड सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर टाटा स्टील के चीफ रेजिडेंट एक्जीक्यूटिव संजय मोहन श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। पुरस्कार और सम्मान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किये गए। टाटा स्टील राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजकों में से एक है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद कार्यक्रम का किया गया आयोजन



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन, खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन टिनप्लेट स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा और जिला कार्यपालक दंडाधिकारी सुमित कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि खेल भावना से सीख लेते हुए कोई भी कार्य करने पर सफलता सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कार्यालय इलेवन बनाम एसडीओ कार्यालय इलेवन टीम के बीच दोस्ताना फुटबॉल मैच खेला गया। इस रोमांचकारी मैच में उपायुक्त इलेवन की टीम ने टाई ब्रेकर में 2-1 से जीत हासिल की। दूसरे मनोरंजक इवेंट के रूप में रस्सा कस्सी का आयोजन किया गया। एसडीओ कार्यालय 11 की टीम ने उपायुक्त कार्यालय 11 की टीम को 2-1 से पराजित कर विजेता का खिताब जीता। इसके अलावा जिला डे बोर्डिंग वॉलीबॉल केंद्र की दो उत्कृष्ट खिलाड़ी, सुप्रिया दुबे और पिंकी वर्मा को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने शॉल और उपहार देकर उनके उत्कृष्ट खेल उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। जिला खेल विभाग के द्वारा आज के ही दिन डे बोर्डिंग सेंटर वॉलीबॉल और हैंडबॉल में भी खिलाड़ियों के द्वारा विशेष रूप से खेल कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### विशाखापत्तनम एमबीए करने गयी छात्रा ने प्रेमी के साथ कर ली शादी

**एसएसपी के यहां पति के साथ सरेंडर करने पहुंची तो घर वाले जबरन ले गये साथ**

जमशेदपुर। जमशेदपुर के हर-हर गुड्डू क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली है छात्र के गायब होने पर उसके परिजनों ने बाग बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी बाग बाद पुलिस ने जब छात्रा से शादी करने वाले युवक से संपर्क साधा उसने बताया कि वह लोग रांची में है पुलिस ने उनका बैग बड़ा थाना बुलाया था इस पर जुआ छात्र के साथ जमशेदपुर पहुंचा उसके साथ एक अधिवक्ता भी थे यह सभी लोग सीनियर एसपी के ऑफिस पहुंचे इसकी भनक जब छात्रा के परिजनों को लगी तो हर हर गुड्डू के छात्र के परिजन भी एसपी ऑफिस पहुंच गए और छात्र को पकड़ कर ले जाने लगे इस पर छात्र के साथ शादी करने वाला जुहक और उसके परिजन भाग खड़े हुए बाद में छात्र के परिजन जब उसे ले जाने लगे तो मौजूद अधिवक्ता ने इसका विरोध किया तब अधिवक्ता के साथ छात्र के परिजनों की खींचतान हुई और छात्र को लेकर भी अपने घर चले गए छात्र के परिजनों का आरोप है क्या अधिवक्ता खुद को सुप्रीम कोर्ट का वकील बता रहा था उसने छात्रा का हाथ पकड़ लिया था इसीलिए उन्होंने विरोध किया उनका कहना था कि पुलिस मामले की जांच कर रही है परिजनों ने बताया कि छात्र जमशेदपुर के तारापुर स्कूल में पढ़ती थी यहां से इंटर की परीक्षा पास करने के पश्चात उसका नामांकन विशाखापट्टनम के गायत्री स्कूल में बा में कराया गया था

### केसीकुदर फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता केसीकुदरका आयोजन जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के केसीकुदर फुटबॉल मैदान लुआबासा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता में विजय टीम हिरा डीजे रही जिसे विधायक के हाथों 15000 रुपये का पहला इनाम दिया गया, दूसरे स्थान में जूनियर एनकेएस जिसे 10,000 रुपये इनाम, तीसरे नंबर पर टाइम ओवर टीम कोमफूटा जिसे 5000 रुपये व चौथे नंबर पर सपोर्टिंग टीम रही जिसे 5000 रुपये का इनाम दिया गया।

### विधायक सविता ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं राशन डीलर के साथ की बैठक



चांडिल। मंगलवार को ईचागढ के विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में ईचागढ प्रखंड कार्यालय में राशन डीलर, पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों का संयुक्त रूप से बैठक हुई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने डीलरों को राशन समय पर उपलब्ध कराने, लाभूकों को समय पर सही वजन के साथ उपलब्ध कराने अधिकांश राशन डीलरों का अगस्त का अनाज नील कर दिया गया है, जिससे डीलर राशन वितरण करने में सक्षम नहीं है। राशन कार्ड से नाम हटाने व जोड़ने को सुगम बनाने का मांग किया। विधायक ने कहा सभी समस्याओं को लेकर उच्च पदाधिकारी से बात कर इसे दुर करने का पहल किया जाएगा। उन्होंने कहा समय पर अनाज आपूर्ती करने को लेकर एमओ को दिशा निर्देश दिया गया है। इस मौके पर भोलाशंकर महतो, राजकुमार रजक, एजीएम किरीटी भूषण गोप, विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, राखोहरी सिंह मुंडा, लक्ष्मी देवी, कृष्ण सिंह मुंडा, निताई उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लेखिका कुमारी छाया की चौथी पुस्तक 'चाय सा हमसफर' जल्द होगी उपलब्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में पली-बढी कुमारी छाया पठन-पाठन के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। लेखिका कुमारी छाया की पुस्तक 'चाय सा हमसफर' जल्द ही उपलब्ध होगी। उनकी यह चौथी पुस्तक है जो सिर्फ चाय को समर्पित है। उन्हें चाय पर लिखना बहुत पसंद है। इसके पहले उनकी पहली पुस्तक 'एक प्याली चाय'(2021) में आई जिसमें चाय के साथ प्रकृति पर भी कविताएं हैं। दूसरी पुस्तक 'मेरी उम्मीद की ओर' (2022) में आई। तीसरी पुस्तक 'जिन्दगी अभी बाकी है...' (2023) में आई जो कि उन्होंने कैंसर पर लिखी है। लेखिका खुद भी कैंसर से लगातार लगभग तीन सालों से लड़ रही हैं। इसी क्रम में अब उनकी चौथी पुस्तक 'चाय सा हमसफर' पाठकों को जल्द ही उपलब्ध होगी। उनकी लेखनी कैंसर से उनकी जंग में उनका पूरा सहयोग कर रही है। विज्ञान विषय में पढ़ाई के बावजूद कुमारी छाया का प्रिय विषय हिंदी रहा है।

## गैस के दाम घटने पर भाजपाई ने बांटे लड्डू

बाबूडीह बस्ती में महानगर भाजपा ने किया लड्डू वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** केंद्र की मोदी सरकार ने घरेलू गैस की कीमतों में 200 रुपये की सब्सिडी और उज्वला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। मोदी सरकार के इस फैसले से जहां आमजनों में उत्साह और हर्ष व्याप्त है। तो वहीं, भाजपा ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है। इस निर्णय पर मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सीतारामडेरा क्षेत्र अंतर्गत बाबुडीह बस्ती में आमजनों के बीच लड्डू वितरण कर खुशियां साझा की। इस दौरान भाजपा सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा भी मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजनों का मुंह मीठा कराते हुए लोगों को गुलाब फूल भेंट किया गया। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने संवेदनशील सरकार होने का सबूत दिया है। उन्होंने इस अभूतपूर्व फैसले को रक्षा बंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से मातृशक्ति को दिया गया उपहार बताया। कहा कि इस निर्णय से आमजनों का कल्याण होगा और उन्हें महंगाई से राहत मिलेगी।

## संयुक्त ग्रामसभा संघर्ष समिति ने जमशेदपुर को इंडस्ट्रीयल टाउन बनाने का किया विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** डिमना चौक स्थित मुर्मू कॉम्प्लेक्स परिसर में संयुक्त ग्राम सभा संघर्ष समिति की एक विशेष बैठक डिमना माझी बाबा दीपक मुर्मू के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में झारखंड सरकार द्वारा जमशेदपुर के नगर निगम बनाने के मुद्दे पर सामाजिक कार्यकर्ता जवाहरलाल शर्मा के दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट में इंडस्ट्रियल टाउन बनाने संबंधी झारखंड सरकार द्वारा सौंपा गया हालपनामा का तीव्र विरोध किया गया। बैठक में अध्यक्षता करते हुए दीपक मुर्मू ने कहा कि जमशेदपुर सहित पूरा पूर्वी सिंहभूम शेड्यूल एरिया के अंतर्गत आता है जहां 5वीं अनुसूची के अनुसार स्वशासन व्यवस्था को मान्यता प्रदान किया गया है। जवाहरलाल शर्मा के याचिका पर झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जमशेदपुर शहर के 86 बस्तियों को मिलकर इंडस्ट्रियल टाउन बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। 5वीं अनुसूची के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में पेसा के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में मेसा केंद्रीय कानून बनाने की जरूरत है। शेड्यूल एरिया के हितों के विपरीत है और पांचवी अनुसूची का घोर उल्लंघन हो रहा है। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन सोरेन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार के हालपनामा का आदिवासी समाज तीव्र विरोध करता है क्योंकि इंडस्ट्रियल टाउन का कोई संवैधानिक आधार नहीं है यह सिर्फ इंडस्ट्रियल टाउन के नाम पर और सिर्फ टाटा प्रबंधन की गैर कानूनी जमीदारी को बरकरार रखने की साजिश है।

## जिला प्रशासन तम्बाकू उपायोग के खिलाफ चलायेगा जांच अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला तंबाकू नियंत्रण एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तंबाकू नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई तथा विशेषकर पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, सूचना जनसंपर्क, पंचायती राज, परिवहन एवं नगर निगम के पदाधिकारियों को इस कानून के तहत अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। त्रिस्तरीय छापेमार दस्ते को कोटपा 2003 के अनुपालन हेतु संभावित उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया । जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में चेतावनी एवं 100 गज के दायरे में तंबाकू से बने पदार्थों की बिक्री पर रोक सुनिश्चित किए जाने का निदेश दिया गया। बैठक में कोटपा 2003 के विभिन्न प्रावधानों को सख्ती से लागू करने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये।

# टाटा स्टील में इंटर्नशिप कर सकेंगे आइआइटी धनबाद के एमटेक छात्र

›› एमटेक के छात्र आकर्षक पैकेज पर कर सकेंगे इंटर्नशिप

›› टाटा स्टील उन्हें दीर्घकालिक सेवा का दे सकती है अवसर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने एक फ्लैगशिप एम टेक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने के लिए आज आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए प्रोफेसर जे.के. पटनायक, कार्यवाहक निदेशक, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, प्रोफेसर धीरज कुमार, उप निदेशक, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, प्रोफेसर सागर पाल, डीन (अनुसंधान एवं विकास), आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, एचआरएम, टाटा स्टील और देबाशीष भट्टाचार्जी, वाईस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च एंड डेवेलपमेंट, टाटा स्टील उपस्थित थे। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से प्रौद्योगिकी क्षेत्र में शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें टाटा स्टील में 6-12 महीने की इंटर्नशिप की पेशकश करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह कार्यक्रम भारत में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है।

यह कार्यक्रम टाटा स्टील को नई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें कंपनी में दीर्घकालिक अवसर देने में भी सक्षम बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, एचआरएम, टाटा स्टील ने कहा ,हम आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के छात्रों के लिए इस फ्लैगशिप एम टेक इंटर्नशिप कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम एम टेक छात्रों के लिए अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी में मूल्यवान अनुभव प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर है, साथ ही टाटा स्टील को शीर्ष प्रतिभाओं तक पहुंच प्रदान करता है।

एमओयू पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान, टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च एंड डेवेलपमेंट, देबाशीष भट्टाचार्जी ने उल्लेख किया कि कैसे टाटा स्टील और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के बीच यह साझेदारी देश में समग्र प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध करेगी।

**दोनों संस्थानों के बीच हस्ताक्षरित हुआ एमओयू**



एमओयू दस्तावेज प्रदर्शित करते डॉ देबाशीष भट्टाचार्या, वीपी एचआरएम अत्रेई सान्याल व आइआइटी धनबाद के कार्यवाहक निदेशक प्रो जेके पटनायक व सहयोगी।

स्पीड न्यूज

### मृतक के शव को एमपीएल मुख्य द्वार के समक्ष रख की मुआवजे की मांग

**कुमारधुबी।** निरसा क्षेत्र के एमपीएल ओपी अंतर्गत डोमभुई निवासी विजय किस्कू की बीते मंगलवार को अस्वस्थ रहने के कारण मौत हो गयी। मृतक मैथन पॉवर लिमिटेड (एमपीएल) में विस्थापित रह चुके और अपने अवार्डी के तहत इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत था मृतक के शव को ग्रामीणों के द्वारा एमपीएल मुख्य द्वार के समक्ष रखकर मुआवजे की माँग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है ओर साथ ही ग्रामीणों ने एमपीएल प्रबंधन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की ग्रामीणों की मांग है कि मृतक के परिजनों को नियोजन दिया जाए एवं उचित मुआब्जा दिया जाए और एमपीएल प्रबंधन जब तक मुआवजा एवं नियोजन नहीं देगा तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा ।वहीँ स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा कि डोमभूई निवासी विजय किस्कू जो एमपीएल मे बिजली विभाग पर कार्यरत थे और काम के प्रेशर के कारण उनका तबीयत बिगाड़ने लगे और धीरे धीरे अस्वस्थ हो जाने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई।हम सभी ग्रामीणों और परिजनों का यह मांग है मृतक के आश्रित को नियोजन और उचित मुआवजा मिले जब तक मुआवजा नही मिलेगी धरना-प्रदर्शन जारी रखा जाए।

### बेरमो : पैर फिसलने से नहर में गिरा अधेड़ डूबने से मौत

**बेरमो।** तेनुघाट ओपी थाना अंतर्गत पिपराडीह गांव निवासी खंडहर सिंह 55 वर्ष की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब उसका शव बहते हुए घरवाटांड़ के निकट जाली में फंस गया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पिपराडीह निवासी खंडहर सिंह उम्र करीब 55 वर्ष, पिता स्व0 धनराज सिंह 30 अगस्त की सुबह करीब चार बजे पैर फिसलने के कारण नहर (कैनाल) में गिरकर बह गया। हादसे के बाद बहते हुए उसका शव घरवाटांड़ शिव मंदिर के निकट नहर की पुलिया में लगी जाली में फंस गया। आसपास के लोगों ने शव को देखा और उसे नहर से बाहर निकाला। इस उम्मीद में कि वह जिन्दा होगा, लोग उसे अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### खेल दिवस पर खेल सम्मान समारोह संपन्न

**बोकारो।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर तथा हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की स्मृति में बीएसएल के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सेक्टर 4 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित खेल सम्मान समारोह में ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद सीजीएम (टीए) कुंदन कुमार सीजीएम (कार्मिक) हरिमोहन झा एजीएम (क्रीड़ा एवं नागरीक सुविधाएं) एस रजक सहित अन्य अधिकारीगण प्रशिक्षक एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बोकारो के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी उपस्थित थे। समारोह में अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 90 खिलाड़ियों और क्रीड़ा के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रशिक्षक व पूर्व खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### डीपीएस बोकारो के कुणाल को ओलंपियाड में मिला परफेक्ट स्कोरर अवार्ड



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के नौवीं कक्षा के विद्यार्थी कुणाल आनंद ने सिंगापुर और एशियाई स्कूल गणित ओलंपियाड में शानदार सफलता के साथ रजत पदक जीता है। स्टेट रैंक 1 तथा देश में रैंक 9 हासिल करते हुए सिल्वर मेडल और सर्टिफिकेट के साथ परफेक्ट स्कोरर अवार्ड उसने पाया है। प्रतियोगिता में भारत, इंडोनेशिया, ईरान, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अजरबैजान, ब्राजील, कंबोडिया, कनाडा, चीन, रूस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड, तुर्की, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात आदि सहित 39 देशों के लगभग 45 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

# निरंजन तांती हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

धनंजय यादव कांड में विक्की वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार।

**सिंदरी।** झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर स्थित गुलगुलिया पट्टी में बीते 19 जनवरी की घटना में धनंजय यादव गुट और रामबाबू धिक्कार गुट के बीच हुई खूनी संघर्ष में निरंजन तांती के मौत मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं 1 अगस्त को धनंजय यादव की घर में घुसकर हत्या मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस बावत प्रेसवार्ता कर सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को कार्यालय में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि झरिया थाना में दर्ज कांड संख्या 23/23 के निरंजन तांती हत्या मामले में नामजद आरोपी कैलाश धिक्कार (40), करण धिक्कार (19) और मुख्य आरोपी रामबाबू धिक्कार की बहन दुखहरनी देवी (35) को इनके पैतृक निवास उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर से गिरफ्तार किया गया है। इनमें कैलाश धिक्कार दर्ज कांड संख्या 181/23 के धनंजय यादव हत्याकांड में भी नामजद आरोपी है। उन्होंने बताया कि झरिया पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया है और जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि धनंजय यादव कांड में विक्की वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दोनों कांड के नामजद आरोपी रामबाबू धिक्कार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताते चलें कि रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार गुट के साथ सिंह मेंशन समर्थक धनंजय यादव के बीच कोयले के अवैध कारोबार के बीच चली दोस्ती दुश्मनी में बदल गई थी। दोनों गुटों का कोयले के कारोबार में वर्चस्व को लेकर लंबी खींचतान चल रही थी।

सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, झरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, मुकेश कुमार सहित दलबल शामिल थे।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का तेनुघाट में स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी डुमरी विधानसभा उप चुनाव में जाने के क्रम में तेनुघाट पहुंचे। जंहा कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तेनुघाट स्थित आदमकद बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। और बताया कि डूमरी में इस बार एनडीए की जीत सुनिश्चित है। जनता एनडीए के उमीदवार को भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। इस मौके पर अनिल स्वर्णकार, जीप सदस्य प्रल्हाद महतो, दीनानाथ चौबे, पप्पू यादव, सेवा गंझु, नारायण प्रजापति,सतीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल सिंदरी की बच्चियों ने जवानों को बांधी राखी

**सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी की छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व पर देश की रक्षा करने वाले जवानों के हाँथों में राखी बाँधी। उन्होंने बलियापुर के प्रधानखंता सीआरपीएफ कैंप में जाकर सैनिकों को राखी बाँधकर शुभकामना संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बताया कि दिन रात एककर देश की रक्षा करने वाले असली हीरो सैनिक हैं। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक प्रेरश चन्द मोदी, उर्मिला यादव, रेखा कुमारी, ममता दत्ता सहित स्कूली छात्रा उपस्थित रहीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक – 716/गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304507 Minor Irrigation(23-24)D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 05-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 305854 (Minor Irrigation) 23-24 (D)


# बाघमारा में सीआइएसएफ ने जब्त किया 180000 रुपये का अवैध लोहा

## बाघमारा में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध लोहा और कोयले का कारोबार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** बाघमारा अनुमंडल के बाघमारा थाना क्षेत्र के ब्लॉक 2 सीआईएसएफ केवाईटी टीम ने मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी के पास छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लोहा जब्त किया है। सूत्रों की माने तो बाघमारा थाना ब्लॉक दो में कुछ लोहा माफियाओं के द्वारा अवैध लोहा का धंधा जोर-जोर से चल रहा है इन लोहा माफियाओं को स्थानीय प्रशासन एवं प्रबंधन का संरक्षण प्राप्त होने की बात कही जा रही है। सूत्रों की माने तो इन लोहा माफियाओं के द्वारा जहां एक और लोहा का कारोबार धडल्ले से किया जा रहा है वहीं मधुबन में अवैध कोयला का कारोबार भी धडल्ले से किया जा रहा है, दिन में जहां एक और बीसीसीएल का स्क्रैप उठाया जा रहा है वही रात के अंधेरे में दो नंबर लोहा का भी उठाव इन लोगों के द्वारा किया जा रहा है। इन अवैध कारोबारी के द्वारा बीसीसीएल को खोखला कर लूट खसोट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया है। इनका अवैध लोहा का धंधा बाघमारा क्षेत्र में कई दिनों से लगातार बिना किसी डर के चल रहा है। इसके अलावा कुछ युवकों के द्वारा धडल्ले से अवैध लोहा का गोदाम चलाया जा रहा है। इन अवैध लोहा कारोबारी के द्वारा बीसीसीएल के कोलवरियों से जो अवैध लोहा उठाया जाता है।

### बोकारो स्टील को मिला प्लैटिनम अवार्ड



**बोकारो।** बीएसएल को लखनऊ में आयोजित 14वें एक्सीड ग्रीन फ्यूचर अवार्ड एंड कॉन्फ्रेंस 2023 में सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में प्लैटिनम अवार्ड से नवाजा गया। यह पुरस्कार बीएसएल की ओर से सीजीएम अतिरिक्त प्रभार सीजीएम पीके बैसाखिया ने प्राप्त किया। पुरस्कार लेकर लौटने पर आयोजित एक समारोह में बैसाखिया ने उक्त अवार्ड ईडी बीके तिवारी को समर्पित किया। समारोह में बोकारो स्टील के वरीय अधिकारियों के साथ जीएम एन.पी. श्रीवास्तव और एजीएम नितेश उपस्थित थें।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

**आदेश**

सभी संबंधित को सूचित किया जाता है, कि खास महाल की लीज पुर्नग्रहित भूमि पर अवैध रूप से की गई अतिक्रमण को मुक्त कराया जाना है।

अतः निदेश दिया जाता है कि संलग्न सूची के अनुसार अवैध रूप से की गई अतिक्रमण को तीन दिनों के अन्दर मुक्त किया जाय। अन्यथा जिला प्रशासन के द्वारा विधि सम्मत अतिक्रमण हटाने की नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। संबंधित भूमि की सूची जिला के वेबसाईट www.Hazaribagh.nic.in पर एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त, हजारीबाग

PR 305947 District (23-24)_D


# किसान सभा ने कसमार को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** अखिल भारतीय किसान सभा कसमार अंचल कमेटी की कॉ जटाधारी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभा के अध्यक्ष कॉ शकूर अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेते समय एमएसपी लागू करने आंदोलन के दौरान हजारों किसानों पर हुए झूठे मुकदमे वापस लेने एक वर्ष तक चले आंदोलन के दौरान शहीद हुए 750 किसानों के आश्रितों को मुआवजा देने की बात कबूली थी लेकिन एक भी पूरे नहीं हुए। ग्रामीण रोजगार का एकमात्र जरिया मनरेगा को बंद करने की साजिश की जा रही है। इस वर्ष मात्र लगभग 25 -30% ही रोपा हो पाया है रोपा हुआ फसल भी बारिश के अभाव में मरने के कगार पर है। बैठक में सर्वसम्मति से कसमार प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर अविलंब राहत कार्य शुरू करने व मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने की मांग की गई। मौके पर उमाशंकर महाराज मुमताज अंसारी शरीफ अंसारी सहबान अंसारी सगीर अंसारी जमाल रजा सलीम अंसारी लालमोहन सिंह एनुल अंसारी अरुण महतो दासू लहेरी केदारनाथ महतो इरफान अहमद आदि मौजूद थे।

एक नजर में

### सत्येंद्र कुमार सिंह श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव मनोनीत



**धनबाद।** गुरुवार को जनता मजदूर संघ को त्यागकर आए हुए सत्येंद्र कुमार सिंह को जनता श्रमिक संघ में केन्द्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह ने आज अपने आवास सिंह मैंशन में सत्येंद्र कुमार सिंह को मनोनयन संबंधित पत्र दिया।

### डीएवी कथारा के बच्चों ने बांधी जवानों को राखियां



**बेरम।** डी ए वी पब्लिक स्कूल कथारा के प्रांगण में सी.आई.एस.एफ के जवानों को विद्यालय की छात्राओं ने राखियाँ बाँधी और उन्हें मिठाइयाँ खिलाई। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने जवानों का भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें औद्योगिक सुरक्षाबल के सभी जवान सम्मिलित हुए फिर उन्हें विद्यालय के सभा मंच पर आमंत्रित किया गया तथा उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर जवानों का परिचय विद्यालय के शिक्षक एन एल मिश्रा ने कराई, तथा देश के प्रति उनके योगदान के बारे में अपने कविता के माध्यम से बताया। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में रंजीत कुमार, शशि भूषण, अमिते,पंकज, रितेश, विमलेश आदि उपस्थित थे।

### मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने प्रभु महतो की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**पुटकी।** बुधवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने पुटकी चौक पर स्व. प्रभु महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी एवं मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो मुख्य रूप से मौजूद थे। मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि स्वर्गीय प्रभु महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे।


**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग।**

झील रोड, हजारीबाग। पिन–825301

**–:आवश्यक–सूचना:–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की आहूत बैठक दिनांक 17.08.2023 जो अपरिहार्य कारणवश स्थगित की गयी थी उक्त बैठक अब दिनांक 12.09.2023 एवं 13.09.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से निर्धारित की जाती है।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार।

ह0/–

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव

उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार हजारीबाग।

PR 305896 Transport(23-24)D


## मारवाड़ी विद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** मारवाड़ी विद्यालय झरिया में गुरुवार को रक्षाबंधन उत्सव सह राखी बनाओ, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ग चतुर्थ से दशम की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक राखी बनाया और मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में शामिल हुईं।

प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव महेश जलूका ने कहा कि महाभारत काल से जारी रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार वर्तमान काल में भी पूरी तरह प्रासंगिक है। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सत्यनारायण भोजगरिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन का अपना विशेष महत्व है। सदियों से जारी इस परंपरा का निर्माण आज भी बहनें करती हैं।

प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में प्रथम स्थान मंजू कुमारी द्वितीय स्थान पूर्णिमा मुडी, एवं तृतीय स्नान स्थान पर वंदना रही।

द्वितीय ग्रुप में प्रथम स्थान अदिति कश्यप द्वितीय स्थान सोना कुमारी एवं तृतीय स्थान पर कुमारी साक्षी रही। वरीय ग्रुप में प्रथम स्थान सोनी कुमारी द्वितीय स्थान रितिका राय और तृतीय स्थान में पर नीतिका कुमारी रही।

वही मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष यादव द्वितीय स्थान निहारिका कुमारी तृतीय स्थान प्रीति कुमारी को मिला।


**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा।**

**Bidding Document No :-NPHCE/ 02/2023-24**

1. Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for **"Supply of Medicines under NPHCE is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency** through tender Notice detailed as in the Bidding Document.
2. **Award Methodology:** -Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer **Terms & conditions**
3. **Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 500/- (Rupees Five Hundred Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 20000/- (Rupees Twenty Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 04.09.2023 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 13.09.2023 till 5.00 PM |
| e. | Opening of Technical Bid - PART A | 14.09.2023 at 12.30 PM |
| f. | Opening of Financial Bid- PART B | 14.09.2023 at 03:30 PM |

*Note:- If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.*

***Details bid document*** can be downloaded from the official website of Simdega district i.e. **www.Simdega.nic.in**

*Civil Surgeon cum CMO, Simdega*

PR 305903 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)


## उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा

## हर हफ्ते प्रगति हासिल कर लंबित मामलों को निपटाने के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन ने आज राजस्व विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों से म्यूटेशन के लंबित मामलों, म्यूटेशन रिजेक्ट करने वाले कारणों, सरकारी योजनाओं में भूमि स्थानांतरण, रिवेन्यू कोर्ट, भूमि अधिग्रहण, जीएम लैंड में अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की।

उपायुक्त ने म्यूटेशन में आने वाली समस्या और मामलों के लंबित होने के कारणों एवं रिजेक्शन की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द सभी लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी समय के साथ अपने-अपने कार्यों का निपटारा करें ताकि एक बार अधिक कार्य का लोड ना हो और आम जनता का कार्य समय से पूरा हो। बैठक के दौरान उपयुक्त में ई समाधान पोर्टल पर आए आवेदन एवं जनता दरबार में आने वाले शिकायतों की भी सभी अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा की सभी अंचलाधिकारी आम जनता की समस्याओं को सुने एवं उन्हें सही रास्ता दिखाने का भी कार्य करें। वहीं क्षेत्र में बढ़ रहे आपराधिक घटना पर लगाम लगाने के लिए चिन्हित अपराधियों पर कार्रवाई करने को निर्देशित किया, ताकि आम जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

रिवेन्यू कोर्ट के मामलों पर उपायुक्त ने नियमित समीक्षा करने एवं चरणबद्ध तरीके से विवरण तैयार कर मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया।


**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,सिमडेगा**

**Bidding Document No :-NCD/ 01/2023-24**

1. Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for **"Supply of Glucostripes, Steriline Lancets, Alchohol Swab and Glucometers under NP-NCD (National Programme for Non Communicable Disease)"is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency** through tender Notice detailed as in the Bidding Document.
2. **Award Methodology:** -Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer **Terms & conditions**
3. **Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 500/- (Rupees Five Hundred Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 20000/- (Rupees Twenty Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 04.09.2023 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 13.09.2023 till 5.00 PM |
| e. | Opening of Technical Bid -PART A | 14.09.2023 at 12.30 PM |
| f. | Opening of Financial Bid-PART B | 14.09.2023 at 03:30 PM |

Note:- If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.

**Details bid document** can be downloaded from the official website of Simdega district i.e. **www.Simdega.nic.in**

**Civil Surgeon cum CMO, Simdega**

PR 305895 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

# शाबास प्रज्ञानंद

शतरंज विश्व कप में कई युवा भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से संकेत मिलता है कि उनमें दुनिया के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को पराजित करने की क्षमता है। लॉन टेनिस के प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट विंबलडन की शैली में आयोजित इस विश्व कप में चार भारतीय, अंतिम आठ खिलाड़ियों में स्थान बनाने में कामयाब रहे। आर प्रज्ञानंदा ने विश्व के नंबर दो और नंबर तीन खिलाड़ियों को पराजित करके फाइनल में स्थान बनाया जहां उन्हें विश्व के शीर्ष खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानंद ने अंतिम आठ के दौर में एक जबरदस्त मुकाबले में एक अन्य भारतीय अर्जुन एरिगैसी को पराजित किया था। उधर एक अन्य भारतीय डोम्मराजू गुकेश कार्लसन से हारे तथा विदित गुजराती ने बाहर होने से पहले विश्व के पांचवीं वरीयता वाले खिलाड़ी को परास्त किया। यह प्रदर्शन संयोगवश नहीं हुआ। भारत ने शतरंज के खेल के लिए एक पूरी व्यवस्था बनाई है जिसके अंतर्गत चैंपियन खिलाड़ियों की पहचान की जाती है और उन्हें तैयार किया जाता है।

इसके पीछे कई कारकों का मिश्रण उत्तरदायी है। उदाहरण के लिए, भारत में बहुत बड़ी तादाद में नियमित रूप से शतरंज खेलने वाले खिलाड़ी हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय स्तर पर शतरंज की कई प्रतियोगिताएं होती हैं जो उन्हें अपना कौशल सुधारने का मौका देती हैं। इससे उन्हें अपने खेल के बारे में दूसरों की राय भी मिलती है। इस खेल की लोकप्रियता की वजह से कई कंपनियां भी प्रतियोगिताओं का प्रायोजन करने में रुचि रखती हैं और प्रशिक्षण शिविरों का खर्च वहन करती हैं। कुछ वैश्विक तकनीकी रुझान भी भारत के शतरंज खिलाड़ियों के अनुकूल हैं। निश्चित तौर पर प्रज्ञानंद की यह जीत दुनिया में भारत की साख बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर है।

# अब इवी का दौर


ओला इलेक्ट्रिक के भवीश अग्रवाल का मानना है कि पेट्रोल-डीजल इंजनों (आईसीई) पर चलने वाले स्कूटरों का उत्पादन बंद करने का वक्त आ गया है और सार्थक और गुणवत्तापूर्ण दोपहिया वाहनों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। अभी भी देश में आईसीई दोपहिया वाहन, ई-दोपहिया से बहुत आगे हैं। देश की आम जनता को ईवी खरीदने या ई-दोपहिया खरीदने के लिए प्रेरित करने के लिए कहीं अधिक बुनियादी बदलावों की आवश्यकता होगी। सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क पर चलने वाले 80 फीसदी दोपहिया वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाने का है। हालांकि भारत का ई-दोपहिया बाजार 2019 के बाद से तेजी से बढ़ा है लेकिन अभी भी यह पूरे बाजार में बहुत छोटा हिस्सा है। उदाहरण के लिए 2022-23 में ई-दोपहिया वाहनों की बिक्री उससे एक साल पहले की तुलना में ढाई गुना बढ़कर 846,976 हो गई। यह आंकड़ा आकर्षक है लेकिन उसी वर्ष बिके 1.5 करोड़ आईसीई दोपहिया वाहनों की तुलना में यह अत्यधिक कम है। यह बिक्री मुख्य तौर पर सरकार की उस अहम पहल की बदौलत है जिसे फास्टर एडॉप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड ऐंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल (फेम) का नाम दिया गया है। फेम से जुड़े अनुभव की विडंबना यह है कि देश में ईवी की पहुंच केवल पांच फीसदी है जबकि पूर्वी एशियाई देशों का औसत 17 फीसदी है। । चार्जिंग की अधोसंरचना तैयार करना एक मुद्दा है जिस पर धीरे-धीरे काम हो रहा है। अब तक केवल 6,586 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं जो अपर्याप्त हैं। चीन ने इस समस्या को समय रहते चिह्नित कर लिया था और वहां 18 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। विनिमार्ता भी इसके खिलाफ हैं। वस्तु एवं सेवा कर के तहत इसके साथ होने वाले व्यवहार को लेकर भी भ्रम की स्थिति है। लेकिन उम्मीद बरकरार है।

# टिकाऊ विकास, हिमालय की आस



**हिमाचल** प्रदेश में बाढ़-भूस्खलन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और चंबा जिले बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा तबाही कांगड़ा में हुई है। वैसे तो पूरा हिमाचल प्रदेश ही तबाही की चपेट में है। सब कोई हैरान है कि आखिर यह हो क्या रहा है। गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। जहां सोच भी नहीं सकते, वहां भी तबाही के बादल छाए हैं। 369 से ज्यादा अमूल्य जीवन इस आपदा में काल का असमय ग्रास बन चुके हैं और 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। लगभग दो हजार घर पूरे तबाह हो चुके हैं। लगभग नौ हजार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है। फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है। सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है किन्तु घर के अंदर बैठे-बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है। हम वैश्विक तापमान वृद्धि के दौर से दो-चार हो चुके हैं। इसके कारण जलवायु में अभूतपूर्व बदलाव आ रहे हैं। बारिश का तरीका भी बहुत बदल गया है। कभी सूखा और कभी भारी बारिश। थोड़े समय में इतना पानी गिर जाता है जिसके बारे में सोच भी नहीं सकते।

जुलाई की 255.9 मिलीमीटर औसत वर्षा के मुकाबले प्रदेश में 437 मिलीमीटर बारिश हुई। सिरमौर में सबसे ज्यादा 1097.5 मिलीमीटर बारिश हुई। किन्नौर में 199 प्रतिशत से औसत से ज्यादा बारिश हुई। कुल्लू में 476मिलीमीटर, मंडी में 546 मिलीमीटर, शिमला में 584.6 मिलीमीटर और सोलन में 735.7 मिलीमीटर वर्षा जुलाई मास में रिकार्ड की गई। अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है। लाहुल स्पीति और कांगड़ा को छोड़कर सभी जिलों में औसत से अत्यधिक बारिश हुई। हालांकि अगस्त में कांगड़ा में भी भारी बारिश में कई जगह बादल फटने जैसे हालात बने। विधानसभा सीट ज्वाली के कोटला में गांव के ऊपर बादल फटने से बीस-पच्चीस घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



\- कुलभूषण

> अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है। लाहुल स्पीति और कांगड़ा को छोड़कर सभी जिलों में औसत से अत्यधिक बारिश हुई। हालांकि अगस्त में कांगड़ा में भी भारी बारिश में कई जगह बादल फटने जैसे हालात बने। विधानसभा सीट ज्वाली के कोटला में गांव के ऊपर बादल फटने से बीस-पच्चीस घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हिमालय जैसी नाजुक और विकट पर्वत श्रृंखला में बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर बांध, सड़क निर्माण और भवन निर्माण में बहुत सावधानी की जरूरत है। किन्तु हो इससे उलटा रहा है। मनमर्जी से हर कहीं घर बनाए जा रहे हैं। बांध निर्माण में हर नदी-नाले का पूरी तरह से दोहन करने की होड़ लगी है और सड़क निर्माण में हर घर तक सड़क पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं। आवागमन की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है, किन्तु हिमालय में सावधानी पूर्वक यह देखा जाना जरूरी है कि भूगर्भीय दृष्टि से यह कहां संभव नहीं है। जहां सडकें बनाई जा रही हैं वहां भूगर्भीय कारकों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। सड़क निर्माण के लिए पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त तकनीक क्या हो इस दिशा में भी कोई ध्यान नहीं है। हर कहीं मनमर्जी से मलबा फेंक दिया जाता है। 90 डिग्री पर कटिंग की जा रही है जब कि कटाई 'एंगल ऑफ रिपोज' पर की जानी चाहिए। जहां तक संभव हो सड़क निर्माण 'कट ऐंड फिल' तकनीक से किया जाना चाहिए। जहां-जहां फोरलेन का काम चल रहा है या जहां ग्रामीण सड़कों के लिए मनमानी डंपिंग की गई है वहां ही ज्यादा तबाही देखने को मिली है।

फोरलेन के चक्कर में कुल्लू-मनाली क्षेत्र तो पूरी तरह आवागमन से वंचित हो गया है। सब्जी और फलों को मंडियों तक पहुंचाना भी कठिन हो गया है. कई गांवों में राशन तक हेलिकॉप्टरों से पहुंचाना पड़ रहा है। हिमाचल सरकार और सामाजिक संस्थाएं केंद्र से इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रही हैं। प्रदेश की आर्थिकी भी खतरे में पड़ गई है। अतः सभी को विकासात्मक मुद्दों पर नए सिरे से सोचने की जरूरत है। भवन निर्माण के लिए ग्रामीण और अर्बन दोनों क्षेत्रों के लिए भूगर्भ शास्त्र परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए जहां इंजीनियरिंग और भूगर्भीय विज्ञान के सुझाव एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों। व्यवस्था ऐसी हो कि लाभार्थियों पर कोई बोझ न पड़े और लाल फीता शाही को बढ़ावा न मिले। जल विद्युत से संबंधित अभय शुक्ल कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक 7000 फुट से ऊपर की जगहों पर जलविद्युत परियोजनाएं न स्थापित की जाएं। वर्तमान बांधों में बरसात से पहले निर्धारित जगह खाली रखी जाए जिससे बरसात में बाढ़ का पानी उसमें रोका जा सके और नीचे के क्षेत्रों को बाढ़ से बचाया जा सके। 15 दिन के बारिश की भविष्यवाणी के आधार पर धीरे-धीरे बांध से पानी छोड़ते रहना चाहिए ताकि अचानक पानी छोड़ने की नौबत न आए।

हालात को देखते हुए हिमालय में विकास गतिविधियों के लिए कुछ गतिविधियों को प्रतिबंधित तो कुछ को प्राथमिकता देनी होगी और कुछ के लिए वैकल्पिक तकनीक और नवाचारों को खोजना होगा।

इन चार तत्वों के आधार पर हिमालय में पर्वत विशिष्ट विकास मॉडल निर्धारित करके कार्य करना होगा वरना हम हिमालयी राज्यों में साल-दर-साल इस तरह की तबाही को आमंत्रण दे रहे होंगे। चिपको आंदोलन के दूसरे दौर में 1980 के दशक के आरंभ से ही हिमालय के लिए पर्वत विशिष्ट विकास नीति के मुद्दे को उठाया जाता रहा है।

रांची नगर निगम द्वारा रिहायशी इलाकों (गंगा खटाल के समीप) में कचरा डंप किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर वहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। नगर निगम के अधिकारियों से बात कर इसे अविलंब हटाने का निर्देश दिया। मौके पर निवर्तमान पार्षद सुनील यादव मौजूद रहे।

\- संजय सेठ, सांसद रांची

## आपके ट्वीट

**झारखंड** राज्य हेतु 60 टीका एक्सप्रेस वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झारखंड में पूर्ण वैक्सीनेशन के लिये यह कार्य किया गया।

\- हेमंत सोरेन





**साइंस** एंड रिसर्च के समाधानों से अब मिलेट्स एवं अन्य अनाजों को और विकसित करना जरूरी है। मकसद ये कि देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से इन्हें उगाया जा सके...

\- नरेन्द्र मोदी

## खास बात

# नजरे इनायत

**सहीराम**

**वज्रपात** करने के लिए सरकार क्या कम थी जी, जो रामजी भी वज्रपात करने लगे। वैसे तो जी, सरकार भी भगवान ही होती है, लेकिन भगवानजी को तो सरकार नहीं होना चाहिए। बेशक वो भी माई-बाप हैं, ये भी माई-बाप हैं। पर फर्क है जी, सरकार का डंडा धमाधम चलता है, जबकि ऊपर वाले की लाठी कहते हैं बड़ी खामोशी से चलती है और सरकार के डंडे की तरह अंधाधुंध तो नहीं ही चलती। इसीलिए सरकार पर तो चाहे भरोसा टूटता रहता हो, पर भगवान पर भरोसा हमेशा कायम रहता है। बल्कि जब सरकार की आलोचना करनी होती है, तब भी लोग यही कहते हैं कि वह भगवान भरोसे ही चल रही है।

लेकिन समझ नहीं आता कि भगवानजी अब यह फर्क मिटाते क्यों जा रहे हैं। अब देखिए, सरकार तो महंगाई का वज्रपात कर ही रही है। रोज तेल के दाम बढ़ रहे हैं और ज्ञानीजन कहते हैं कि तेल के दाम बढ़ेंगे तो सब चीजों के दाम बढ़ेंगे। अर्थात महंगाई की जड़ तेल ही है। सरकार भी अगर यह मान ले तो वह भी महंगाई बढ़ाने के आरोप से बच सकती है। खैर, यह सरकार की मर्जी है। लेकिन यह भगवान की तो मर्जी नहीं होनी चाहिए कि वह भी सरकार की तरह ही जनता पर वज्रपात करने लगे। मतलब उसे थोड़ा तो सरकार से अलग दिखना ही चाहिए।

अब देखिए, सरकार ने ऑक्सीजन नहीं दी, लेकिन भगवानजी ने नहीं रोकी। तो यह फर्क अब क्यों नहीं। अब सरकार की तो चाहे जनता पर नजरे इनायत न हो, चाहे वह नौकरी न दे, चाहे वह महंगाई बढ़ती रहे, पर भगवानजी को तो झमाझम बारिश कर देनी चाहिए न। यार, मॉनसून का मौसम है आखिर तो। पर जैसे सरकार आंदोलनकारी किसानों को कुछ नहीं दे रही, वैसे भी भगवान भी किसानों को बारिश नहीं दे रहे हैं। हालांकि, बारिश कोई किसान को अकेले थोड़े ही चाहिए। गर्मी से तो सभी बेहाल हैं। पानी तो दिल्ली वालों को भी नहीं मिल रहा। भगवानजी को गर्मी से बिलबिलाते लोगों पर जरा भी दया नहीं आ रही, जैसे सरकार को महंगाई से त्रस्त जनता पर दया नहीं आ रही। ऊपर से भगवानजी भी अब बिजली ज्यादा गिराने लगे हैं,

# गुरु आदेश

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जहां** भरत जी गये वहीं शत्रुघ्न जी गये। कहां राम है, कहां लक्ष्मण हैं उनके कोई मतलब नहीं था। लखन जी को जब गुरु वशिष्ठ जी ने नियत कर दिया तो जब श्री राम वनवास जा रहे हैं तो वे बोले मैं भी चलूंगा। श्री राम बोले क्यों? वनगमन तो केवल मेरा हुआ है, आप क्यों चलेंगे। लक्ष्मण जी बोले बात सही है लेकिन गुरु महाराज जी की आज्ञा है कि मैं शरीर का सेवक हूं, तो जहां शरीर वहीं मैं। लक्ष्मण जी मां से आज्ञा लेकर वनगमन किये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

यह सृष्टि परा और अपरा दोनों के मेल से बनी हुई है। अपरा जगत दृष्टिगोचर होता है जिससे यह जगत चलता है। धर्म का कार्य जप, तप, योग,यज्ञ मनुष्य को अपरा जगत से परा की ओर उन्मुख करता है। जब संसार में कोई ऐसा व्यक्ति हो जाता है जो अपरा जगत की सारी सिद्धियों को कर लेता है। वह बलवान हो जाता है। अगर अहंकारी होकर धर्म के कार्यो को अवरूद्ध कर देता है तो उसके वध के लिये अवतार होता है। अवतार परा शक्ति संपन्न होता है।

इसलिए वह अपरा जगत की सारी सिद्धियां से संपन्न व्यक्ति का बध करने में समर्थ होता है। इस तरह की स्थिति तब पैदा हो गयी थी जब राक्षस राज रावण अधर्मी हो गया था। उसने जप, योग और तप इत्यादि बंद करा दिया था।

रावण जानता था कि मेरी लड़ाई सदा देवताओं से है। देवताओं के पास जो कुछ भी उत्तम भोग है, स्वर्ग के इस भोग को मुझे लंका में लाना है ।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध से प्रभावित नहीं...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### अंकुश लगे

**वर्तमान** समय में जब तकनीक का युग है, जहां आज हर कार्यक्रम की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही हो तो ऐसे में नेताओं द्वारा अपने भाषण में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वजह से राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि मर्यादा पसंद लोग राजनीति में कदम रखने से पहले कतराने लगे हैं। इस पर जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए।

–विजय महाजन, हजारीबाग

### शिक्षा का संकट

**कोरोना** की असर से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा का सहारा लेना पड़ रहा है। इसका बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा से अभिभावकों और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

–राघव जैन, रांची

# रक्षा बंधन: पवित्रता और आत्मीयता का पर्व

**योगेश कुमार गोयल**

## पर्व

**रक्षाबंधन** का पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मयार्दा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 30 अगस्त को मनाया जा रहा है। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में कितनी महत्ता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बहनों के हाथ अपने भाइयों यों की कलाइयों पर राखियां बांधने के लिए मचल उठते हैं और कलाई पर बांधे जाने वाले मामूली से दिखने वाले इन्हीं कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। पवित्रता तथा स्नेह का सूचक यह पर्व भाई-बहन को पवित्र स्नेह के बंधन में बांधने का पवित्र एवं यादगार दिवस है। इस पर्व को भारत के कई हिस्सों में श्रावणी के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में ह्यगुरु महापूर्णिमाह्न, दक्षिण भारत में ह्यनारियल पूर्णिमाह्न तथा नेपाल में इसे जनेऊ पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है।

रक्षाबंधन का पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांधा। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौसला आफजाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया।

# भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप का बढ़ता जादू

**निवेदिता मुखर्जी**

**बहुत** कम अंतराल में छह इंटरनेट आधारित कंपनियों ने यूनिकॉर्न का दर्जा प्राप्त किया। यानी इन कंपनियों का मूल्यांकन एक अरब डॉलर का स्तर पार कर गया। इस बात का जोरशोर से जश्न भी मनाया गया। इसमें यही संदेश निहित था कि आखिरकार भारत उस स्थिति में आ गया है जहां किसी निजी स्टार्टअप का एक अरब डॉलर का स्तर हासिल करना यदाकदा होने वाली घटना नहीं रह गई। अमेरिकी एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म सीबी इनसाइट्स के डेटाबेस के मुताबिक अप्रैल 2021 तक दुनिया भर की 642 यूनिकॉर्न में से 29 भारत में स्थित हैं। वेंचर इंटेलिजेंस का एक और डेटा बताता है कि भारतीय यूनिकॉर्न की तादाद 47 है और इनमें इजाफा हो रहा है। आंकड़ों में यह अंतर यूनिकॉर्न की गणना के तरीके की वजह से है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर यूनिकॉर्न, 10 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर डेकाक्रॉन और 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर हेक्टोकॉर्न मानी जाती है और निर्धारण इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सी स्टार्टअप सूची में कब किस स्थान पर थी।

वैश्विक रैंकिंग की बात करें तो किसी स्टार्टअप का यूनिकॉर्न बनना यकीनन उसकी विकास गाथा की पुष्टि करता है लेकिन वहां यह बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। कारण यह कि वहां स्टार्टअप का मूल्यांकन कोई विशिष्ट बात नहीं है। यह किसी स्टार्टअप का सांकेतिक मूल्य है जो नकदी प्रवाह की उपलब्धता, महत्त्वाकांक्षा और फंडिंग के अहम संकेतकों के आकलन पर निर्भर है। चूंकि मूल्यांकन का राजस्व, मुनाफे या किसी अन्य पारंपरिक कारोबारी मानक से कोई लेनादेना नहीं इसलिए यह निवेशकों की भावना से अधिक संचालित है। स्टार्टअप जगत में निवेशक कई बार कंपनियों के सामने कड़े प्रदर्शन लक्ष्य भी रखते हैं। वहीं अन्य अवसरों पर वे चाहते हैं कि आंकड़े चाहे कुछ भी हों लेकिन ग्राहक कंपनी से जुड़े रहें।

कई ऐसे मामले सामने आए जहां उच्च मूल्यांकन के बावजूद स्टार्टअप नाकाम होती देखी गईं। सितारा संस्थापकों वाले संस्थान भी डूबने से नहीं बच पाए। फ्लिपकार्ट, हाउसिंग डॉट कॉम, स्नैपडील जैसी तमाम स्टार्टअप के बारे में सोचिए। चमकदार नाम वाले निवेशक जो स्टार्टअप को शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने में मदद करते हैं, वे पूरे सफर के दौरान पूरी तरह नियंत्रण कायम रखते हैं। आमतौर पर संस्थापक निवेशक उस समय सार्वजनिक तौर पर चर्चा में आता है जब किसी स्टार्टअप की बिक्री होती है या उसे बेचने का प्रयास किया जाता है। फ्लिपकार्ट के मामले में कंपनी के सह-संस्थापक और देश में ई-कॉमर्स के पोस्टर बॉय आईआईटी से पढ़े सचिन बंसल को 2018 में अपना पद छोडना पड़ा जब टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट के ली फिक्सेल समेत निवेशकों के एक समूह ने बेंगलूरु की इस कंपनी की बहुलांश हिस्सेदारी 16 अरब डॉलर में वॉलमार्ट को बेचने का सौदा किया। सचिन बंसल ने बिन्नी बंसल के साथ मिलकर करीब 10 वर्ष पहले जिस कंपनी की स्थापना की थी, उस कंपनी की बोर्ड रूम वार्ता में सचिन बंसल के पास ज्यादा कुछ कहने का अधिकार ही नहीं था। सचिन अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते थे लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके।

इसके सह-संस्थापक और सीईओ राहुल यादव ने 2015 में प्रमुख निवेशक सिकोया कैपिटल के शैलेंद्र सिंह को ई-मेल भेजा। सार्वजनिक हुए इस मेल में तब 25 वर्ष के यादव (जिन्होंने आईआईटी की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी), ने कहा कि अगर निवेशकों ने उनसे उलझना नहीं छोड़ा तो वह कंपनी छोड़ देंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में महिला का दोनों पैर कटा, परिजनों ने किया हंगामा



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र महवार मोड़ के पास के वाइक पर सवार महिला को पीछे से ट्रक ने रोंदा दिया जिसमें महिला की दोनों पैर कट गई। महिला की पहचान किरण देवी पति निर्मल साव बरसोत निवासी के रूप मे की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला रक्षा बंधन के त्यौहार मानाने के लिए, अपने भाई के साथ 3 वर्षीय आर्यन कुमार,2 वर्षीय पुत्र को लेकर वाइक से मायके नवादा विष्णुगढ़ जा रही थी। उसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक अपने चपेट मे ले लिया। घटना की सुचना पाकर स्थानीय पुलिस घायल महिला एवं बच्चों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए शेख बिहारी अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। सूचना पाकर परिजन महावर मोड़ पहुंचे। महिला का पैर कटा देख उग्र हो गए। जमकर बबाल कटा। महावर मोड़ के पास एनएच दो को जाम कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक जाम की स्थिति बनी हुई थी।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता आयोजित



**रामगढ़ ।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतर सदनीय समूह राखी प्रतियोगिता हुआ। यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच आयोजित हुई । साहेबजादा अजीत सिंह,साहेबजादा जुझार सिंह, साहेबजादा जोरावर सिंह और साहेबजादा फतेहसिंह। यह प्रतियोगिता कक्षा (6 से 8) तथा (9 से 12) के बीच आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने काफी उत्साहित हो भाग लिया और तरह-तरह की रंग बिरंगी राखियां भी बनाई और साथ में थाली तथा कार्ड भी बनाया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां बनाई। इस अवसर पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की।

## परवरिश के बच्चों ने पेड़ में बांधी राखी



**कुजू।** पारंपरिक रक्षा बंधन उत्सव में एक हृदयस्पर्शी और पर्यावरण के प्रति जागरूक को लेकर परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू के छात्र न केवल एक-दूसरे को बल्कि पेड़ों को भी राखी बांधने के लिए एक साथ आए। छात्रों ने पर्यावरण की रक्षा और पोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक, पेड़ों और गमले में लगे पौधों की शाखाओं पर प्यार से रंग-बिरंगी राखियाँ बाँधीं।

## होरिया में फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**कटकमसांडी।** पंचायत रेबर के अंतर्गत होरिया में शिव शक्ति क्लब की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच हुआ। इस टूर्नामेंट में प्रखंड कटकमसांडी के आधा दर्जन से अधिक गांवों से 16 टीमें शामिल हुई थी। जिसमें फाइनल में महुंवाई बनाम हजारीबाग टीम पंहुची। दोनों टीमों के बीच संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबला हुआ। लेकिन अंतिम मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट किया गया जिसमें महुंवाई की टीम 5-0 से विजेता बनीं। आयोजित समिति की ओर से विजेता टीम महुँवाई टीम को 31 हजार रुपए नगद और स्मृति चिन्ह एवं उपविजेता टीम हजारीबाग को 21 हजार रुपए नगद और स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि सदर विधायक के विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा एवं मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि परमोध यादव के हाथों देकर पुरस्कृत किया गया।

## फाउंडेशन ने किया महाप्रसाद का वितरण



**बरही।** केदारुत में प्राचीन देवी मंडप में पिछले 24 घंटे से निरंतर चल रहे अखंड हरी कीर्तन के समापन के पश्चात हवन पूजन एवं आरती किया गया। श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के बीच विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सहयोग से महाप्रसाद का वितरण किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि समाज के बदलने से पहले खुद को बदलना जरूरी है। दुनिया को बदलने से पहले खुद को ठीक करना जरूरी है तभी हम सब तरक्की की राह पर जा सकते हैं।

## बाबुलाल के जनसभा की तैयारी को ले बैठक

**हजारीबाग।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का हजारीबाग सदर विधान सभा क्षेत्र के जिला स्कूल में 9 सितंबर को होने वाले महाजनसभा को लेकर भाजपा दारू मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को बीजेजे इंटर कॉलेज में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ,संचालन महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा व धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी हरीश श्रीवास्तव व विजय वर्मा थे। प्रदेश अध्यक्ष के महाजनसभा को सफल बनाने के लिए दारू प्रखंड से 500 कार्यकर्ता शामिल करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य हेतु पांच कार्यकर्ताओं को प्रभारी बनाया गया है। रामनारायण कुशवाहा,इंद्रदेव कुशवाहा, अशोक कुमार कुशवाहा , रामजी कुशवाहा व शत्रुंजय प्रसाद शामिल है। ये सभी पदाधिकारी सभी बूथों पर जाकर जाने वालों की सूची तैयार कर जिला को सौंपेंगे।

## दारू : पेड़ों में बांधा रक्षा सूत्र



**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर दारू में फैले 50 एकड़ से अधिक की जंगल मे लगे पेड़ों का बुधवार को रक्षाबंधन किया गया। इस क्षेत्र में अपनी तरह का यह पहला कार्यक्रम था जिसे लोगों ने काफी सराहना किया। इस कार्यक्रम मे मौजूद लोगों ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर इसके रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष व पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव, सदर विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया।

# पंचायत भवन को ध्वस्त करने का पांडु मुखिया ने किया विरोध

▸▸ कहा- पहले पंचायत भवन का हो निर्माण, उसके बाद हो ध्वस्त

▸▸ सकीबा खातून ने पंचायती राज निदेशक को सौपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडु का पंचायत भवन एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस के विस्थापित क्षेत्र में होने के कारण ध्वस्त करने को लेकर अधिसूचना हजारीबाग जिला उपायुक्त के द्वारा जारी किया गया है। इस संदर्भ में पाण्डु पंचायत के मुखिया सकीबा खातून ने पंचायती राज निदेशक को लिखित ज्ञापन सौंपी है। ज्ञापन के माध्यम से मुखिया ने कहा है कि हजारिबाग जिला के निवर्तमान उपायुक्त के 37/2023 दिनांक 7 फरवरी 2023 की बैठक में केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पाण्डु पंचायत भवन को ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया है। वहीं पाण्डु पंचायत भवन को हटाने संबंधित अनापति देने के संबंध में पाण्डु पंचायत की जनता का आमसभा पंचायत भवन में बीते 1 अप्रैल 2023 को सर्व समिति से निम्न निर्णय लिया गया। जिसमें पाण्डु पंचायत भवन को ध्वस्त करने के पूर्व नए पंचायत भवन का निर्माण कराई जाने की बात थी। पाण्डु पंचायत भवन का निर्माण पंचायत क्षेत्र के अंदर हीं कराई जाय। पाण्डु पंचायत अंतर्गत सभी गांव विस्थापित क्षेत्र में नही है सो पंचायत क्षेत्र में ही पंचायत भवन का निर्माण कराई जाय। पाण्डु पंचायत में प्रखंड क्षेत्र का एक मात्र उर्दू विद्यालय संचालित था। उक्त स्कूल अधिग्रहण क्षेत्र में होने के कारण ध्वस्त कर दिया गया। जिसकी पुनर्निर्माण कराई जाय।

साथ हीं हिंदी विद्यालय को भी अधिग्रहण क्षेत्र में होने के कारण ध्वस्त कर दिया गया। उक्त हिंदी स्कूल का भी पुनर्निर्माण पंचायत के अंदर हीं कराई जाय। ज्ञापन की प्रति उपायुक्त हजारीबाग, मुख्यमंत्री ग्रामीण बिकास मंत्री झारखंड सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार पंचायती राज विभाग, हजारिबाग ग्रामीण विकास विभाग, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को दी गई है। उक्त आशय कि जानकारी संबंधित पंचायत के मुखिया ने दी है। मौके पर मुखिया सकीबा खातून, वॉर्ड सदस्य मोहम्मद इनायत, वॉर्ड सदस्य संजय दुबे, वॉर्ड सदस्य संजर रजा, मोहम्मद जिबरेल, रियाज मियां, सफर रजा, मोहम्मद साहबान, मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद अबादत, मोहम्मद इरफान समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

खबर का असर : हरकत में आया आपूर्ति विभाग

# राशन वितरण सही तरीके से करें डीलर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** हजारीबाग जिले के प्रखंड कटकमसांडी के विभिन्न पंचायत के अंतर्गत सभी पीडीएस दुकानदारों ने जिला आपूर्ति विभाग से राशन वितरण के लिए अनाज आवंटन हो जाता था। कागज पर आवंटन दिखता था लेकिन धरातल पर नहीं। इस मामला में जिला आपूर्ति विभाग की ओछी मानसिकता की समाचार खबर मन्त्र अखबार ने प्रमुखता से लगाई थी। खबर का असर ऐसा दिखा की मंगलवार को हजारीबाग उपायुक्त के तरफ से एक लेटर जारी किया गया है जिसमे वितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा माह अगस्त 23 एव सितंबर 23 के विरुद्ध शत- प्रतिशत खाद्यान का वितरण करने के संबंध जिक्र किया गया है। इससे जुड़ी खबर मन्त्र अखबार में 28 अगस्त के अंक में खबर छपने के बाद विभाग कुंभकरण की नींद से जागी है। जन वितरण प्रणाली को हिदायत दी गई कि जो राशन जन वितरण प्रणाली के द्वारा नहीं किया गया है वह राशन वितरण सही तरीके से करें।कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत के लोग इन दिनों अनाज की संकट से जूझ रहे थें लेकिन आवाज उठाने वाला कोई नहीं था ।

## योग्य वंचित, आयोग्य कार्डधारी उठा रहें लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डुमर धर्मपुर टाटीझरिया बैडम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवो में आयोग्य राशनकार्ड धारी राशन का उठाव कर रहें है। प्रखंड के आठों पंचायत के कई गांव के ऐसे योग्य गरीब परिवार के लाभुक है जो राशनकार्ड के अभाव में आयुष्मान कार्ड का लाभ बीमारी में बेहतर इलाज के लिए वंचित है। चुंकि संपन्न लाभुकों के कारण ही राशन कार्ड की कोटा पूर्ण हो गया।

वंचित लोगों ने नाम नहीं लिखने के शर्त पर इन बातो को डरे सहमें बताया यदि राशन कार्ड की विभागीय जांच करवाया जाए तो कई ऐसे लाभुक होंगे जो आयोग्य होते हुए भी योग्य राशनकार्ड राशन कार्डधारी लाभुक बन राशन उठाव कर रहें है। सरकार के निर्देशानुसार झारखंड लक्षित जन वितरण नियंत्रण आदेश 2022 के नियमावली का उल्लंघन है। ऐसे आयोग्य लाभुकों के खिलाफ विभाग को तत्वरित करें, ताकि योग्य लाभुकों तक राशन पहुंच सके।

## बेरोजगारों को नौकरी दें कंपनी : डॉ. आशीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने बुधवार को सयाल डी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा है। पत्र में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव ड आशीष कुमार ने बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग करते हुए कहा है कि 10 नंबर खदान आउटसोर्सिंग प्राइवेट कंपनी आरए माइनिंग कंपनी द्वारा पिछले 24 अगस्त को खुली खदान खोलने को लेकर उद्घाटन किया है यह स्वागत योग्य है। लेकिन इसमें कोयलांचल के अधिक से अधिक बेरोजगारों और विस्थापित प्रभावितों को रोजगार देनी होगी। साथ ही कोयलांचल के बेरोजगार युवाओं को लोकल सेल का समिति बनाकर लोकल सेल चालू करने की मांग की है।

पत्र में श्री कुमार ने माइनिंग प्रबंधन टीके रॉय से मांग की है कि इस माइनिंग कंपनी में कोयलांचल के 50 प्रतिशत युवा बेरोजगारों की बाहली सुनिश्चित कराई जाए। अन्यथा कोल माइंस वर्कर्स यूनियन और अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा इसका विरोध करते हुए आंदोलन का रूख अख्तियार करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

# श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता

**बच्चों के सर्वांगीण विकास को ले विद्यालय दृढ़ संकल्पित : रोहित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं रक्षाबंधन के अवसर पर देवचन्दा मोड़ स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के बीच राखी मेकिंग एवं खेलकूद प्रतियोगिता हुआ। इस अवसर पर खो-खो एवं चेस प्रतियोगिता हुआ। बच्चों ने लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत किया गया।
कक्षा पांचवीं से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी हस्तकला का बेहतरीन प्रदर्शन कर सुंदर सुंदर राखियां बनाई और छात्रों के कलाइयों पर बांधा। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के अंदर की छुपी प्रतिभा को बाहर निकालकर उनका चहूंमुखी विकास करना ही विद्यालय का लक्ष्य है। खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत महिला खो-खो टीम से ब्लू जेट्स एवं पुरुष खो-खो टीम से गोल्डेन ऐरोज विनर रहें। जिन बच्चों ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। उनमें परी कुमारी, प्रिया भारती, प्रिया, अंशु, खुशबू, शिवरानी, उपासना, सुहानी, ज्योति, रूबी, प्रिया, कोमल, रिया रानी, निशा, खुशी तथा जिन बच्चों को पुरस्कृत किया गया उनमें अवनी सिंह, छवि, रिया रानी, मानवी, सौरभ एवं करण शामिल है।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र हुए सम्मानित



**बरही।** बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के वन्दना सभा में संस्कृति बोध परियोजना में अपने परचम लहराने वाले भैया बहनों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि विद्या भारती अखिल भारती शिक्षण संस्थान अपने देश की सभ्यता और संस्कृति के उत्थान हेतु कार्य करती है और समय समय पर अपने भैया बहनों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन करती है। संस्कृति बोध परियोजना में विद्यालय, विद्यालय से संकुल और संकुल से विभाग स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए मालवीय मार्ग हजारीबाग में कोडरमा, गिरीडीह, चतरा और हजारीबाग ज़िला से आये भैया बहनों के बीच अंग्रेजी, संस्कृत व संस्कृति बोध परियोजना की प्रतियोगिता में आदर्श कुमार सिंह, बहन श्रेया कुमारी व बहन कोमल कुमारी ने संस्कृति बोध परियोजना में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## पीवीयूएन पतरातू में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन पतरातू ने कंपनी परिसर में मंगलवार को बड़े उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। प्रशासन भवन के सम्मेलन कक्ष में फिट इंडिया प्रतिज्ञा का संचालन एसके पांडा जीएम (प्रोजेक्ट) और देवदीप बोस जीएम (सीएंडटी सुरक्षा) द्वारा किया गया। प्रतिज्ञा में सभी विभागाध्यक्षों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। यह संकल्प खेल के क्षेत्र में निष्पक्ष खेल, अखंडता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के रूप में कार्य करेगी। कहा गया कि पीवीयूएन खेल कौशल, फिटनेस और समग्र कल्याण की संसति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह एक गतिशील और संतुलित कार्य वातावरण के पोषण के लिए संगठन की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

## गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में गोष्ठी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में बुधवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय गोष्ठी हुआ। इसमें गुरुदेव युगऋषि वेदऋषि तपोनिस्ट पंडित राम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता संक्षय संरक्षण में आयोजित गोष्ठी में शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए त्रिलोचन साहू तथा उसके सहयोगी प्रशांत कुमार द्वारा गुरु जी का संदेश मौजूद लोगों को सुनाया गया। मौके पर हजारीबाग उपजोन प्रभारी रघुनंदन साहू, रामगढ़ शक्तिपीठ के सहायक प्रबंधक ट्रस्टी महेश मिश्रा व जिला समन्वयक राजकुमार स्वर्णकार ने अपने विचार रखें। इस प्रखंड स्तरीय गोष्ठी में भुरकुंडा, पतरातू, सौंदा, बरकाकाना, सहित आसपास के दर्जनों गायत्री परिवारों ने हिस्सा लिया।

# जिंदल स्कूल में खेल प्रतियोगिता आयोजित




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बुधवार को मिनी मैराथन रन फर फ्यूचर (भविष्य की दौड़) का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवम से द्वादश तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मिनी मैराथन में छात्र-छात्राओं को विद्यालय के खेल मैदान से शुरू होकर जेएसपी कैंपस के विभिन्न मार्गों से होते हुए लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी थी। इस मैराथन में छात्राओं की ओर से श्वेता कुमारी नवमी कक्षा की प्रथम, मनीषा कुमारी दशमी कक्षा की द्वितीय और रक्षा कुमारी एकादश कक्षा की तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं छात्रों की ओर से शुभ कुमार यादव नवमी कक्षा का प्रथम, सुमित सिंह दसवीं कक्षा का द्वितीय, और वरुण कुमार दसवीं कक्षा का तृतीय स्थान पर रहें।


## कार्यालय -जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

### पशुपालकों के लिए आम-सूचना

विभागीय राज्या देश संख्या 02 रा० (विभाग) दिनांक 04.05.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजन के लिए पशुपालन प्रभाग सिमडेगान्तर्गत पंचायतवार तिथि निर्धारण की विवरणी –

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाष सं० | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसजोर | कोम्बाकेरा | कोम्बाकेरा | 01.09.2023 02.09.2023 | | | | |
| 2 | जलडेगा | लोम्बोई | लोम्बोई | 04.09.2023 05.09.2023 | | | | |
| 3 | जलडेगा | टिनगिना | डोढीबहार | 08.09.2023 09.09.2023 | | | | |
| 4 | जलडेगा | कोनमेरला | कोनमेरला | 11.09.2023 12.09.2023 | | | | |
| 5 | जलडेगा | लमडेगा | भीतबुना | 13.09.2023 14.09.2023 | | | | |
| 6 | जलडेगा | परबा | परबा | 15.09.2023 16.09.2023 | डॉ० जॉनसन भेंगरा | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, जलडेगा | 9905177660 | |
| 7 | जलडेगा | टाटी | बाड़ीबुंगा | 20.09.2023 21.09.2023 | | | | |
| 8 | जलडेगा | कुटुंगिया | कुटुंगिया | 22.09.2023 23.09.2023 | | | | |
| 9 | जलडेगा | ओड़गा | ओड़गा | 25.09.2023 26.09.2023 | | | | |
| 10 | जलडेगा | जलडेगा | सावनाजारा | 29.09.2023 30.09.2023 | | | | |
| 11 | पाकरटांड़ | आसनबेड़ा | बाजारटॉड़ | 01.09.2023 02.09.2023 | | | | |
| 12 | पाकरटांड़ | सिकरियाटांड़ | सिकरियाटांड़ | 04.09.2023 05.09.2023 | | | | |
| 13 | पाकरटांड़ | कुशकेला | बाजारटॉड़ | 08.09.2023 09.09.2023 | | | | |
| 14 | सिमडेगा | बीरू | अंकुरा | 11.09.2023 12.09.2023 | | | | |
| 15 | सिमडेगा | तामड़ा | झाड़गुरदा | 13.09.2023 14.09.2023 | डॉ० सिपिरियन गुड़िया | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा | 8825101285 | |
| 16 | सिमडेगा | आरानी | अरानी | 15.09.2023 16.09.2023 | | | | |
| 17 | सिमडेगा | बंगरू | बंगरू | 20.09.2023 21.09.2023 | | | | |
| 18 | सिमडेगा | गरजा | जमादोहर | 22.09.2023 23.09.2023 | | | | |
| 19 | सिमडेगा | कोचेडेगा | बेन्दोजोर | 25.09.2023 26.09.2023 | | | | |
| 20 | सिमडेगा | जोकबहार | जोकबहार | 29.09.2023 30.09.2023 | | | | |
| 21 | कुरडेग | गड़ियाजोर | भायमुण्डा | 01.09.2023 02.09.2023 | | | | |
| 22 | कुरडेग | बड़कीबिउरा | करमडीह | 04.09.2023 05.09.2023 | | | | |
| 23 | कुरडेग | डुमरडीह | लिट्टीमारा | 08.09.2023 09.09.2023 | डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कुरडेग | 7903912732 | |
| 24 | कुरडेग | कुटमाकच्छार | महुवाडीह | 11.09.2023 12.09.2023 | | | | |
| 25 | कुरडेग | घड़रीमुण्डा | घड़रीमुण्डा | 13.09.2023 14.09.2023 | | | | |
| 26 | केरसई | कोनजोबा | गोरारजोर | 01.09.2023 02.09.2023 | डॉ० राखी टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, केरसई | 9905749444 | |
| 27 | केरसई | केरसई | महुआटोली | 04.09.2023 05.09.2023 | | | | |
| 28 | केरसई | पूर्वीटैंसेर | गट्टीकच्छार | 08.09.2023 09.09.2023 | | | | |
| 29 | केरसई | पश्चिमीटैंसेर | टैंसेरानवाटोली | 11.09.2023 12.09.2023 | | | | |
| 30 | कोलेबिरा | कोण्डेकेरा | रैसिया | 01.09.2023 02.09.2023 | | | | |
| 31 | कोलेबिरा | बंदरचुँआ | बेसराजारा | 04.09.2023 05.09.2023 | | | | |
| 32 | कोलेबिरा | टूटीकेल | टुटीकेलगिरजाटोली | 08.09.2023 09.09.2023 | | | | |
| 33 | कोलेबिरा | पोगलोया | ऐडेगा | 11.09.2023 12.09.2023 | डॉ० अर्चना मिंज | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कोलेबिरा | 9798614128 | |
| 34 | कोलेबिरा | लचड़ागढ़ | कोम्बाकेरा | 13.09.2023 14.09.2023 | | | | |
| 35 | कोलेबिरा | बरसलोया | सिजांग | 15.09.2023 16.09.2023 | | | | |
| 36 | कोलेबिरा | गजाय टोली | डोमटोली | 20.09.2023 21.09.2023 | | | | |
| 37 | कोलेबिरा | शाहपूर | कोण्डेकेरा | 22.09.2023 23.09.2023 | | | | |
| 38 | बानो | कोनसोदे | कोनसोदे | 01-09.2023 02.09.2023 | | | | |
| 39 | बानो | सिम्हातु | सिम्हातु | 04.09.2023 05.09.2023 | | | | |
| 40 | बानो | बेड़ाईरगी | बेड़ाईरगी | 08.09.2023 09.09.2023 | | | | |
| 41 | बानो | बानो | बानो | 11.09.2023 12.09.2023 | | | | |
| 42 | बानो | बिन्तुका | बिन्तुका | 13.09.2023 14.09.2023 | डॉ० दुलमु बुढ़ीउली | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बानो | 9431380993 | |
| 43 | बानो | बाँकी | नोमिल | 15.09.2023 16.09.2023 | | | | |
| 44 | बानो | जमताई | डुरदा | 20.09.2023 21.09.2023 | | | | |
| 45 | बानो | रायकेरा | मरानी | 22.09.2023 23.09.2023 | | | | |
| 46 | बानो | गेनमेर | गेनमेर | 25.09.2023 26.09.2023 | | | | |
| 47 | बानो | साहुबेड़ा | साहुबेड़ा | 29.09.2023 30.09.2023 | | | | |
| 48 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | अलसंगा | 25.09.2023 26.09.2023 | डॉ० अर्चना मिंज | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, ठेठईटांगर | 9798614128 | |
| 49 | ठेठईटांगर | जामबहार | टुकुपानी | 29.09.2023 30.09.2023 | | | | |
| 50 | बोलबा | मालसाड़ा | खण्डानिशान | 20.09.2023 21.09.2023 | | | | |
| 51 | बोलबा | बेहरीनबासा | बेहरीनबासा | 22.09.2023 23.09.2023 | डॉ० सत्येन्द्र कुमार चौधरी | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बोलबा | 7903912732 | |
| 52 | बोलबा | पीड़ीयापोश | बेलकुबा | 25.09.2023 26.09.2023 | | | | |
| 53 | बोलबा | समसेरा | पाकरबहार | 29.09.2023 30.09.2023 | | | | |

शिविर के आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है, जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सके और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

**शिविर का समय – सुबह 08.00 बजे से 03.00 बजे तक**

विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएं निम्नवत होंगी :–

1 पशुओं मे होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2 कुक्कुट, भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करना है।
3 भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
4 उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्सचर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
5 विभिन्न बिमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
6 पशु रोगों की जाँच।
7 बांझपन चिकित्सा एवं गर्भ जाँच।
8 केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
9 विभिन्न प्रकार के सैम्पल यथा– खुन, गोबर, मुत्र आदि जमा कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान काँके, राँची से विशेष जाँच करवाना।

पशुपालकों से अनुरोध है कि आयोजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित इलाज करावें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 305874 Animal Husbandry (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### सर्पदंश से युवक जख्मी, भर्ती

**गुमला।** थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी सुशील उरांव (21) को घर पर सांप ने डंस लिया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। युवक ने बताया कि वह घर के आंगन में बैठे थे। उठकर रूम जाने के क्रम में दरवाजे के बगल में छुपे सांप ने पैर में डंस लिया।

### धान झार और पतल दोना मशीन बंटी



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के तोड़ार में बुधवार को झारखंड जलछाजन योजना के तहत प्रज्ञा सेवा संस्थान लोहरदगा के द्वारा महिला स्वयं सहायता के बीच मोटरचलित धानझार मशीन एवं पतल दोना मशीन बांटी गयी। संस्थान के कोषाध्यक्ष परिमल मिश्र की अगुवाई में झारखंड जलछाजन योजना (जेजेवाई) के तहत 14 जलछाजन गावों के महिला स्वयं सहायता को स्वरोजगार से जोड़ उन्हें सशक्त करने के उद्देश्य से मोटरचलित धानझार एवं पतल दोना मशीन बंटा। मौके पर कृषि स्थायी समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, आशीष सिन्हा, जलछाजन विकास दल के सदस्य विमलेश राम, सुधीर कुमार, अबोध कुमार व ग्रामीण थे।

### पांच दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट छह से

**भंडरा।** एसटी राजा क्लब तिलसिरी 6 से 10 सितंबर तक हॉकी मनी प्राइस प्रतियोगिता तिलसिरी मैदान में रखा है। क्लब प्रत्येक वर्ष हॉकी टूर्नामेंट करता है। इस वर्ष पांच दिवसीय टूर्नामेंट किया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 18 हजार, द्वितीय पुरस्कार 14 हजार, तृतीय पुरस्कार 9 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार रखी गयी है। आयोजन के लिए एक कमेटी बनायी गयी है। कमेटी अध्यक्ष पवन कुजूर, उपाध्यक्ष निर्मल मिंज, सचिव अनूप लकड़ा, उपसचिव अनुग्रह महतो को बनाया गया है। क्लब एक वनडे धमाका भी करेगा। जिसमें 16 टीमें भाग लेंगी। प्रथम पुरस्कार बड़ा खस्सी और द्वितीय पुरस्कार एक खस्सी दी जायेगी। जानकारी अध्यक्ष पवन कुजूर ने दी।

### इलाजरत महिला का मोबाइल चोरी

**गुमला।** सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती बसिया थाना क्षेत्र के सरईडीह की मोनिका देवी का मोबाईल एक युवक ने बुधवार को चोरी कर ली। मोनिका ने अस्पताल उपाधीक्षक से शिकायत की है। शिकायत मिलने पर अस्पताल उपाधीक्षक ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी। बुधवार को अस्पताल के पोसमेटल वार्ड में भर्ती मोनिका देवी को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए बुलाया था। इस दौरान एक युवक आया और उसका मोबाईल निकाल लिया। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में युवक की तस्वीर कैद हो गयी है।

### ट्रक को बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव के समीप सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिरी के पिंटु उरांव (30) व सोनगरा के जीतन उरांव (28) दोनों बाइकस से चिरी से जीतन का गांव सोनगरा आ रहे थे। इसी दौरान सड़क के किनारे खड़ी बॉक्साइट ट्रक से बाइक जा टकरायी। इसमें जीतन की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

### अधेड़ महिला से दुष्कर्म का आरोपी फरार

**गुमला।** शहर से सटे एक गांव में देर रात्रि अधेड़ महिला के साथ दो युवकों के दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर गुमला थाने में लिखित शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गयी है। परंतु अभी तक वह पुलिस गिरफ्त से बाहर है। बताया जाता है कि आरोपी दोनों युवकों में एक युवक जुलाई 2016 को एक महिला से दुष्कर्म के मामले को लेकर जेल गया था जो डेढ़ माह पूर्व जेल से बाहर आया है। फिर घटना को अंजाम दिया है।

### सीआरपीएफ जवानों को बांधा रक्षा सूत्र



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुगाकाटा स्थित एकल विद्यालय के बहनों ने सिलम स्थित सीआरपीएफ कैंप पहुंचकर जवानों को रक्षा सूत्र बांधी। सर्वप्रथम सभी जवानों की आरती उतारी गयी एवं माथे पर कुमकुम लगाया गया। इस कार्यक्रम में कैंप में रह रहे 40 जवानों को रक्षा सूत्र बांधा गया। मौके पर एकल विद्यालय प्रमुख कामेश्वर साहू, देवघर विभाग संगठन मंत्री नरेश गुप्ता, शुगाकाटा ग्राम प्रमुख बिरजू नगेसिया, फ्रिनाथ किसान, मदन नगेसिया एवं एकल विद्यालय की 20 बहनें उपस्थित थीं।

### थाना गेट के समीप वाहनों की जांच

**चैनपुर।** पुलिस ने थाना गेट के समीप बुधवार को अपराध नियंत्रण तथा सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं कागजातों की गहनता के साथ जांच की गई। वहीं बिना हेलमेट के चलने वाले दर्जनों वाहनों को जब्त किया गया। वहीं एसआई आलोक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण तथा सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है।

### गुमशुदा युवतियां परिजनों को सौंपी



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के कटकाही की तीन लड़कियों को चैनपुर पुलिस ने जारी थाना क्षेत्र से बरामद कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया। पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाने के एसआई प्रियंका तिर्की ने बताया कि लड़कियों के परिजनों ने थाने में उनके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। जिसमें परिजनों ने बताया कि तीनों लड़कियां रविवार को चर्च जाने की बात कहकर घर से निकली थी। फिर जब वापस नहीं लौटी तो थाने में इसकी सूचना दी गयी।

### श्मशान घाटों पर नहीं है बिजली, पानी व छाया की व्यवस्था : मिशन बदलाव

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में गुमला डीसी से मिलकर श्मशान घाट की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और श्मशान घाट में बिजलर, पानी व छाया की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर ज्योति वर्मा ने कहा कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के श्मशान घाटों पर सुविधाएं न के बराबर है। श्मशान घाटों में बिजली, पानी एवं अन्य आवश्यक संसाधन की कमी है।

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को जिले में बना जन शिकायत सेल : उपायुक्त

- मॉनिटरिंग टीम करेगी प्रत्येक समस्याओं को मॉनिटर
- प्रेस वार्ता कर उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर विभिन्न विभागों के उपलब्धियों पर आंकड़ेवार परिचर्चा की। साथ ही उपायुक्त ने पत्रकारों से जिले भर की मुख्य समस्याओं के बारे में जाना। जन समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त ने कहा कि जन शिकायत सेल का गठन किया गया है। जिसे जिला स्तर के मॉनिटरिंग टीम लगातार मॉनिटर करेगा एवं ये सुनिश्चित किया जायेगा कि सभी समस्याओं का निवारण निर्धारित समय अंतराल में हो जाये। इसके अलावा उपायुक्त ने एक और जानकारी दी कि जिला स्तर पर एक ऑनलाइन पोर्टल का भी गठन करने पर कार्य किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जनता अपने घरों से ही समस्याओं के विषय में ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे और जिला मॉनिटरिंग टीम उक्त सभी समस्याओं का ससमय निवारण करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## तीन चरणों में इस समस्या का निवारण करने का प्रयास

उपायुक्त ने सुखे की स्थिति में किसानों को सरकार द्वारा दिये जाने वाली सुविधाओं एवं कार्ययोजना के बारे जानकारी देते हुए बताया कि तीन चरणों में इस समस्या का निवारण करने का प्रयास किया जा रहा है। पहले चरण में वैसे किसान जिन्हे रवि की खेती में नुकसान हुआ है उन्हे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए आर्थिक राहत देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी चरण में वैकल्पिक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है एवं किसानों को प्रशिक्षण सहित अन्य सरकारी सहायता दी जा रही है। वहीं वैसे किसान जो सुरक्षित पलायन करना चाहते हैं या वैसे लोग जो जिले से बाहर जाकर अच्छी आमदनी कमाना चाहते हैं वैसे लोगों की भी जिम्मेदारी लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तत्कालीन सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं जिले के कई ज्वलंत मुद्दों के विषय में उपायुक्त से सवाल पत्रकारों ने किया। जिसमें अवैध शराब की बिक्री, अनियमित राशन वितरण, पलायन, बाल मजदूरी,



प्रेस कान्फ्रेंस करते गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

पानी, बिजली, सड़क, राशन कार्ड, एंबुलेंस की व्यवस्था आदि से जुड़े मुद्दे शामिल थे। उक्त सभी मुद्दों पर उपायुक्त ने सहज रूप से जानकारी दी। जिन बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है उसके विषय में भी बताया एवं जिन मुद्दों से वे अनाभिग्य थे उसे अपने संज्ञान में लेते हुए उसपर भी कार्रवाई जल्द ही करने का आश्वासन दिया। एंबुलेंस के मुद्दे को लेकर उपायुक्त ने बताया कि जल्द ही जिले में 16 एंबुलेंस (108) को फंक्शनल कर दिया जायेगा, जिसपर कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य एंबुलेंस का भी संचालन किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने पत्रकारों द्वारा उठाये गये अन्य कई बिंदुओं पर परिचर्चा की। उपायुक्त ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया के माध्यम से सभी जिले वासियों को रक्षाबंधन के अवसर पर शुभकामनाएं भी दी तथा रक्षा बंधन से जुड़े अपने निजी अनुभवों को भी मीडिया कर्मियों से साझा किया। प्रेस वार्ता के दौरान जिले के सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास, प्रधान लिपिक स्वाति तिर्की, फोटोग्राफर दिवाकर साहू उपस्थित थे।

### अरकोसा नवाटोली में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में जिओ मैक्स क्लब चैंपियन

# प्रतिबद्धता से खेलने पर लक्ष्य की प्राप्ति जरूर: सुखदेव भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के अंतर्गत नेशनल फुटबॉल क्लब अरकोसा नवा टोली के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन समारोह का फाइनल मैच जिओ मैक्स क्लब बनाम और अरकोसा क्लब के बीच खेला गया। जिसमें जिओ मैक्स 1--0 से चैंपियन हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पहले सुखदेव भगत का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। श्री भगत ने मौके पर खिलाड़ियों को जीतने का टिप्स देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने मन में यह विश्वास पैदा करें कि जीतूंगा मैं यह खुद से वादा करें, जितना सोचते हो उससे ज्यादा कोशिश करो क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है।



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

**...और क्या बोले सुखदेव**

पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून है। सैकड़ो की संख्या में जिले में फुटबॉल टूर्नामेंट होता है और यहां की जनता टूर्नामेंट को उत्सव के रूप में मनाते हैं। जिसमें गांव के सभी वर्गों का सहयोग रहता है। श्री भगत ने कहा कि खेल को हमें रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है खेल के माध्यम से भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

- गढ़ा असरो का रहने वाला है आरोपी पुनीत एक्का (26)
- परिजनों के साथ थाना आकर युवती ने दर्ज करायी थी प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** जारी पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म के आरोपी गढ़ा असरो निवासी पुनीत एक्का पिता नोर्बट एक्का उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया।

जारी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि गढ़ा असरो निवासी एक युवती ने अपने परिजनों के साथ थाने में आकर लिखित आवेदन देते हुए बताया कि गढ़ा असरो निवासी पुनीत एक्का ने गांव के सिकटा गढ़ा के पास उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पुलिस ने युवती का मेडिकल कराते हुए प्राथमिक अभियुक्त पुनीत एक्का को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। छापामारी दल में जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि देवानंद राणा, पुअनि अंकु कुमार, सनी अरूण पाण्डेय, सनी किस्टो राम सहित थाना के जवान मौजूद थे।



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व अन्य।

## एसीए-डीएमएफटी मद के बकाये राशि का भुगतान करने की मांग

- उपायुक्त को संवेदक संघ के सदस्यों ने सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को संघ के सदस्यों ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए एसीए व डीएमएफटी मद के बकाये राशि की भुगतान की मांग की। सदस्यों ने कहा कि संवेदक विकास कार्यों को ससमय पूरा किये लेकिन उनका भुगतान लंबे समय से रूका हुआ है। संघ के सदस्यों ने कहा कि पूर्व उपायुक्त के द्वारा एसीए मद के बकाये भुगतान को परियोजना निदेशक आईटीडीए गुमला को करने हेतु प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के विमुक्त राशि से संवेदकों को एसीए मद से किये गये कार्य का भुगतान करने के लिए समायोजन का निर्देश दिया था। परंतु परियोजना निदेशक से मिलने पर यह प्रतीत हो रहा है कि हम संवेदकों का भुगतान नहीं होगा। डीएमएफटी मद में भी भुगतान का विपत्र पारित होने के बाद भी कटौती कर भुगतान किया जा रहा है। संघ के सदस्यों ने उपायुक्त से संवेदकों का दर्द व परेशानी को समझ तत्काल भुगतान करने की मांग की।



## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो /लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल कार्यक्रताओं के एक बैठक मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के अध्यक्षता व प्रखंड प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संयोजक राजकिशोर महतो एवं प्रखण्ड प्रभारी नवीन कुमार टिंकू की उपस्थिति में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की मजबूती व आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही आगामी 3 सितंबर को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की आगमन पर होने वाली कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनायी गयी। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि देश मे भारतीय जनता पार्टी की लहर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। तमाम कार्यकर्ताओं को निःस्वार्थभाव से पार्टी संगठन के हित में कार्य करना है।

### सिलेंडर के दाम कम होने पर पीएम को दी बधाई

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा (डीके) ने प्रधानमंत्री द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर में 200 की राशि कम किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया और चैंबर की तरफ से उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि पीएम का कदम सराहनीय कदम है। इससे आम नागरिकों खास करके हमारे घरेलू महिलाओं को व्यापारियों को काफी सुविधा होगी। अब घरेलू गैस सिलेंडर 900 में मिलेंगे और उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर 700 में मिलेंगे। आगे भी आशा करते हैं कि आमजन के हित में प्रधानमंत्री जी योजनाएं लाते रहेंगे।

### मोंटेसरी पैराडाइस एकेडमी स्कूल में मना रक्षाबंधन



**घाघरा।** मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी यज्ञ बगीचा करमडीपा घाघरा में भाई बहन का अटूट प्रेम वाला पर्व रक्षाबंधन सह मिलन समारोह मंगलवार को किया गया। जिसमें सभी स्कूली बच्चों ने भाग लेकर एक दूसरे की कलाइयों पर राखी बांधी और बधाइयां दी। स्कूल के निर्देशक संजय भगत ने कहा की रक्षाबंधन भाई-बहनों का अटूट संबंध वाला पर्व है।

### ऑटो से बचने में बाइक अनियंत्रित, तीन घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के भलमंडा मोड के समीप ऑटो से बचने के क्रम में बाईक सवार अनियंत्रित होकर बुधवर को सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घायलों में बाइक सवार सानयाकोना के गोविंद लोहारा (30), उसकी पत्नी गीता देवी (27) व गोविंदा का साला विजय (25) शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। विजय सिर पर गंभीर चोट से बेहोश है। गीता के भी सिर पर गंभीर चोट है। गोविंदा के चेहरे पर हल्की चोट है। इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है।

### आज दुमका रवाना होगी 24 कराटेकारों की टीम

**लोहरदगा।** जिला कराटे संघ से कराटेकारों की एक टीम दुमका के लिए 31 अगस्त को रवाना होगी। लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई कयूम खान व सचिव रेंसी श्रवण साहू ने बताया कि दुमका में 1 से 3 सितंबर तक स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के बैनर तले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप होगा। उक्त आयोजन में सिर्फ एफिलिएटिड कराटे संघ के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। चैंपियनशिप ऑफिशियल टूर्नामेंट है। जिसमें लोहरदगा जिला कराटे संघ के 24 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने दुमका जा रहे हैं। लोहरदगा से जाने वाली टीम संघ के सचिव रेंसी श्रवण साहू, प्रशिक्षिका सेंसाई सूर्यवती देवी, टीम मैनेजर शिल्पा खेस के साथ जायेंगे। टीम में द डोजो बीआईडी, जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल हरमू, स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हारिया के कराटेकार हैं।

### एसडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंप शहर के चार सड़कों की चेंबर ने की निर्माण की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके के नेतृत्व में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह गुमला नगर परिषद के प्रशासक श्री रवि जैन के नाम एक मांग पत्र कार्यालय में सौंपा। जिसमें नगर के कुछ जर्जर सड़के व नाली को बनवाने हेतु आग्रह किया गया। पत्र में प्राथमिकता के आधार पर गुमला नगर के चार सड़कों पंजाबी गली, नारायण कालोनी, थाना रोड से बाजार टांड व चेटर सड़क के निर्माण की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जयसवाल, सचिव बबलू वर्मा, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, कार्यकारिणी के ब्रिज फोगला आदि शामिल थे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव छह को

**गुमला।** रौनियार वैश्य समाज गुमला के द्वारा आगामी 6 सितंबर को पालकोट रोड स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा। समाज के सचिव अनमोल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव के तहत रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी है। मंदिर परिसर में विशाल पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

### 30 दिवसीय सेल फोन मरम्मत और सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा द्वारा आयोजित 30 दिवसीय सेल फोन मरम्मत और सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा, डीएम बिपिन चंद्र आर सेटी के निदेशक मयंक कुणाल कांडुलना ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिये। अनिता ने कहा कि आज इस डिजिटल दौड़ में मोबाइल फोन मरम्मत एक अच्छा स्वरोजगार का साधन बन चुका है, एक अच्छे, कुशल मैकेनिक की हर जगह मांग रहती है इस प्रशिक्षण से आप किसी जगह अपना सेंटर खोल कर अच्छी आमदनी कर सकते हैं।

### युवा जागृति क्लब भीठा फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, अनिल उरांव बोले

# हार जीत खेल का हिस्सा इससे सीख लेकर आगे बढ़ें खिलाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के भीठा मैदान में युवा जागृति क्लब द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का भव्य आयोजन किया गया। मैच में कुल 32 टीम भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन की और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव अनिल उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में भंडरा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, झामुमो जिला सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा के मंसूर अंसारी, सम्मानित अतिथि भीठा पंचायत मुखिया टेले उरांव, उप मुखिया सुहैल अमीन, सहित भारी संख्या में अतिथि एवं दर्शक उपस्थित हुए। फाइनल मैच युवा जागृति क्लब भीठा और रूणिया के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रूनिया 3 गोल से बढ़त बनाकर खिताब अपने नाम किया।



विजेता टीम के साथ अतिथि।

**खास बातें :** वहीं बालिका वर्ग में युवा जागृति क्लब भीठा और बेड़ो के बीच खेला गया। मैच समाप्ति के बाद विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि मैच में विजेता टीम और विजेता टीम दोनों की अहम भूमिका होती है। जब एक टीम हारती है तभी दूसरी टीम विजयी होती है। हारने वाली टीम आज नहीं तो कल भविष्य में जीतती है और जीतने वाली टीम भी हार की मजा चखती है। इसलिए ना तो जीतने वाली टीम को घमंड करना चाहिए और ना ही हारने वाली टीम को निराश होनी चाहिए। हार जीत जीवन के सभी क्षेत्रों में लगा रहता है।

# एमबी डीएवी में हुआ चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जुरिया स्थित एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में भारत चंद्र अभियान चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता व राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर जीपी झा ने कहा कि भारत को चांद पर सफलता मिल गई है। चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर उतर कर इतिहास रच दिया है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बन गया है। स्वयं को भारत का नागरिक होने के कारण गौरवान्वित अनुभव होता है।



नाटक मंचन में शामिल कलाकारों के साथ प्राचार्य।

**खास बातें :** मौके पर सीनियर बायो शिक्षक यूसी दास व सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका रीना रितिका तिर्की के निर्देशन में विद्यार्थियों ने इसरो के चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन विद्यार्थियों से करवाया। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकृति पंकज व समूह, कक्षा दसवीं के छात्र तेजस्वी दूबे व समूह तथा रिद्धिमा सिंह व समूह तथा छोटे बच्चों में रिशिथ राज, प्राची विश्वकर्मा, वेदांश पंकज व अन्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों के मध्य राखी बनाने की प्रतियोगिता की गयी। जिसमें कक्षा चौथी में परिनिधि चौधरी, आयुषी कुमारी, किसवा हरम व आलिया अंबर ने प्रथम,रिशिथ राज ने द्वितीय तथा प्रिंस उरांव व अर्पण प्रजापति ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा पांचवी में तलाश प्रेरित, शाश्वत कुमार ने प्रथम, साक्षी उरांव व एंजेल केरकेट्टा ने द्वितीय तथा अमीषा कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया।कक्षा आठवीं व नौवीं के विद्यार्थियों के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# रेफरल अस्पताल में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत, सदर अस्पताल में इलाज के पूर्व मां की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** रेफरल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात नर्स की लापरवाही से प्रसव के दौरान बरडीहा थाना के लेभरी गांव निवासी प्रदीप प्रजापति की नवजात बच्ची की मौत हो गई। जबकि प्रदीप की पत्नी सुनीता देवी (20 वर्ष) को गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया जहां पर उसे बेड पर लिटाते ही इलाज के पूर्व ही उसकी भी मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और मझिआंव रेफरल अस्पताल की नर्सों को जच्चा बच्चा की मौत का जिम्मेवार बताकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि 9:30 बजे प्रदीप प्रजापति ने अपनी पत्नी सुनीता देवी (20 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया था। प्रदीप ने बताया कि भर्ती कराने के बाद ड्यूटी पर कार्यरत नर्स ने कहा था कि स्थिति ठीक है। इसके बाद नर्स ने रात्रि में ही तीन बार छोटे से कागज की टुकड़ी पर दस इंजेक्शन अस्पताल के बाहर के दवा दुकान से मंगाया और उसे इंजेक्शन पर इंजेक्शन देते रहे। जिस कारण मेरी पत्नी की स्थिति नाजुक हो गई। मैंने उनसे गढ़वा सदर अस्पताल में रेफर करने के लिए कहा। लेकिन उनके द्वारा कहा गया कि मेहनत हम करें और फल कोई दूसरा खाये। इसके बाद बुावार सुबह साढ़े आठ बजे प्रसव के दौरान ही उन नर्सों ने मेरी बच्ची को मार दिया। प्रदीप ने रोते हुए कहा कि अगर ये नर्स डक्टर को बुलाकर दिखाते और दवा लिखवाते तो बच्ची की मौत नहीं होती। बच्ची की मौत होने के बाद अपनी पत्नी को गढ़वा सदर अस्पताल ले गए जहां पर उसकी भी मौत हो गई। इस संबां में ड्यूटी पर कार्यरत नर्स ममता जौनी ने कहा कि सब कुछ ठीक था, इसलिये रेफर नहीं किये।

उनसे जब दवा, इंजेक्शन के बारे मे यह पूछा गया कि अस्पताल से बाहर से क्यों मंगवाये थे, तो उनके द्वारा कहा गया कि ताकत एवं डिलीवरी के लिए मंगवाये थे। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या इस दवा को मरीज के रजिस्टर में अंकित किया गया है या नही, तो उनके द्वारा कहा गया कि नहीं। हम लोग मरीज की स्थिति देखते हुए बाहर से दवा मंगवाते हैं। रात्रि ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक ड मनीष कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी नर्स द्वारा उन्हें महिला की डिलीवरी या उसके खराब कंडीशन के बारे में सूचना नहीं दी गई है। अगर उन्हें बताया जाता तो वे खुद जाकर उसे देखते और दवा लिखते। चिकित्सक ने बताया कि महिला वार्ड में पुरुष चिकित्सक के जाने पर महिला के परिजन कई बार एतराज कर चुके हैं, इसलिए जबतक किसी नर्स द्वारा यह नहीं बताया जाता कि स्थिति नाजुक है, तब तक महिला वार्ड में चिकित्सक नहीं जाते हैं। जब नर्स द्वारा खराब कंडीसन में कहा जाता है तब चिकित्सक अपने देखरेख में डिलीवरी कराते हैं। उन्होंने कहा कि नर्स द्वारा बिना उनसे पूछे दवा लिखा गया है तो यह गलत बात है। उन्होंने जच्चा बच्चा की मौत पर अफसोस जताया। रेफरल अस्पताल प्रभारी ड गोविंद प्रसाद सेठ से बाहर से दवा मंगाने के संबां में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी तरह की दवायें उपलब हैं। बाहर से कोई दवा नहीं मंगाना है लेकिन नर्स बाहर से मरीज के परिजनों से क्यों दवा मंगाती है इसका जबाब तो वही दे सकती है।


हंगामा करते परिजन

## स्पीड न्यूज

### कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने किया राखी व मिठाई का वितरण


राखी व मिठाई वितरण करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एण्ड विकास सोसाइटी गढ़वा जिला के तत्वावधान में मेराल प्रखण्ड के तेनार पंचायत भवन में मुखिया बीडीसी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों के बीच सोसाइटी के तरफ से राखी एवं मिठाई का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो बहनों को राखी एवं मिठाई दिया गया। इस दौरान जिला प्रबंधक अयूब खान उर्फ बबन ने कहा कि संस्था के सचिव विकास कुमार माली के निर्देश पर राखी त्यौहार को लेकर जिले के विभिन्न पंचायत में घर-घर जाकर राखी व मिठाई देकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में संस्था ने मेराल प्रखंड के तेनार पंचायत में जाकर लोगों के बीच राखी व मिठाई का वितरण किया। बताया कि संस्था के द्वारा इसी को देखते हुए रक्षाबंधन के अवसर पर घर-घर जाकर राखी व मिठाई दिया जा रहा है। ताकि बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिला सके। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या को रोकना है। इसी को देखते हुए 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा।

### फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं प्रतापपुर वासी


संतोष कुमार दुबे

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संतोष कुमार दुबे ने कहा है कि गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर गांव के लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। वहां के पानी प्लांट का फ्लोराइड फिल्टर मशीन बंद है। स्थानीय जनप्रतिनिाि पेयजल मंत्री हैं, इन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है । मंत्री को पता भी नहीं होगा कि प्रतापपुर झारखंड में सबसे ज्यादा फ्लोराइड से प्रभावित गांव है। प्रतापपुर के भोली भाली जनता जहर युक्त पानी पीने को मजबूर है। आज प्रतापपुर के लोग प्रतापपुर छोड़ने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि बिना पानी के रहा नहीं जा सकता । प्रतापपुर के फ्लोराइड युक्त पानी जहर के समान है जिसको लोग जान बचाने के लिए पीने के लिए मजबूर हैं लाचार हैं। संवेदनहीन जनप्रतिनिाि सह मंत्री का गढ़वा के आमजन से कोई सरोकार नहीं है । ऐसे विषय पर भारतीय जनता पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है और गढ़वा जिला प्रशासन से मांग करती है कि प्रतापपुर के समस्या का समाान तत्काल किया जाए, नहीं तो आने वाले समय में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है रक्षाबंधन : एमपी केशरी


राखी बांधती बहनें

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबांन पर्व के अवसर पर रक्षासूत्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केषरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक राखियां बनाई तथा चयनित छात्र-छात्राओं को निदेशक ने पारितोषिक एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक श्री केषरी ने कहा कि हमारा देश त्यौहारों का देश है। यहां प्रत्येक पर्व का अपना महत्व है। रक्षाबांन का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। रक्षाबांन के दिन सभी बहने अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांाती हैं और मिठाई खिलाकर लंबी आयु एवं सुख समृद्धि की कामना करती हैं। वहीं भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं तथा उसकी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के अंत में वर्ग चार से सात के छात्र-छात्राओं के बीच रक्षाबांन कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर नीलम केशरी, सुनीता, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

### रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन


राखी बांधती बहन

**केतार।** राजकीय मध्य विद्यालय केतार में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले सभी हिंदू-मुस्लिम बहनों ने भाइयों के कलाई पर राखी बांधी और एक दूसरे को मिठाइयां खिला कर भाई-बहन का होने का फर्ज निभाया। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम करने से विद्यालय में आपसी भाईचारा के दिशा में अच्छा संदेश जाएगा। मेरा प्रयास रहेगा कि इस तरह का कार्यक्रम हर वर्ष हो। मौके पर प्रबंध समिति अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, संतोष कुमार, राजनाथ राम, राजकुमार पाठक, राजू कुमार सिंह, प्रेम कुमार, धनंजय कुमार, अजय कुमार, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज डोमचांच प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय के सभी विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया कि प्रखंड समन्वयक 15वें वित आयोग, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा बीपीओ कार्यालय कर्मी अनुपस्थित थे। जिसपर बीडीओ द्वारा बताया गया कि सभी क्षेत्र भ्रमण में गये हैं। उपायुक्त ने बीडीओ व सीओ को निर्देश दिये कि कार्यालय के सभी कर्मी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा प्रखंड के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले आमजनों की समस्याओं का समाधान करेंगे। सभी कर्मी कार्यालय में ससमय उपस्थित रहेंगे।

वहीं उन्होंने बीडीओ से राशन कार्ड धारी के बारे में जानकारी ली और कहा, राशन से संबंधित मामलों का निस्तारण अपने स्तर से करेंगे। उपायुक्त ने डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां बच्चों से बात चीत की और बच्चों से उनके पठन-पाठन की जानकारी ली और शिक्षा व्यवस्था के बारे में जाना। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि बच्चों को सरल भाषा में विषयों को समझाएं एवं बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने प्रोजेक्ट रेल के तहत टेस्ट की भी जानकारी ली और कहा कि सभी विषयों का नियमित रूप से टेस्ट लेंगे।

## गुणवत्तापूर्ण भवन का निर्माण हो : उपायुक्त



उपायुक्त ने रेफरल अस्पताल डोमचांच का औचल निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं उन्होंने रेफरल अस्पताल में चिकित्सक बढ़ाने की बात कही और मेडिसिन स्टोर का रजिस्टर बेहतर तरीके से संधारण करने का निदेश दिया। साथ ही नवनिर्मित रेफरल अस्पताल के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। वहीं उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसका ख्याल रखेंगे। मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, एपीआरओ अविनाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच व अन्य मौजूद थे।

### एसडीओ के नेतृत्व में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर एसडीओ के नेतृत्व में जिले में चल रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है, बीते मंगलवार रात्रि को एसडीओ के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान नियमों के उल्लंघन के आरोप में 9 वाहनों पर कार्रवाई के साथ साथ 16 वाहनों को जप्त किया गया। वाहन जांच के दौरान बिना इंश्योरेंस, फिटनेस, लाइसेंस, प्रेशर हॉर्न के आरोप में 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया, जबकि शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में दो वाहनों पर भी जुर्माना लगाया गया। इसके अलावे बागीटांड चेकनाका के समीप चलाये गए जांच अभियान में बिना चालान के स्टोन चिप्स लदे 16 ट्रकों को जप्त किया गया।

# पंचायत ज्ञान केंद्र का डीडीसी ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा जयनगर प्रखंड अंतगर्त जयनगर पूर्वी पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का निरिक्षण किया एवं संबंधित एजेंसी को पंचायत ज्ञान केंद्र में आवश्यक सामग्रियों का अधिष्ठापन करते हुए एक सप्ताह के अंदर संचालन कराने हेतु निदेशित किया। साथ ही निर्माणाधीन आगंनबाड़ी केंद्र पेठियाबागी का भी निरिक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरिक्षण के क्रम में बीडीओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मुखिया एवं संबंधित एजेंसी के साथ अन्य कर्मी मौजूद थे।

# मेरिडियन अकादमी में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मेरिडियन अकादमी झुमरीतिलैया में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे की कलाई पर राखी बांधकर यह प्रदर्शित किया कि आज भी हमारी संस्कृति अक्षुण्ण है। वहीं निदेशक डॉ. श्रीनिवास कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन का प्रारंभ देवासुर संग्राम से हुआ, जब शची ने देवराज इंद्र के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें असुरों का नाश करने के लिए भेजा। यह सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है, जब मेवाड़ की रानी कर्णावती मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर मदद की गुहार करती है, हुमायूं अपना युद्ध छोड़कर कर्णावती की रक्षा में उपस्थित होता है। वहीं प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडे ने कहा कि आज वर्तमान समय में भी इसकी उपयोगिता कम नहीं हुई है, यह सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएवं एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# लाखों की ठगी का चौथा आरोपी चेन्नई से गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** एडमिशन कराने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का चौथा आरोपी चेन्नई से गिरफ्तार हुआ है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना की पुलिस ने कार्रवाई की और ठगी के आरोपी मंटू राणा को गिरफ्तार किया है। मंटू राणा मूल रूप से सिमरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। मंटू ने राजस्थान के कोटा और पुणे में इंजीनियरिंग में एडमिशन कराने के नाम पर छात्रों के अभिभावक से लाखों रुपए की ठगी की थी। मंटू राणा ने छात्रों के अभिभावकों से एडमिशन कराने के नाम पर पैसा तो ले लिया गया था। लेकिन उसने एडमिशन नहीं कराया। इसे लेकर साल 2017 में सदर थाना में मंटू राणा के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। जिसके बाद से वो फरार चल रहा था। वहीं पुलिस को सूचना मिली कि वह चेन्नई में छिपकर रह रहा है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 में वादी विजय प्रताप सिंह पिता हुकुम सिंह ग्राम चन्द्रलोक कॉलोनी सारसोल अलीगढ थाना बनादेवी जिला अलिगढ (उत्तर प्रदेश) के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर सदर थाना कांड सं0 243/17 दिनांक 17.08.2017 धारा 420/ 467/ 468/ 471/ 120 बी0 भा0द0वि0 के तहत षडयंत्र कर फर्जी दस्तावेज बनाकर ठगी करने के आरोप में प्रतिवेदित किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पिन्टु मिस्त्री, गयानन्द प्रसाद उर्फ गयानन्द पासवान, रमेश रजक तथा मन्टु कुमार राणा के विरूद्ध सत्य पाया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा द्वारा कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक छापामारी टीम का गठन किया गया। उक्त छापामारी टीम के द्वारा कांड का त्वरित गति से निष्पादन हेतु कांड के अभियुक्त पिन्टु मिस्त्री को बाराचट्टी से 6 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं इस कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त गयानन्द प्रसाद उर्फ गयानन्द पासवान को बाराचट्टी से 18 अगस्त को और रमेश रजक को हंटरगंज से 20 अगस्त को तथा मन्टु कुमार राणा को चेन्नई से 30 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## एक नजर में

### अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस को अफीम तस्करों के विरुद्ध सफलता हाथ लगी है। कुंदा थाना पुलिस ने एक किलो 800 ग्राम अफीम के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुंदा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पिंजनी - सिकीदाग मुख्य सड़क पर कुछ 'अफीम तस्कर अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। इसी सूचना को सत्यापित करते हुए एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। जैसे ही टीम सिकीदाग - पिंजनी सड़क पर पहुंची। वैसे ही 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर 4 व्यक्ति आते दिखे। जो पुलिस को देखते ही गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुए। दौड़ाकर पुलिस ने 3 लोगों को पकड़ लिया। जबकि एक भागने में सफल रहा।

जांच के क्रम में मोटरसाइकिल के वाइजर में छुपाकर रखे गए एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया और तस्करों के पास से 2 मोबाइल भी बरामद किया गया। इधर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लेकर आए और पुछ ताछ के बाद मंडल कारा चतरा भेज दिया गया। गिरफ्तार तीनों तस्करों में 2 प्रतापपुर के और एक कुंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### एसपी राकेश रंजन की कोशिश लाई रंग, आठ साल बाद परिवार से मिला लापता कुंदन




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस यदि चाहे तो किसी को भी कहीं से भी ढूंढ निकाल सकती है। इसके उदाहरण पहले भी देखने को मिले हैं। अब नया उदाहरण सामने आया है। यह मामला चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र स्थित धोबे गांव का है। लापता भोला यादव का बेटा कुंदन कुमार को चतरा पुलिस ने 8 वर्ष बाद तमिलनाडु के कृष्णागिरी से ढूंढ निकाला है। जिस पिता ने बेटा को मृत मान लिया था आज वह अपनी बेटा को देख भावुक हो रहे हैं। दरअसल 11 जुलाई 2016 को भोला यादव का बेटा कुंदन कुमार स्कूल से लापता हो गया था। उस वक्त कुंदन की उम्र 15 साल थी। कुंदन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जोरी में पढ़ाई करता था। स्कूल नहीं आने को लेकर प्रिंसिपल ने उसके पिता से शिकायत की थी। इसके बाद कुंदन के पिता भोला यादव ने उसे डांट फटकार लगायी थी। पिता की डांट से नाराज होकर कुंदन घर छोड़कर भाग गया था। जिसके बाद उसके पिता ने वशिष्ठनगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था।

**एसपी ने दिये थे लापता युवक को खोजने के निर्देश:** कुंदन के लापता होने की जानकारी एसपी राकेश रंजन को वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी के माध्यम से मिली। इसके बाद एसपी ने थाना प्रभारी को कुंदन की खोजबीन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कुंदन के आधार कार्ड नंबर से उसकी तलाश शुरू करने को कहा था। इसके बाद उसके आधार नंबर से बैंक अकाउंट का पता लगाया गया। बैंक अकाउंट खंगालने पर पुलिस को कुंदन का मोबाइल नंबर मिला। जिसके आधार पर पुलिस की टीम तमिलनाडु के कृष्णागिरी के होसुर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने वहां से कुंदन को बरामद किया। कुंदन कुमार वहां पर मोटर पार्ट्स की एक कंपनी में नौकरी कर रहा था।

### बम बम भोले के जयकारों के साथ निकली कांवड़ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कान्हाचट्टी।** सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वनखंडी मंदिर प्रांगण राजपुर से भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई।कावड़ यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा शामिल हुए। ढोल-ढमाका और डीजे की धुन पर शिव भक्त झूमते दिखाई दिए। सभी शिवभक्तों ने टटरा स्थित नदी से जल लेकर सभी शिव भक्त वनखंडी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।गौरतलब है कि प्रतिवर्ष यह यात्रा ग्रामीणों द्वारा आयोजित की जाती है। उसी कड़ी में इस वर्ष भी यह कावड़ यात्रा आयोजित की गई। इस बार बड़ी संख्या में शिव भक्त यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा विगत 10 वर्षों से सतत निकली जा रही है। वही श्री तिवारी ने शिवभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सावन में भगवान शिव की पूजा करने से जीवन सफल हो जाता है और भक्तों को समस्त कष्टों से छुटकारा मिल जाता है. सावन में शिव की आराधना से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती। वही प्रखण्ड प्रमुख इंदू देवी ने कहा कि क्षेत्र की सुख समृद्धि, खुशहाली और सुख शांति के लिए यात्रा आयोजित की गई है।

### अखंड हरिकीर्तन में कीर्तन करते हुए जिप उपाध्यक्ष भक्ति में लीन दिखे

खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के कादे ग्राम में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। 24 घंटे के हरि कीर्तन में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उन्होंने माथा टेकते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद अखंड हरिकीर्तन में कीर्तन करते हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी भक्ति में लीन दिखे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में सामाजिक समरसता और धर्म के प्रति लोगों में रुझान बढ़ता है। नई पीढ़ी जो अपने धर्म संस्कृति को भूल रहे हैं वह इससे जुड़ते हैं और अपनी सभ्यता संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। हमें इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान बीच-बीच में करनी चाहिए। जिससे कि धर्म का प्रचार क्षेत्र में होता रहे। मौके पर प्रखंड प्रमुख इंदू देवी,मुखिया अर्चना कुमारी, नंदन किशोर पासवान समेत सैकड़ों गणमान्य ग्राम वासी उपस्थित थे।

## एनडीपीएस के फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**बारियातू।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को बालुभांग पंचायत के हेरहनहोपा ग्राम से एनडीपीएस के 14 साल से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बालूमाथ थाना कांड संख्या 43/09 के अभियुक्त भुनेसर यादव, उर्फ भूनस यादव, उम्र 60 वर्ष पिता वितन यादव, ग्राम हेरहनहोपा थाना बारियातू जिला लातेहार घर पर रह रहा था सुचना पर थाना स्तरीय टीम गठित कर छापामारी अभियान चला कर वारंटी को घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक बिंन्देश्वर महतो, पुलिस सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा भुगत रही है दो प्रखंड की जनता

## कई ग्राम टापू में हुई तब्दील तो कहीं वाहनों का आवागमन ठप, तो कहीं लोगों को हो रही है परेशानी

➲ गरीब लेबर को भुगतान की जानी वाली राशि भी लेकर ठीकेदार गायब, काम शुरू करने को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी भी ठीकेदार को नोटिस देते-देते थक गयें हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** ए. के. एण्ड आर. के. कंपनी के संवेदक की लापरवाही का नतीजा महुआडांड एवं गारू प्रखंड के दर्जनों ग्राम की जनता को भूगतना पड़ रहा है। संवेदक के कार्य के प्रति लापरवाही के कारण महुआडांड प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत स्थित चिकनीकोना ग्राम टापू में तब्दील हो गया है। वहीं अधुरे में कार्य कर छोड़ दिए जाने के कारण दर्जनो ग्राम के लोगों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या है मामला, कौन है दोषी**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा. वि. वि. (ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा ए. के. एंड आर. के. कंपनी के संवेदक को दस करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से महुआडांड एवं गारू प्रखंड में चार ग्रामीण पथ बनाने का एग्रीमेंट किया गया था। ये कार्य थे दो करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से महुआडांड़ प्रखंड स्थित बन्दुआ से गोयरा तक चार किलोमीटर पथ निर्माण, एक करोड़ ग्यारह लाख रुपए की लागत से मेढ़ारी से चिकनीकोना तक कुल लंबाई 1.6 कि.मी. पीसीसी रोड एवं पुल का निर्माण, तीन करोड़ तीस लाख रुपए की लागत से गारू प्रखंड के बारेसाढ़ बस स्टैंड से मायापुर तक पथ निर्माण एवं तीन करोड़ पचास लाख रुपए की लागत से गारू प्रखंड के रामसेली मोड़ से नावाटोली पहाड़कोचा तक पथ निर्माण कार्य करने थे। यह योजना वर्ष 2021-22 की योजना है। पर ठीकेदार के कार्य करने की गति इतनी धीमी है कि कार्य एग्रीमेंट किये हुए दो वर्ष होने को हैं परन्तु अभी तक कही क ही कार्य का दस प्रतिशत भी नही किया है। ऐसे में ठीकेदार के कार्य नही करने का नतीजा इस क्षेत्र के ग्रामीणो को उठाना पड़ रहा है।



टापू में तब्दिल हुआ सड़क।

**गरीब लेबरों का पैसा भी भुगतान नही किया है संवेदक के द्वारा**

ए. के. एण्ड आर. के. कंपनी के संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य करने वाले गरीब मजदूरों का पैसा का भुगतान भी नही किया गया है। सड़क पथ निर्माण कार्य करने वाले गरीब मजदूर विनय यादव, अलबर्ट बरवा, दया किशोर तिर्की, रेमोन तिर्की, हरिशंकर सिंह, वसमत सिंह, रविन्द्र सिंह, किशोर बरवा, विमल यादव, राकेश्वर यादव, मोहर यादव, रूपेश यादव, कुर्बान अंसारी, खदी सिंह, जितेन्द्र सिंह, रेंगा सिंह आदि मजदूरों ने बताया कि कार्य किये हुए कई महीने बित गये पर ठिकेदार पैसा नही दे रहा है। उनलोगो का बकाया लगभग एक लाख रुपए है। वहीं मजदूॅरी का दर प्रतिदिन 2 सौ रुपया ही देता था। इससे उनलोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिती हो गई है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

चिकनीकोना ग्राम के ग्रामीण जय कुमार तुरी, सुरेश महतो, लालदीप महतो, सागर यादव, राजू उरांव आदि ने बताया कि ठीकेदार के द्वारा अधुरे कार्य कर छोड़ दिए जाने के हमारा ग्राम टापू में तब्दील हो गया है। हमे आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से ठिकेदार पर कारवाई करते हुए शीघ्र पथ निर्माण कराने की मांग की है।

### कार्य के दरम्यान दर्जनों पेड़ को काट कर सड़क पर गिरा दिया गया है संवेदक के द्वारा

महुआडांड़ प्रखंड स्थित बन्दुआ से गोयरा तक चार किलोमीटर पथ निर्माण के दरम्यान संवेदक के द्वारा इस पथ के किनारे किनारे लगे दर्जनों पेड़ों की अवैध रूप से कटाई कर गिरा दिया गया है। जिससे एक और पर्यावरण पर दूषित प्रभाव पड़ रहा है वहीं ग्रामीणो मे भी आक्रोश व्याप्त है।

### क्या कहते हैं आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियन्ता?

इस संबंध मे पुछने पर आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियन्ता ओमप्रकाश बड़ाईक ने बताया कि वे खुद भी ए. के. एण्ड आर. के. कंपनी के संवेदक की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। कार्य करने को लेकर विभाग के द्वारा पूर्व में संवेदक को दो-दो बार नोटिस दिया जा चुका है पर संवेदक के द्वारा कोई रिप्लाई नही दी जा रही है। वे शीघ्र ही विभाग को कार्य बंद करने को लेकर अनुशंसित पत्र भेजने वाले है। साथ ही ठेकेदार को भी काली सूची मे डालने के लिए पत्र प्रेषित करंगे। वहीं इस संबंध मे संवेदक का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई पर फोन रिसीव नही करने के कारण उनसे बात नही हो पाई।

## एक सितंबर को मनाया जाएगा पेंशन पुर्नबहाली दिवस



**लातेहार।** झारखंड में पुरानी पेंशन बहाल होने के उपलक्ष्य में पुरानी पेंशन राष्ट्रीय आंदोलन के द्वारा एक सितंबर को हर वर्ष पेंशन पुर्नबहाली दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है सभी कर्मचारी पेंशन पुर्नबहाली दिवस का बैच लगाकर अपने सरकारी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान सेल्फी लेकर मुख्यमंत्री सहित सोशल मीडिया टीम के द्वारा निर्धारित व्यक्तियों, संस्थानों को टैग कर ट्वीट तथा फेसबुक पवर पोस्ट किया जाएगा। अपने कार्यालय, विद्यालय अथवा कार्यस्थल पर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनायी जाएगी एवं अपने कार्यालय कार्य स्थल पर वृक्षारोपण कर पेंशन वाटिका तैयार किया जाएगा। जिसमें हर वर्ष कुछ वृक्ष लगाए जाएंगे। कार्यालय अवधि के उपरांत एक सितंबर को शाम में करीब 4.30 में ललमटिया डैम पर में इकट्ठा होकर सामूहिक रूप से केक काटी जाएगी तथा इसे एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उपयुक्त जानकारी प्रेस नोट जारी कर जिला संयोजक प्रदीप कुमार सिंह एवं जिला संरक्षक हीरा प्रसाद यादव ने दी।

## स्व. अशोक मिंज फुटबॉल टूनार्मेंट द्वारा आयोजित मैच का हुआ उद्घाटन



उद्घाटन के दौरान मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरियातू।** प्रखंड स्थित नाचना ग्राम मे प्रीमियम स्व. अशोक मिंज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन जिप सदस्य रमेश राम, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, निरंजन राम सकीन्दर राम सहित अन्य ने फिता काटकर व फुटबाल को किक मारकर किया। मैच उद्घाटन के मौके पर जिप सदस्य श्री राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा की आप सभी खेल को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रौशन करें। साथ ही कहा की ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन होने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की मौका मिलता है और बेहतर प्रदर्शन करने वालों खिलाड़ियों को प्रखंड से जिला राज्य देश तक खेलने का अवसर प्राप्त होता है। टूनामेंट का अध्यक्ष मनोज लाकड़ा एवं सचिव वकील उरांव ने बताया कि तीन दिवसीय टूनामेंट में भाग लेने के लिए 1099 रू प्रवेश शुल्क रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार पच्चीस किलो खासी प्लस शील्ड एवं द्वितीय पुरस्कार बीस किलो खस्सी व शील्ड तथा तृतीय पुरस्कार एक बड़ा खस्सी शील्ड एंव चतुर्थ पुरस्कार एक खस्सी प्लस शील्ड देकर पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर जीतू मिंज अर्जुन, प्रेम, जयराम, संजय, निक्कू, राजकुमार, कपिल, मनोज, बब्लू, रमेश ,संतोष, सरजू, सुरेश, राकेश, निरंजन, समीर, अनुज, अमित, सुरेंद्र, सतीश, उपेंद्र, शिवकरण, वकील, अणेश, बिल्ला, सुनील सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन, अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण/पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसे सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उपायुक्त द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।



बैठक करते उपायुक्त।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सजगता के साथ काम करें। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चमातू शिव मंदिर में सावन के पवित्र महीने में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन



मौके पर मौजूद लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत चमातू शिव मंदिर में सावन उत्सव के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें रुद्राभिषेक एवं सावन पुजनोत्सव किया गया। हरिकीर्तन के मंत्रोच्चारण ओम नमः शिवाय, जय भोलेनाथ जय जय शिव शंभु के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय में डूबा हुआ था। बूढ़े-जवान यहां तक की युवा पीढ़ी से लेकर बच्चों को भी हरिकीर्तन के रस में डूबो दिया। हरिकीर्तन में एक से बढ़कर एक धुनों पर ओम नमः शिवाय, जय भोलेनाथ का उच्चारण किया गया। हरिकीर्तन में आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। पंडित अभिमन्यु ने बताया कि मंदिर परिसर में सावन पुजनोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ-साथ 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से लोगो की सुख, शांति, समृद्धि, बारिश तथा भक्तों के मन को शांति के साथ घरों में खुशहाली के लिए की जा रही है। अखंड हरिकीर्तन के पूर्व से पूरा मंदिर परिसर को विशेष तरीके से सजाया गया था। इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी व मन भोग भी वितरण किए गए। मौके पर मगध संघमित्रा के जीएम के.के सिन्हा, सिविल ऑफिसर सुनील मनोहर भास्कर, डिस्पैच ऑफिसर ओझा, उप प्रमुख कामेश्वर राम, विजय कुमार, मोहन साव, खुसियाल साव, जय प्रकाश साव, हिरामन साव, भुनेश्वर मिस्त्री, बंसी राम, केदार साव, भीम प्रजापति, सुरेश राम, सुरेन्द्र साव समेत भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।

## अवैध ईट भट्ठा के खिलाफ कार्रवाई

**लातेहार।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के निर्देश पर खनन टास्क फोर्स के द्वारा अवैध ईट भटटा संचालन को लेकर जिले के मनिका थाना अंतर्गत पल्हैया ग्राम में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पल्हैया ग्राम में अवैध रूप से चलत चिमनी ईट भटटा संचालित पाया, ईट भटटा में लगभग 10 हजार पक्का ईट एवं 5 लाख कच्चा ईट को जप्त किया बनाया हुआ पाया। कार्रवाई करते हुए ईट भटटा को ध्वस्त किया एवं चिमनी ईट भटटा मालिक,भूमि मालिक समेत अवैध ईट भटटा संचालन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं अविलंब सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना के पल्हैया गांव में अवैध रूप से ईट भटटा संचालित किया जा रहा है।

## मनिका : मानिकेश्वर व छतर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना किए राजद के भावी विधायक प्रत्याशी

➲ छत्तर बाबा मंदिर के पास लोगों के सुविधा के लिए अपने निजी खर्च से चापाकल लगवाने का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित नामुदाग पंचायत स्थित मानिकेश्वर महादेव मंदिर व डोंकी पंचायत के पहाड़ पर स्थित सुप्रसिद्ध छतर बाबा के मंदिर में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर दिन बुधवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी विधायक प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी अपने कार्यकताओं के साथ पहुंचे और विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया। वही मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा गिरजानंदन सिंह और उनके साथ मौजूद सभी कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर छत्तर बाबा मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजानंदन सिंह चेरो ने कहा कि छतर बाबा मंदिर में हजारों श्रद्धालु पूजा एवं दर्शन करने आते हैं लेकिन यहां एक लोटा पानी पीने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मनिका विधानसभा क्षेत्र में कितने विधायक बने लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। वहीं गिरजानंदन सिंह ने अपने निजी खर्च से बहुत जल्द छतर बाबा मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के पानी की सुविधा हेतु अपने निजी खर्च से वहां पर चापाकल लगवाने का घोषणा किया। उन्होंने कहा कि कमेटी के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष बोर वाहन को बुलवाकर कभी भी बोर करवा सकते हैं जिसका सारा खर्चा मैं उन्हें उपलब्ध करवा दूंगा।

मौके पर युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव, राजद किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, राजद नेता सतेंद्र यादव, बबलू सिंह, ब्यास नागेंद्र यादव, गुड्डू उरांव, कमेटी के अध्यक्ष अंकित कुमार सिंह, श्रवन कुमार सिंह, सुनील यादव, अजीत सिंह, प्रवीण उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डॉक्टर को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



सम्मानित करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम का स्थानांतरण कोडरमा हो जाने के बाद बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्या कोचिंग सेंटर में एक विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर डॉक्टर सुरेश राम को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए डॉक्टर सुरेश राम ने कहा उन्होंने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 वर्षों तक अपनी सेवा दिया। जिससे यहां के लोगों के साथ उनका लगाव हो गया था। लेकिन स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। कहा जहां भी रहूंगा मरीजों की सेवा करता रहूंगा। वहीं विद्या कोचिंग सेंटर के संचालक निर्मल सिन्हा ने कहा कि डॉ. सुरेश राम ने वर्षों तक बालूमाथ में अपनी सेवा दी है। डॉक्टर साहब सादा जीवन और उच्च विचार के धनी व्यक्ति हैं। उनसे यहां के लोगो का परिवार जैसा लगाव हो गया था। उन्होंने डॉ. सुरेश राम के कार्यकाल की सराहना की। शिक्षक अवणिकांत पाठक ने कहा कि डॉक्टर साहब के जाने से ऐसा लगता है कि कोई अपना काफी दूर निकल गया है। उन्होंने डॉक्टर सुरेश राम के सुखमय जीवन की कामना की। वहीं केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन बालूमाथ के दवा दुकानदार ने भी डॉ. सुरेश कुमार के विदाई समारोह का आयोजन किया। जहां उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर लखन लाल, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मो. तौफिक, निरंजन कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, रामलाल यादव, विपिन बिहारी गुप्ता, पवन कुमार मौजूद थे।

## चंदवा विद्युत सबस्टेशन में 5 एमबीए का एक ट्रांसफार्मर जला, रोटेशन में मिल रही बिजली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा शहर के देवनद स्थित विद्युत सब स्टेशन चंदवा में लगा 5 एमवीए का एक ट्रांसफार्मर विगत लगभग एक माह पूर्व जल गया है। 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद चंदवा के ग्रामीण इलाकों की बिजली चरमरा गई है। वर्तमान में2 ट्रांसफार्मर से ही रोटेशन में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली दी जा रही है। बुधवार को प्रखण्ड उप प्रमुख ने विद्युत सब स्टेशन का जायजा लिया व जले हुए ट्रांसफार्मर को कब तक बदला जाएगा इससे संबंधित जानकारी विभाग के अधिकारियों से ली।

**विभाग जल्द लगाए नया ट्रांसफार्मर नही तो होगा आंदोलन: उप प्रमुख**

विभाग की सुस्त कार्यशैली पर रोष प्रकट करते हुए प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने कहा कि लगभग एक माह पूर्व से 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर जला हुआ है, लेकिन विभाग के द्वारा अब तक इस पर ध्यान नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। बरसात के मौसम में बिजली नहीं रहने से कृषि कार्य, बच्चो की पढ़ाई समेत जरूरी कार्य प्रभावित हो हो रहा है, अगर विभाग के द्वारा तत्काल ट्रांसफार्मर को नहीं बदल गया, तो विभाग के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**क्या करते है विभाग के कर्मी**

वहीं विभाग के कर्मियों ने बताया कि 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर के खराब होने की सूचना वरीय अधिकारियों को दी गयी है। नया ट्रांसफार्मर कब तक आएगा वरीय अधिकारी ही बता सकते है।



जायजा लेते प्रखंड उप प्रमुख।

**परेशानी**

➲ प्रखंड उप प्रमुख ने सब स्टेशन का लिया जायजा, कहा विभाग जल्द लगाए

➲ ट्रांसफार्मर के जले बीत गया एक महीना, अब तक नहीं लगा नया ट्रांसफार्मर

## पूर्व विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पुर्व विधायक।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के डोंकी पंचायत स्थित छत्तर बाबा पहाड़ी के नीचे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह एवं भाजपा नेता रघुपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि छत्रर बाबा के मंदिर बनाने में यहां के स्थानीय लोगों का अहम योगदान रहा है सभी लोग ने हजारो फिट ऊंचा पहाड़ पर मंदिर निर्माण के लिए सामग्री श्रमदान से ऊपर चढ़ाए। जहां एक ओर पैदल जाना काफी कठिन है। वहीं लोगों ने मंदिर निर्माण कार्य करके एक बड़ा मिसाल कायम कर दिया है। वहीं प्रमुख प्रतिमा देवी,जिप सदस्य बलवंत सिंह,रघुपाल सिंह,पंचायत समिति सदस्य सुषमा देवी ने भी संबोधन किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंडली में पलामू जिला के लोक गायक ब्यास प्रेम कुमार गिरी और व्यास श्यामलाल दास ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किया। मौके पर महेंद्र सिंह, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, संदीप उरांव, विकास कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद, अरुण ठाकुर, अंकित सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार की घोषणा के बाद भी लाभुकों से पुरानी कीमत वसूल रहा है सिंह एचपी गैस संचालक

# लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा वरीय अधिकारियों से की जाएगी: सहाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** केंद्र सरकार द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर गैस सिलेंडर के किमतो में कटौती करते हुए 200 रुपए कम किए जाने के बावजूद बरवाडीह में सिंह एचपी गैस एजेंसी संचालक के द्वारा लाभुकों से पुरानी कीमत वसूली जा रही है। जिससे लाभुकों में आक्रोश देखा जा रहा है। बरवाडीह के मस्जिद मुहल्ला निवासी लाभुक गुलाम अनवर ने बताया कि वह बुधवार को सुबह गैस एजेंसी सिलेंडर लेने पहुंचे थे। जिसके लिए उन्हें पुरानी कीमत 1160 रुपए पेय करनी पड़ी। उन्होंने चुकाई गई कीमत की स्क्रीनशॉट भी खबर मंत्र को दी है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बुधवार को रक्षाबंधन पर ही नई कीमत में गैस सिलेंडर मिलने की घोषणा की गई है, लेकिन सिंह एचपी गैस एजेंसी में आज में गैस लेने गया तो वहां नियुक्त कर्मी के द्वारा बताया गया कि मालिक द्वारा अभी हमें रेट कम करने के निर्देश नहीं दिए गए है। बड़ा सवाल यह है कि जब गैस का कीमत बढ़ाने की बात होती है, तो उधर घोषणा हुई नहीं कि इधर तुरंत एजेंसी द्वारा मूल्य बढ़ा दिया जाता है। वहीं कीमत घटने पर संचालक द्वारा मनमानी की जाती है। उधर मामले की जानकारी के लिए जिले के कई गैस एजेंसियों से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वह बुधवार की सुबह से ही सरकार द्वारा निर्धारित नई कीमत पर लाभुकों को गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रहें है।



गैस सिलेंडर के पुराने कीमतों की वसूली।

**क्या कहते है बीडीओ**

इधर पूरे मामले के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि सिंह एचपी गैस एजेंसी की शिकायत पूर्व से ही मिलती आ रही है। इनके द्वारा समय पर लाभुकों को गैस उपलब्ध नहीं कराना जैसी शिकायते भी आम हैं। उन्होंने कहा कि जब बरवाडीह के अन्य एजंसियों ने सरकार की घोषणा पर मूल्य कम कर दिए है, तब एचपी गैस एजेंसी के द्वारा लाभुकों से पुरानी कीमत वसूला जाना संचालक की मनमानी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर सिंह एचपी गैस एजेंसी का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा वरीय अधिकारियों से की जाएगी। उधर पूरे मामले की जानकारी के लिए एजेंसी संचालक संतोष सिंह से दूरभाष पर संपर्क करने की कौशिश की गई पर उन्होंने फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

# पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन

## डायन प्रथा के खिलाफ संदेशात्मक नाटक का विभाग के कलाकारों ने किया मंचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


















**देवघर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो दुमका/रांची की ओर से देवघर के आरएल सर्राफ उच्च विद्यालय परिसर में 26 अगस्त से चल रही मल्टी- मीडिया चित्र प्रदर्शनी का आज पांचवे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम स्थल पर आज भी सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को घड़ी, टिफिन, बैग से पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी के समापन पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान ने पिछले पांच दिनों में इसकी उपलब्धियों के बारे में बताया और भारी संख्या में शामिल हुए स्कूली बच्चों का भी उनके पांचों दिन उत्साह बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त किया। आर एल सर्राफ उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर ने उनके विद्यालय परिसर में इस भव्य आयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो का धन्यवाद किया तथा आगे भी ऐसे आयोजन के लिए अपने पूरे सहयोग की बात कही। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट , मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां भी प्रस्तुत की गई। विजय स्तंभ का रेप्लिका, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिए हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि इस प्रदर्शनी के आकर्षण बिंदु थे, जिन्हें दर्शकों ने काफी सराहा। प्रदर्शनी के आयोजन, संचालन एवं समन्वय में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान और ओंकार नाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री सफीक आलम, श्री राज किशोर पासवान, खुर्शीद आलम की महती भूमिका रही है। सी.बी.सी. रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा श्री दुल्लम पांडेय, संजय कुमार व सुरेश उरांव भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं। समापन समारोह में विभाग से जुड़े सांस्कृतिक दल किशोर बबुआ कला परिषद के सदस्यों ने देशभक्ति गीत तथा डायन प्रथा को खत्म करने पर संदेशात्मक नाटक का मंचन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सराफ विद्यालय परिसर में 26 अगस्त 2023 से पांच दिन तक लगाई गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मेरी माटी मेरा देश आदि पर अगली दो दिवसीय प्रदर्शनी कल 31 अगस्त से रामगढ़ के पतरातू ब्लॉक में लगाई जा रही है।

# विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम के खिलाफ वारंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के विधायक सह झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव के विधायक प्रतिनिधि सह पदमपुर पंचायत के पूर्व मुखिया पीरु हेम्ब्रम ने बकरी शेड निर्माण मामले में अनियमितता बरती थी। इसे लेकर चक्रधरपुर पुलिस ने गिरफ्तारी का इश्तेहार जारी किया है। पीरु हेम्ब्रम के आवास पर चक्रधरपुर पुलिस ने इश्तेहार चस्पाते हुए उसे अविलंब सरेंडर करने का आदेश दिया है। साथ ही फरार घोषित करते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में चक्रधरपुर के एसडीपीओ कपिल चौधरी ने कहा कि पूर्व मुखिया पीरु हेम्ब्रम के खिलाफ वारंट है। उसके घर पर इश्तेहार चिपका दिया गया है। साथ ही चारों तरफ सर्च अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल वह फरार है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी। मालूम हो कि बकरी शेड मामले पर पदमपुर पंचायत में कई तरह की अनियमितता बरतने का आरोप पीरू हेम्ब्रम पर लगा है इसको लेकर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज है।

## चुनावों के इस समर में जनता की है मौज, वादा नहीं प्रीपेड करो, तभी मिलेंगे वोट




**डॉ दिलीप कुमार झा**

संविधान के मुताबिक लोकतंत्र की सीढ़ियों पर चढ़कर ही सत्ता की कुर्सी तक पहुंची जा सकती है ।जनता के लिए जनता द्वारा जनता की सरकार होती है। लेकिन लोकतंत्र के खिलाड़ी चुनाव जीतने के बाद लोकतंत्र की हत्या कर लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा देते हैं। आसन्न 2024 का लोकसभा चुनाव सर पर है और कभी भी इसकी घोषणा चुनाव आयोग कर सकती है। केंद्र की सरकार रहती है या बदलती है इसका फैसला इस देश की जनता करेगी अपने मतों के द्वारा। जनता को15/16 बार केंद्र की सरकार चुनने का पुराना अनुभव है और कब कैसे क्या करना है उसे अच्छी तरह पता है। नेता और उम्मीदवारों राजनीतिक दलों की लोक लुभावन मनभावन बातें कितनी बार सुन चुकी जाता अब वादों और आश्वाशन को रद्दी की टोकरी और गर्बिज बॉक्स में रख देती हैं।

जनता को देश की आजादी के बाद से मतदान करने का अनुभव काफी घना रहा है। अब वो अपने मतदान का मूल्य पहले ही ले लेना चाहती है प्रीपेड रिचार्ज की तरह। क्योंकि वादे आश्वासन और सच झूठ, धोखा फरेब, छल बाल, कल से चुनाव जीत लेते हैं और फिर बात भूल जाते हैं दिखाए गए सुनहरे स्वप्न रात की भयंकर डरावनी रातों में बदल कर सामने आने लगती है। जब जनता देखती है कल तक इसके पास एक साइकिल नही होती थी लोगों के खाकर पलटा था आज इसके पास ऊंची ऊंची बिल्डिंग, होटल, कारों का काफिला, जमीन जायदाद बैंको में लाखों करोड़ों रुपए, पत्नी तक बदल ली जाती है बेटे बेटियां विदेशों में पढ़ रहे होते हैं एक राजा की तरह उसका स्वागत लोग आगमन पर पलक पांवड़े बिछाए रहते हैं। जनता सोचती है कल ये गली गली हर घर जाकर एक एक बोट का समर्थन और भीख मांग रहे थे आज एका एक भाग्य परिवर्तन इसी वोट की बदौलत है। तो क्यों हम झूठे वादे और फरेबियों के चक्कर में रहे पहले ही दे लो जो तुम्हे देना है चुनाव के बाद नही पहले बताओ।

कोई बिजली फ्री ,कोई राशन फ्री ,कोई बस फ्री ,कोई ट्रेन फ्री कोई स्कूटी कोई लैपटॉप कोई खाते में प्रति माह 2000,3000 रुपए भेजनेकी बात कर रहा है तो पहले कर दो घोषणा और फौरन उसका लाभ मिले एक माह की किश्त जमा कर दो और चुनाव जीतते ही इसे सरकारी खजाने से हमारे खाते में ट्रांसफर करो पहले सिर्फ अपना खजाना भरते थे अब जनता का भरो और तरीका भी अच्छा और वक्त भी। आज गैस सिलेंडर सस्ती हो रही है, और कोई फ्री गैस सिलेंडर भी देगा, जनता के तो मजे ही मजे सबकुछ फ्री डीजल, पेट्रोल, गैस राशन कुछ भी फ्री सेवा दे सकते हैं और जनता को तो वही चाहिए, भला हो दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जी का जिन्होंने ये रास्ता दिखाई आखिर उनकी पार्टी का नाम भी तो आप है अब कांग्रेस भी उसी रास्ते हैं केवल भाजपा जप जपा जप जपा भगवान का नाम लो, हर हर महादेव की जगह अब घर घर मोदी का जप करने बोल रही है। तो समय भी है और मौका भी है इसका लाभ उठाइए आम जनता मिलकर और डलवाइए अपने खाते में 15, 15 लाख।

## सुशील मोदी को ललन सिंह का बड़ा ऑफर

**पटना।** भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दोस्ती बिहार की सियासत में किसी से छुपी हुई नहीं है। जब एनडीए एक साथ था तब नीतीश कुमार के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक माने जाते थे। लेकिन, जब जदयू एनडीए गठबंधन से अलग हुआ तो सुशील मोदी, सीएम नीतीश कुमार सहित जदयू पर बेहद हमलावर हैं। हालांकि, राजनीति के जानकार अब भी मानते हैं कि इतना सब होने के बावजूद जदयू का सुशील मोदी के लिए प्रेम कम नहीं हुआ है। इसकी झलक एक बार फिर दिखी जब जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर ललन सिंह ने सुशील मोदी को बड़ा ऑफर देते हुए जो बात कही यह उसकी ओर ही इशारा है। दरअसल, ललन सिंह से जब पत्रकारों ने जातिगत गणना के मुद्दे पर सवाल पूछा तो उसके जवाब में कहा कि हमलोगों की शुभकामना है कि उन्हें कुछ मिल जाए, नीतीश जी के अच्छे मित्र रहे हैं। लेकिन, इसके बाद जो ललन सिंह ने कहा वो बेहद मजेदार है। उन्होंने सुशील मोदी को ऑफर देते हुए कहा कि अगर सुशील मोदी धार्मिक उन्माद वाली राजनीति करना बंद कर दें और बीजेपी की तुष्टीकरण वाली राजनीति से उनका मोह भंग हो जाए, तो हमलोग उनके बारे में जरूर कुछ अच्छा सोचेंगे। राजनीति के जानकार इसमें ऑफर और चुटकी, दोनों मान रहे हैं। दरअसल, जातिगत गणना को लेकर सुशील मोदी लगातार नीतीश सरकार पर हमलावर हैं।

## बिहार में जाति आधारित गणना

# क्या केंद्र के दांव से महागठबंधन का सियासी एजेंडा कमजोर हुआ?

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** बिहार जातिगत सर्वे के मामले में केंद्र सरकार ने नया हलफनामा दायर कर उस पैराग्राफ 5 को हटा लिया है, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार के अलावा कोई और संस्था जनगणना या जनगणना जैसी कोई प्रकिया नहीं करा सकती। इस नए हलफनामे में 'जनगणना जैसी किसी अन्य प्रक्रिया' शब्द को हटा दिया गया है। ये इसलिए गौर करने लायक है कि क्योंकि बिहार सरकार का इस पूरे मसले पर यही स्टैंड है कि वो जनगणना तो करा ही नहीं रही है, वो सिर्फ जातिगत सर्वे करा रही है। ऐसे में भाजपा का कहना है कि केंद्र सरकार के फैसले ने महागठबंधन सरकार द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों की हवा निकाल दी है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि जातीय सर्वे पर हलफनामा देकर केंद्र ने विरोधियों की हवा निकाली सेंसस ( जनगणना) के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को संशोधित शपथ देकर केंद्र सरकार में बिहार में जातीय सर्वे का मार्ग प्रशस्त कर दिया और साथ ही राजद-जद यू के मनगढ़ंत आरोपों की हवा निकाल दी। भाजपा सांसद ने कहा कि राजद-जदयू का नेतृत्व उम्मीद कर रहा था कि केंद्र सरकार बिहार में हुए जातीय सर्वे का विरोध करेगी, जिससे भाजपा और केंद्र सरकार को जातीय सर्वे के बहाने पिछड़ा-विरोधी बताने का इन्हें मौका मिलेगा, लेकिन बिल्लियों के भाग्य से छींका नहीं टूटा। सुशील मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने साफ कर दिया कि सेंसस (जनगणना) कराना केंद्र सरकार का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन जातीय सामाजिक-आर्थिक सर्वे राज्य सरकारें भी करा सकती हैं। सुशील मोदी ने कहा कि बिहार में भाजपा सहित सभी दलों की सहमति से 17 बिंदुओं पर जो आंकड़े जुटाए जा रहे हैं, वह सर्वे है, जनगणना नहीं। उन्होंने कहा कि यही बात पटना हाई कोर्ट ने भी कही कि राज्य को सर्वेक्षण करने का अधिकार है, जनगणना करने का नहीं। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा ने बिहार में अपने रुख के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट भी पटना हाईकोर्ट की तरह जल्द ही जातीय सर्वे के समर्थन में अपना फैसला सुनाएगा, हम कभी इसके विरुद्ध नहीं रहे।

### प्रशांत किशोर का लालू-नीतीश पर तीखा तंज

**मुजफ्फरपुर।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर उर्फ पीके ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को लेकर चल रही कवायद पर फिर बड़ा तंज कसा है। इसके साथ ही उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को भी अपने निशाने पर लिया। पीके ने मुजफ्फरपुर में बात करते हुए कहा कि आज बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है लेकिन, नीतीश कुमार का अहंकार सबसे बड़ा है। देश में है बिहार सबसे फिसड्डी और बात ऐसे करते हैं जैसे सबकुछ उन्होंने कर दिया है।

# 'गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू फिर से आ' के उद्घोष के साथ वार्षिक पूजा की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरिडीहा गांव में ग्रामीण युवा शक्ति संघ के नवयुवकों द्वारा आस्था, विश्वास, भक्ति, भावना के साथ प्रतिमा स्थापित कर गणपति बप्पा की वार्षिक विशेष पूजा सामूहिक रूप से करने की योजना बनाई जा रही है। इस संबंध में सोमवार की देर संध्या मोरडीहा दुर्गा मंदिर परिसर में मोरडीहा पंचायत के युवा शक्ति संघ के युवाओं की बैठक हुई। जिसमें गणपति पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्व समिति से ज्योतिष कुमार साह को अध्यक्ष, रोशन कुमार साह,नितेश यादव, अमरनाथ शाह, नवीन पंडित, निक्कू उर्फ प्रीतम कुमार झा को उपाध्यक्ष, रवि पासवान को सचिव, अमरेंद्र कुमार आजाद, प्रभाकर चौधरी, सनोज ठाकुर, सोनू पंडित को संयुक्त सचिव। अजय शाह को कोषाध्यक्ष,अंकित राज को कोषाध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। प्रभाकर चौधरी, रविंदर प्रजापति,सोनू पंडित, सुजीत वर्मा,चीकू झा, विपिन चौधरी, छोटू शाह आदि को कार्यकारिणी समिति सदस्य में रखा गया है। युवा शक्ति संघ के युवाओं ने बताया कि विगत वर्षों की तरह ही दुर्गा मंदिर से सटे पश्चिम दिशा में टेंट बाजा लगाकर गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा। विधिवत पूजा पाठ होगी। कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाने के बारे में विचार विमर्श किया जा रहा है।

ऐसे भजन,कीर्तन,शिव चर्चा, देव भजन, देवी गीत आदि जारी रहेगा। और तीसरे दिन विसर्जन के बाद संध्या के समय सामूहिक भंडारा का भी कार्यक्रम होगा। इस कार्य में मोरडीहा पंचायत के सभी नवयुवक, शिक्षाविद, गणमान्य, ग्रामीण सहित सभी निवासी सहयोग कर रहे हैं।

## एक नजर में

### रक्षाबंधन पर बहनों को सरकार का तोहफा

**पटना।** रक्षाबंधन बहनों का दिन होता है। इस दिन भाई अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ गिफ्ट देते हैं। बहनों को भी राखी बांधने के बाद इस गिफ्ट का इंतजार बेसब्री से होता है। इसी परंपरा को निभाते हुए बिहार सरकार ने भी राज्य की महिलाओं को गिफ्ट दिया है। यह उपहार उन सभी महिलाओं के लिए है, जो रोज बस से सफर करती हैं। रक्षाबंधन के दिन 31 अगस्त को महिलाओं और छात्राओं के लिए राजधानी पटना में सरकारी बस की सुविधा मुफ्त रहेगी। पटना शहर में सभी सरकारी बस पर सफर करना निःशुल्क कर दिया गया है। इसके लिए समय और रूट का निर्धारण भी किया गया है।

### किंडर गार्टन स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

**कोडरमा।** सुंदर नगर स्थित किंडर गार्टन स्कूल में प्राचार्य मुकेश पांडेय की अध्यक्षता में रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने छात्रों के कलाई पर राखी बांधा और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया, इस दौरान छात्रों ने छात्राओं को उपहार दिया। प्राचार्य श्री पांडेय ने छात्र छात्राओं को रक्षाबंधन पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह त्यौहार भाई बहन के बीच परस्पर स्नेह, विश्वास और प्रेम का प्रतीक है। मौके पर किरण राणा, संगीता कुमारी, रिजवाना प्रवीण, स्वाति कुमारी, आकांक्षा किरण, अदिति किरण, सुनील कुमार, पुरुषोत्तम लाल वर्णवाल, नन्दू मिस्त्री आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्राओं ने एसपी को बांधी राखी

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्राओं ने एसपी कुमार गौरव की कलाई पर राखी बांध कर रक्षाबंधन मनाई एवं तिलक लगाकर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं बच्चों ने कहा कि आज का दिन अविस्मरणीय रहेगा। वहीं एसपी कुमार गौरव ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं एकेडेमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बताया कि एसपी को राखी बांधने वाले बच्चों में खुशी कुमारी, संध्या कुमारी, जागृति कुमारी और ऋषिका कुमारी व शिक्षिका प्रियंका सिंह शामिल थी। एसपी की कलाई पर राखी बांधकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे, वहीं उन्होंने कहा जिन्हें अपना आदर्श मानते हों उनसे मिलना और उनकी कलाई पर राखी बांधने का मौका मिला। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह के मौके छात्रों के जीवन में बहुत कम आते हैं।

### विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता व रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चियों ने अपने कला को बिखेरते हुए कम से कम समाग्री में एक से बढ़कर एक राखियां बनाई एवं सभी कक्षाओं के छात्रों के कलाइयों में राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्तों को प्रगढ़ता दी। वहीं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम दिलकश प्रवीण, द्वितीय वैशनवी प्रिया तथा तृतीय साक्षी कुमारी ने प्राप्त किया। सभी को प्रसस्ति पत्र व पठन-पाठन समाग्री देकर पुरुस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित, खुशबु गुप्ता, राहत अली, चंदन कुमार चौधरी, उत्तम कुमार, राजीव रंजन, सुचित्रा सिन्हा, निशा भारती, रिंकी कुमारी, सुनंदा पाठक, शिवानी पाठक, पूजा यादव, द्रक्षा आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### राजा तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उपायुक्त आवास के समीप राजा तालाब में एक व्यक्ति का तैरता हुआ शव बरामद किया गया। चश्मदीदों ने बताया कि तालाब में तैरता हुआ शव देखने के बाद पुलिस को खबर किया गया। खबर मिलने पर थाना प्रभारी द्वारिका राम दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक छतरबर निवासी भुनेश्वर पंडित का बताया जा रहा है।

## पेज 1 का शेष

### संयोजक और सीट शेयरिंग पर मंथन

इंडिया गठबंधन के कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने, देशभर में आंदोलन करने के लिए संयुक्त रणनीति बनाने और सीटों के बंटवारे के लिए कुछ समितियों की घोषणा करने की भी उम्मीद है। राज्यों में सीटों का बंटवारा इस बार के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। कुछ और दलों को शामिल करने पर भी चर्चा भी संभव है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी गुट के विस्तार का संकेत दिया है। कांग्रेस नेता पीएल पुनिया ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष की जीत के बाद ही प्रधानमंत्री का चुनाव किया जायेगा। निर्वाचित सांसद अपना प्रधानमंत्री चुनेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि राज्य में सीटों के बंटवारे को लेकर कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। विपक्षी गठबंधन अपने घटक दलों के बीच समन्वय के लिए एक सचिवालय की घोषणा कर सकता है। गठबंधन की अगुवाई करने के लिए एक संयोजक या अध्यक्ष के मुद्दे पर भी बात हो सकती है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी गठबंधन का प्रमुख नियुक्त किया जा सकता है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार संयोजक पद की दौड़ में सबसे आगे हैं।

### हमें न दुकानदार चाहिए और न ही...

वही एमएलए उनकी लड़ाई को अपनी लड़ाई समझेगा, जब तक आप इस बात को नहीं समझेंगे तो यह जुल्म जारी रहेगा। **वोट कटवा से डुमरी की जनता सतर्क है :** कांग्रेस- डुमरी में एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी की चुनावी सभा पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने ओवैसी को एनडीए का बी टीम बताया और कहा कि डुमरी की जनता ने वोटकटवा की पहचान कर ली है। ऐसे लोगों से यहां की जनता सतर्क हो चुकी है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कहा कि राज्य की जनता अब जानती है कि ओवैसी भाजपा की बी टीम है। भाजपा और एनडीए के उम्मीदवार को जिताने के लिए ओवैसी उम्मीदवार खड़ा करते हैं और चुनावी सभाएं करते हैं। वोट कटवा के रूप में ओवैसी अपने उम्मीदवार खड़ा करते हैं, लेकिन अब उसका कोई लाभ उन्हें या भाजपा-आजसू को नहीं मिलेगा। राज्य की जनता ओवैसी की हकीकत जान चुकी है।

### सैप के 721 कर्मियों को...

उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में सैप कर्मियों द्वारा बेहतर सेवा दी जाती है। प्रार्थी की उम्र सीमा सेवानिवृत्ति की निर्धारित सीमा 60 वर्ष से कम होने के बाद भी उन्हें हटाना न्याय उचित नहीं है।

### एक डायरेक्टर के आदेश को...

सर्ड में कार्यरत एक कर्मचारी नागेंद्र सिंह को आदेश की अवहेलना करने के आरोप में कई नियमों को शिथिल करते हुए राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के प्रभारी निदेशक रहे रवि रंजन की अनुशंसा पर ग्रामीण विकास ने विभाग ने सिमडेगा स्थानांतरित कर दिया। इस स्थानांतरण के बाद नागेंद्र सिंह की पत्नी ने विभाग को पत्र लिखकर सिमडेगा की जगह उन्हें रांची जिले के किसी भी दूसरे कार्यालय में पदस्थापन करने की गुहार लगायी। अब, उनके पत्र को ग्रामीण विकास विभाग ने सर्ड को यह कहते हुए भेज दिया कि सर्ड की अनुशंसा पर ही उनका स्थानांतरण यहां से अन्यत्र किया गया था। इसलिए विभाग को यह जानना जरूरी है कि उन्हें रांची लाया जा सकता है या नहीं? यह फाइल फिलहाल सर्ड निदेशक के टेबल को शोभा बढ़ा रहा है।

स्पीड न्यूज

## ओडिशा : झामुमो के उपाध्यक्ष प्रह्लाद पूर्ति ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**बारिपदा (ओडिशा)।** झामुमो की ओडिशा इकाई के उपाध्यक्ष प्रह्लाद पूर्ति ने पार्टी के राज्य नेतृत्व के साथ मतभेदों के कारण बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। झामुमो केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन को लिखे एक पत्र में बहलदा के पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि झामुमो की ओडिशा इकाई समिति की अध्यक्ष अंजनी सोरेन ने खुद उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए कहा है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें पार्टी में दरकिनार किया गया। उन्होंने कहा कि उनके पास पार्टी छोड़ने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा था, जबकि वह झारखंड आंदोलन के वक्त से पार्टी से जुड़े हुए थे।

## अक्टूबर में चीन की यात्रा पर जायेंगे पुतिन

**मॉस्को।** इस माह दक्षिण अफ्रीका में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और अगले माह भारत में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन से दूरी बनाने वाले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन इस साल अक्टूबर में चीन की यात्रा पर जाएंगे। पुतिन ने इस वर्ष की अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए चीन जाने पर सहमति जता दी है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से पुतिन ने केवल पूर्ववर्ती सोवियत संघ से जुड़े देशों और ईरान की यात्रा की है। पिछले वर्ष यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के शुरूआती दौर में पुतिन मार्च में चीन की यात्रा पर गए थे। इसके बाद उन्होंने रूस से बाहर की यात्रा नहीं की है।

## आंध्र प्रदेश में हाथी के हमले में दंपती की मौत

**चित्तूर।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के एक गांव में बुधवार सुबह एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाया और खेत में काम कर रहे एक युगल को हमला कर मार डाला, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जो उसके साथ सेल्फी ले रहा था। वन विभाग के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। चित्तूर के डीएफओ चैतन्य कुमार रेड्डी ने कहा कि इसने पहले एक व्यक्ति पर हमला कर दिया, जो इसके साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था और बाद में युगल को मार डाला।

## गोरक्षक बिट्टू बजरंगी को मिली जमानत

**गुरुग्राम।** इस महीने की शुरूआत में नूंह में हुईं सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए कथित गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक अदालत ने जमानत दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बजरंगी को 17 अगस्त को नूंह की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वह फरीदाबाद जिले में स्थित नीमका जेल में बंद है।

## दिल्ली में अमेजन के प्रबंधक की हत्या

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई। मरने वाला व्यक्ति ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन में वरिष्ठ प्रबंधक के तौर पर कार्य करता था। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार की रात करीब 11:30 बजे हुयी। उन्होंने बताया कि सुभाष विहार में पांच अज्ञात लोगों ने हरप्रीत गिल और उसके दोस्त गोविंद सिंह पर गोलियां चला दीं और मौके पर मौत हो गई।

## गाजियाबाद में वकील का दिनदहाड़े मर्डर

**गाजियाबाद।** जनपद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर तहसील कार्यालय परिसर में एक वकील की उसके चैम्बर में गोली मारकर कथित रूप से हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिवक्ता मनोज चौधरी (54) दोपहर करीब दो बजे अपने चैम्बर में खाना खा रहे थे, तभी दो हमलावरों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलियां चलायीं। इस घटना में चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चियों के संग मनाया रक्षाबंधन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विभिन्न आयु वर्ग की स्कूली लड़कियों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाया। प्रधानमंत्री ने छात्राओं से बातचीत भी की। बुधवार की सुबह, मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर देश को रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दीं। पीएम ने परिवार के सभी सदस्यों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं। बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अपार प्रेम को समर्पित यह शुभ त्योहार हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि मैं कामना करता हूं कि यह त्योहार हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और गहरा करे।

## ममता बनर्जी ने मुंबई में अमिताभ बच्चन को बांधी राखी



**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन से मुंबई स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली दो दिवसीय बैठक में उपस्थित होने के लिए मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद बनर्जी, अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित आवास पर पहुंची। उन्होंने बिग बी को राखी भी बांधी। बनर्जी ने उन्हें भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यहां शिवसेना (यूटीबी) के नेता उद्धव ठाकरे के आवास पहुंचीं और उन्हें राखी बांधी। बनर्जी जूहु में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के घर से रवाना होने के बाद उपनगर बांद्रा में स्थित ठाकरे के आवास मातोश्री पहुंचीं।

### आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास और रॉकेट की पड़ताल पूरी

# सूर्य को नमस्कार करेगा भारत

एजेंसी

**बेंगलुरु।** सूर्य का अध्ययन करने से संबंधित आदित्य-एल1 मिशन के बारे में अद्यतन जानकारी देते हुए इसरो ने बुधवार को कहा कि प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास और रॉकेट की आंतरिक पड़ताल पूरी हो चुकी है। इस मिशन को दो सितंबर को पूर्वाह्न 11.50 बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना है। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सूर्य के परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह सूर्य के अध्ययन के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ऐसे समय अंजाम देने जा रहा है जब हाल ही में इसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-

**सूर्य मिशन दो सितंबर को पूर्वाह्न 11.50 बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से होगा लांच**



3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग कराकर देश को गौरवान्वित करने वाला इतिहास रच दिया है। आदित्य-एल1 को पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रक्षेपण की तैयारियां प्रगति पर हैं। प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास-रॉकेट की आंतरिक पड़ताल पूरी हो गई है। आदित्य-एल1 मिशन का उद्देश्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है।

इसमें विभिन्न तरंग बैंडों में सूर्य के प्रकाशमंडल, वर्णमंडल और सबसे बाहरी परत-परिमंडल का निरीक्षण करने के लिए सात उपकरण लगे होंगे। इसरो के अधिकारी ने कहा कि आदित्य-एल1 राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी वाला पूर्णतः स्वदेशी प्रयास है।

## गगनयान का परीक्षण अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में होगा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि 2 सितंबर को प्रथम सूर्य मिशन आदित्य-एल-1 के प्रक्षेपण के बाद महत्वाकांक्षी गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे परीक्षण में, संभवतः अगले साल की शुरूआत में प्रथम मानव मिशन से पहले गगनयान पर व्योममित्र नामक एक महिला रोबोट होगी, जिसमें तीन अंतरिक्ष यात्री शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र की अतीत की बेड़ियों से 'मुक्ति' का साहसिक निर्णय लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान पर काफी जोर दिया, तो पूरे विश्व ने इस क्षेत्र में भारत की ऊंची छलांग को स्वीकार किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अतीत की बेड़ियों को तोड़ा है, बल्कि वित्तपोषण में वृद्धि की है। निजी क्षेत्र और उद्योग जगत को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2040 तक बढ़कर 80 अरब डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

## भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक ने की आत्महत्या

**मुंबई।** मुंबई के ट्रॉम्बे स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में कार्यरत एक वैज्ञानिक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। वैज्ञानिक की पहचान मनीष सोमनाथ शर्मा (50) के रूप में की गई है। ट्रांबे पुलिस स्टेशन की टीम ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें सिर्फ सॉरी बेटा लिखा है। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है। इस मामले के जांच अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मनीष शर्मा की पत्नी नीतू शर्मा सोमवार को काम पर से घर आईं तो उन्होंने देखा कि मनीष शर्मा हॉल रूम में नायलॉन की रस्सी के सहारे पंखे से लटके हुए थे। इसके बाद पड़ोसियों ने मनीष शर्मा को अस्पताल में पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मनीष शर्मा के घर की तलाशी ली तो हॉल में टेबल पर एक सुसाइड नोट मिला। पुलिस ने बताया कि उसने इसमें सॉरी बेटा लिखा था। इसलिए अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि मनीष ने आत्महत्या क्यों की। मनीष की पत्नी नीतू ने पुलिस को बताया कि मनीष 2001 से डिप्रेशन से जूझ रहे थे।

# बसपा अकेले लड़ेगी सभी चुनाव : मायावती

एजेंसी

**आइएनडीआइए की बैठक से पहले किया एलान, कहा- किसी गठबंधन में नहीं होंगे शामिल**



**लखनऊ।** मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक से एक दिन पहले बुधवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बड़ा ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बसपा विधानसभा और लोकसभा के आगामी सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। मायावती ने ट्विटर पर लिखा कि एनडीए और आईएनडीआईए गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक एवं पूंजीवादी नीतियों के समर्थक हैं। इन नीतियों के विरुद्ध बसपा अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने मीडिया से अपील की कि इस संदर्भ में कृपया गलत खबरें न चलाएं। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेता जोरशोर से यह दावा कर रहे थे कि मुंबई बैठक में चार नए दल भी शामिल होंगे। उनके इस दावे से यह कयास लगाए जा रहे थे कि इन चार दलों में एक बसपा भी होगी। हालांकि अब मायावती के बयान से यह साफ हो गया है कि बसपा इस गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी। मायावती ने ट्वीट में लिखा- वैसे तो बसपा से गठबंधन के लिए यहां सभी आतुर हैं, किंतु ऐसा न करने पर विपक्षी दलों के नेता खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाते हैं। इनसे मिल जाएं तो सेक्युलर, न मिलें तो भाजपाई। यह घोर अनुचित तथा अंगूर मिल जाए तो ठीक वर्ना अंगूर खट्टे हैं की कहावत जैसी है।

## कन्या सुमंगला के लाभार्थियों को मिलेंगे 25 हजार : योगी

**लखनऊ (हि.स.)।** रक्षाबंधन पर्व पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बेटियों को बड़ी सौगात दी है। बुधवार को लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से संवाद के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस योजना की धनराशि में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2024-2025 से कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने जा रही है। योगी ने कहा कि पहले इस योजना के अंतर्गत छह चरणों में 15 हजार की धनराशि का पैकेज दिया जाता था। अगले साल से बेटी के जन्म लेती ही उसके अभिभावक के खाते में 5 हजार धनराशि हस्तांतरित कर

**उत्तर प्रदेश के सीएम ने बेटियों को रक्षाबंधन पर दी सौगात**



दी जाएगी। इसी तरह जब बेटी एक वर्ष की होगी तो दो हजार रुपये, बेटी के पहली क्लास में जाते ही तीन हजार, छठी क्लास में प्रवेश लेने पर तीन हजार, नवीं क्लास में जाने पर पांच हजार और अगर बेटी स्नातक या डिप्लोमा या सर्टिफिकेट का कोई कोर्स करेगी तो उसके खाते में सात हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित करेंगे।

## गोपनीयता उल्लंघन में इमरान खान की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल से बाहर आने की उम्मीदों को एक बार फिर झटका लगा है। गोपनीयता उल्लंघन मामले में गिरफ्तारी के बाद उनकी न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ा दी गयी है। भ्रष्टाचार मामले में सत्र न्यायालय से तीन साल की सजा के बाद पांच अगस्त से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की अटक जेल में बंद इमरान खान को इस्लामाबाद हाई कोर्ट से मंगलवार को राहत मिली थी।

हाई कोर्ट ने इमरान खान को सत्र न्यायालय से मिली सजा निलंबित करते हुए उन्हें रिहा करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद इमरान रिहा नहीं हो सके थे, क्योंकि उन्हें गोपनीयता उल्लंघन के मामले में पुनः गिरफ्तार कर लिया गया था।

# मॉस्को समेत छह शहरों में ड्रोन हमला

## जवाब में रूस ने कीव पर मिसाइलों से जोरदार हमला किया



**मॉस्को (हि.स.)।** रूस और यूक्रेन का युद्ध एक बार फिर तेजी पकड़ रहा है। बुधवार को रूस के पेस्कोव हवाई अड्डे और राजधानी मॉस्को सहित छह शहरों में यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया। इस हमले में चार बड़े रूसी सैन्य विमान क्षतिग्रस्त हो गए और विमानों की आवाजाही बंद हो गयी।

जवाब में रूस ने भी यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइलों से जोरदार हमला किया। यूक्रेन पर रूसी हमला हुए डेढ़ वर्ष से अधिक हो गया है। बुधवार को रूस पर यूक्रेन ने युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। उत्तर-पश्चिमी रूसी शहर पेस्कोव स्थित एक हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला हुआ है, जिसमें चार बड़े रूसी मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा रूस की राजधानी मॉस्को सहित छह शहरों को निशाना बनाया गया है। पेस्कोव के गवर्नर मिखाइल वेदर्निकोव ने बताया कि वह हमले के दौरान एयरपोर्ट पर मौजूद थे। उन्होंने इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एयरपोर्ट से आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। वेदर्निकोव ने बताया कि हमले से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है, लेकिन कोई भी हताहत नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि सिर्फ पेस्कोव में ही नहीं बल्कि रूस के छह शहरों में ड्रोन अटैक हुआ है। पेस्कोव शहर एस्टोनिया की सीमा के करीब पड़ता है और यूक्रेन से 600 किमी. से भी अधिक दूरी पर स्थित है। रूसी हवाई अड्डे पर हुए हमले की जिम्मेदारी यूक्रेन ने नहीं ली है, लेकिन यह माना जा रहा है कि बीते कुछ सप्ताह से रूस पर हमले के लिए यूक्रेन ने विस्फोटक ड्रोन का इस्तेमाल अधिक कर दिया है। वेदर्निकोव ने बताया कि एयरपोर्ट के रनवे पर हुए हमले से नुकसान का अनुमान जब तक नहीं हो जाता, तब तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इस ड्रोन हमले में चार इल्यूशिन आईएल-76 भारी परिवहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वैसे इस हमले को रूस-यूक्रेन युद्ध का अब तक का सबसे भयानक हमला माना जा रहा है। एक तरफ जहां यूक्रेन ने मास्को पर ड्रोन हमला किया तो जवाबी कार्रवाई में रूस ने भी कीव पर कई मिसाइलें दागीं। इसके बाद कीव में लगातार कई धमाके सुनाई दिए। दोनों देशों ने अपने एयर डिफेंस के सफलतापूर्वक इस्तेमाल का दावा किया है। इस हमले के बाद पेस्कोव एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही बंद कर दी गई है।

# बिजनेसमैन कामत को डेट कर रहीं रिया



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया काफी समय तक सुर्खियों में रहीं। रिया और सुशांत काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। सुशांत की मौत के बाद रिया को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब रिया अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं और प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ पर भी फोकस कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रिया चक्रवर्ती बिजनेसमैन निखिल कामत को डेट कर रही हैं। निखिल जेरोधा कंपनी के संस्थापक हैं। यह एक वित्तीय सेवा कंपनी है, जो लोगों को शेयर बाजार में शेयरों और म्यूचुअल फंड में व्यापार करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। रिया चक्रवर्ती को डेट करने से पहले निखिल ने मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को डेट किया था। दोनों साथ में घूमने निकले। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। मानुषी और निखिल एक साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो रिया चक्रवर्ती इन दिनों रियलिटी शो एमटीवी रोडीज में नजर आ रही हैं।

## जवान रिलीज होने से पहले, शाहरुख खान वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने अपनी फिल्म जवान रिलीज होने से पहले जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। अधिकारियों के अनुसार, अभिनेता ने कटरा पहुंचने के बाद पवित्र गुफा में दर्शन किए और फिर नए ताराकोट मार्ग से भवन की ओर रवाना हुए। अभिनेता को भवन में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा गया, जिसमें वह अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में दिखे। वह सफेद टीशर्ट के ऊपर नीले रंग की हुडी पहने हुए थे और अपने चेहरे को हुडी की कैप और मास्क से ढके हुए थे।

## जगन्नाथ मंदिर में दिखा कौमी एकता का संदेश



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी राखी का त्योहार मनाया गया। यहां मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज को मुस्लिम महिलाओं ने तिलक-कुमकुम कर राखी बांधी। अहमदाबाद के जमालपुर क्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को रक्षाबंधन का त्योहार हर्ष और उल्लास से मनाया गया। जमालपुर क्षेत्र की मुस्लिम महिलाओं ने जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज को राखी बांधकर कौमी एकता का संदेश दिया। मुस्लिम महिलाओं ने महाराज का मुंह मीठा कराने के लिए उन्हें मिठाई खिलाई।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# श्रावण : श्रवण एवं मनन को समर्पित अध्यात्मिक, धार्मिक माह


**आचार्य दीप चन्द भारद्वाज**

वैदिक ग्रंथ आध्यात्मिक ज्ञान का भंडार माने गए हैं। वैदिक ग्रंथों के चिंतन-मनन और उनके श्रेष्ठ आदर्शों को जीवन में आत्मसात ? करने से मनुष्य भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त करता है। ज्योतिष के अनुसार इस दिन श्रवण नक्षत्र होता है जिससे पूर्णिमा का संयोग होने से श्रावणी कही जाती है। हमारी सनातन संस्कृति की स्वर्णिम पर्वों, उत्सवों की परंपरा भारतीय समाज में जीवंतता तथा जागृति का समावेश करती है। सावन की पूर्णिमा को ज्ञान की साधना का पर्व माना गया है। यह आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने का पावन उत्सव है।

मनुस्मृति में इस दिन को उपाकर्म करने का दिन कहा गया है। श्रावणी पूर्णिमा एक मास के आध्यात्मिक ज्ञान रूपी यज्ञ की पूर्णाहुति है। श्रावणी उपाकर्म के अंतर्गत वेदों के श्रवण-मनन का विशेष महत्व है। श्रावण मास वर्षा ऋतु का समय होता है। प्राचीन काल में लोग श्रावण मास में वर्षा के कारण घरों पर रहकर वैदिक शास्त्रों का श्रवण किया करते थे। अपने आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाते थे। प्राचीन काल में आज की तरह सभी ग्रंथ मुद्रित रूप में सबको सुलभ नहीं थे अतः निकटवर्ती आश्रमों में जाकर रहते थे। वहां वैदिक विद्वानों से वेद के उपदेशों का श्रवण करते थे। ऋषि, मुनियों, योगियों के सान्निध्य में रहकर उनके मुखारविंद से आध्यात्मिक शास्त्रों के गूढ़ तत्वों का श्रवण करना इस श्रावणी पर्व का मुख्य ध्येय होता था। इसे ऋषि तर्पण का नाम भी दिया जाता है। तर्पण का अर्थ है ज्ञान और सत्य विद्या के मर्मज्ञ ऋषियों को संतुष्ट करना, जिनसे हमें वैदिक रहस्य को जानने व समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्राचीन काल में गुरुकुलों में इसी दिन से शिक्षण सत्र का आरंभ होता था। इस दिन छात्र गुरुकुल में प्रवेश लेते थे जिनका यज्ञोपवीत नहीं हुआ उन्हें ऋषिऋण, देवऋण, पितृऋण का द्योतक यज्ञोपवीत दिया जाता था।

ज्ञान से ही विकास का आरंभ होता है और अज्ञान ही अवनति का मूल है। यह पर्व हमें ऋषि परंपरा के अनुकरण की प्रेरणा प्रदान करता है। इस अवसर पर इंद्रियों के संयम एवं सदाचरण के आध्यात्मिक पथ पर चलने की प्रतिज्ञा ली जाती है। इस श्रावणी उपक्रम के अंतर्गत वेदों के श्रवण का विशेष महत्व है। ज्ञान का प्रकाश करने वाले दिव्य गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है जो हमें श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षा सूत्र देकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं। आशीर्वाद के रूप में गुरु शिष्यों को रक्षा कवच के रूप में सूत्र बांधते हैं।





# श्रावण की कथा और उसका महात्म

**हिंदू** धर्म में श्रावण मास को पवित्र माना गया है। इस पवित्र मास में रक्षाबंधन का संयोग इस दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। इस दिन के साथ अनेक धार्मिक कथाएं व मान्यताएं जुड़ी हुई हैं।

एक बार भगवान विष्णु से बलि राजा ने इन्द्र की मांग पर वैकुंठ का आधिपत्य मांग लिया तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मण स्त्री के रूप में बलि राजा को राखी बांध कर विष्णु के वैकुंठ धाम को वर स्वरूप उपहार के रूप में पुनः प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की थी। बाद में लक्ष्मी ने अपने पति का वैकुंठ वापस मांग कर अपनी असलियत बताई पर बलि राजा रक्षा सूत्र से प्रसन्न हुए।

एक कथा यह भी है कि यम की बहन यमुना प्रति वर्ष अपने भाई मृत्यु के देवता यमराज को पवित्र श्रावणी पूर्णिमा के दिन राखी का धागा बांध कर मंगल कामना करती थी। यम ने प्रसन्न होकर वरदान दिया कि जो भाई श्रावणी पूर्णिमा के दिन अपनी बहन से राखी बंधवा कर अपनी बहन को रक्षा का विश्वास दिलायेगा, उसे कभी परेशान नहीं करूंगा। इसीलिये रक्षाबंधन के दिन पवित्र धागा, जो राखी के नाम से जाना जाता है, बहनों द्वारा भाई की कलाई पर बांधने की प्रथा है। इन्द्राणी भी अपने भाई इंद्र को इसी दिन राखी बांधती है।

ब्राह्मणों के लिए यह दिन ऋषि तर्पण का दिन माना गया है। इसलिये हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन पुरुष अपना पवित्र धागा जनेऊ यज्ञोपवीत, जिसे बदलने का उत्तम दिन श्रावणी पूर्णिमा माना गया है। ऋर्षि तर्पण के बाद जिसे बदलकर पवित्र जल में बहाने की परंपरा है। महाराष्ट्र में इस दिन सत्यनारायण कथा करवाने की भी प्रथा है। वर्षा के जल से लबालब भरे समुद्र में नारियल को समुद्र में विसर्जित करने के बाद मछुआरे अपनी नौका समुद्र के जल में उतार कर पुनः अपने मछली पकड़ने के व्यवसाय में लग जाते हैं। यह मान्यता है कि इस दिन भगवान राम ने समुद्र में सेतु निर्माण का काम आरंभ किया था। इसीलिए हिंदू लोग पत्थर के प्रतीक स्वरूप नारियल को समुद्र में विसर्जित कर भगवान की आराधना करते हुए, पृथ्वी, मानव जल, आकाश, वनस्पति की मंगल-कामना करते हैं।

वर्षा के बाद तृप्त धरा धान्य सम्पदा लुटाने का तत्पर होती है। किसानों में

# सबसे श्रेष्ठ माह श्रावण की समाप्ति



**प्रभा पारीक**

हिंदू धर्म में श्रावण मास को पवित्र माना गया है। इस पवित्र मास में रक्षाबंधन का संयोग इस दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। इस दिन के साथ अनेक धार्मिक कथाएं व मान्यताएं जुड़ी हुई हैं।

एक बार भगवान विष्णु से बलि राजा ने इन्द्र की मांग पर वैकुंठ का आधिपत्य मांग लिया तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मण स्त्री के रूप में बलि राजा को राखी बांध कर विष्णु के वैकुंठ धाम को वर स्वरूप उपहार के रूप में पुनः प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की थी। बाद में लक्ष्मी ने अपने पति का वैकुंठ वापस मांग कर अपनी असलियत बताई पर बलि राजा रक्षा सूत्र से प्रसन्न हुए।

एक कथा यह भी है कि यम की बहन यमुना प्रति वर्ष अपने भाई मृत्यु के देवता यमराज को पवित्र श्रावणी पूर्णिमा के दिन राखी का धागा बांध कर मंगल कामना करती थी। यम ने प्रसन्न होकर वरदान दिया कि जो भाई श्रावणी पूर्णिमा के दिन अपनी बहन से राखी बंधवा कर अपनी बहन को रक्षा का विश्वास दिलायेगा, उसे कभी परेशान नहीं करूंगा। इसीलिये रक्षाबंधन के दिन पवित्र धागा, जो राखी के नाम से जाना जाता है, बहनों द्वारा भाई की कलाई पर बांधने की प्रथा है। इन्द्राणी भी अपने भाई इंद्र को इसी दिन राखी बांधती है।

ब्राह्मणों के लिए यह दिन ऋषि तर्पण का दिन माना गया है। इसलिये हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन पुरुष अपना पवित्र धागा जनेऊ यज्ञोपवीत, जिसे बदलने का उत्तम दिन श्रावणी पूर्णिमा माना गया है। ऋर्षि तर्पण के बाद जिसे बदलकर पवित्र जल में बहाने की परंपरा है। महाराष्ट्र में इस दिन सत्यनारायण कथा करवाने की भी प्रथा है। वर्षा के जल से लबालब भरे समुद्र में नारियल को समुद्र में विसर्जित करने के बाद मछुआरे अपनी नौका समुद्र के जल में उतार कर पुनः अपने मछली पकड़ने के व्यवसाय में लग जाते हैं। यह मान्यता है कि इस दिन भगवान राम ने समुद्र में सेतु निर्माण का काम आरंभ किया था। इसीलिए हिंदू लोग पत्थर के प्रतीक स्वरूप नारियल को समुद्र में विसर्जित कर भगवान की आराधना करते हुए, पृथ्वी, मानव जल, आकाश, वनस्पति की मंगल-कामना करते हैं।

वर्षा के बाद तृप्त धरा धान्य सम्पदा लुटाने का तत्पर होती है। किसानों में भी नई फसल का उत्साह होता है। नदी-नाले जल से सराबोर होते हैं। मौसम हर तरह से अनुकूल होता है, तब इस त्योहार के आगमन पर लोगों का उत्साह शिखर पर होता है। भारत के कई राज्यों में इसे नारियली पूर्णिमा के नाम से भी मनाया जाता है। जहां रक्षाबंधन के साथ नदी, सरोवर, तालाब, सागर आदि के जल से भरपूर होने पर भगवान इंद्र व वरुण देव का आभार व्यक्त करते हुए नारियल अर्पण किया जाता है।

# पवित्रता रूपी धर्म में प्रतिज्ञा का पर्व श्रावण पूर्णिमा - रक्षाबंधन

**ब्रह्माकुमारी प्रेमलता**

**प्राचीन** काल से बहनें भाइयों की कलाई पर श्रावण मास की पूर्णिमा को राखी बांधती आ रही हैं। भाई-बहन का एक बहुत ही पवित्र व निर्मल स्नेह का नाता होता है। भाइयों को स्नेह के सूत्र में बांधने की यह बहुत ही हृदयस्पर्शी व भावनापूर्ण रस्म है। सूत के रंगे हुए कच्चे धागे और आज के रेशमी चमकीली नायलॉन की डोर में बहन का भाई के प्रति यह मौन संदेश भरा होता है कि कलाई पर बांधा गया यह रक्षा सूत्र भाई द्वारा अपनी जान की बाजी लगाकर भी बहन की लाज की रक्षा करेगा। भाई अपने दिल में अपनी बहन के प्रति स्नेह के समुद्र को समाये हुए खुशी-खुशी इतने बड़े बंधन को स्वीकार करता है।

इस अवसर पर भारतीय संस्कृति की वह झलक सामने आ जाती है कि किस तरह यहां भाई-बहनों में एक मासूम आयु से लेकर जीवन के अंत तक एक-दूसरे से स्नेह का यह संबंध अटूट बना रहता है। यदि यह तार किसी पारिवारिक तूफान के झटके से टूट भी जाती है तो भी अगली राखी पर फिर यह नया सूत्र उस स्नेह में एक नई जिंदगी व उमंग भर देता है। इस प्रकार यह स्नेह की धारा जीवन के अंत तक अविरल गति से बहती रहती है जैसे गंगा अपने उद्गम स्थल से लेकर सागर के संगम तक कहीं तेज तथा कहीं मधुर गति से बहती रहती है।

इस पर्व के बारे यह मान्यता है कि जब इंद्र देवता स्वर्ग का राज्य किसी असुर के हाथों हार गए थे तब इंद्राणी ने उन्हें राखी बांधी थी जिससे इंद्र ने अपना खोया हुआ राज्य पुनः प्राप्त किया था। यमुना ने भी अपने भाई यम को राखी बांधी थी तब



यम ने कहा था कि जो नर इस राखी को बंधवायेगा उसे यमदूत दंड नहीं देंगे।

बहन और भाई के इस पवित्र नाते की महता को कायम रखते हुए संकट के समय हिंदू नारियों ने मुगल शासकों को भी यह रक्षा सूत्र बांध कर अपने सतीत्व, स्वमान व राज्य की रक्षा की थी।

आज के चुनौतीभरे व मूल्यों के क्षरण के दौर में राखी का महत्व और भी बढ़ जाता है। हर बहन को राखी बांधते समय अपने भाई से अब यह वचन लेना पड़ेगा कि जैसे वह उसे पवित्र दृष्टि से देखता है, इसी तरह ही संसार की हर माता-बहन को भी पवित्र नजर से देखेगा तो सारी बहनें सुरक्षित हो पायेंगी। किसी की दृष्टि व विचारों को कठोरता से नहीं बदला जा सकता। मनुष्य के अंदर छुपे हुए गुण व शक्तियों को ज्ञान और स्नेह से व्यवहार में लाकर सब सुरक्षित हो सकते हैं। इसलिए हमें ईश्वरीय ज्ञान व निर्मल स्नेह की धारा में स्वयं को डुबोना पड़ेगा।

परमात्मा के प्रति स्नेह और समर्पणता तब ही हो सकती है जब मनुष्य अपने आप को विकारों से मुक्त करेगा। इसलिए कलाई का पंचरंगी धागा विकारों को समाप्त करके उसके स्थान पर शांति, आनंद, प्रेम, शक्ति और पवित्रता की धारणा करने का संदेश देता है। कन्या और ब्राह्मण दोनों ही पवित्र माने गए हैं। इस कारण राखी बहनों के साथ-साथ ब्राह्मण भी अपने यजमानों को बांधते हैं। ब्राह्मणों का पवित्र कर्म करना ही उनका स्वधर्म है। वे इस दिन केवल राखी ही नहीं बाधते बल्कि माथे पर तिलक भी देते हैं। बहनें भी अपने भाइयों के माथे पर चंदन और केसर का तिलक देती हैं। मस्तिष्क पर यह तिलक आत्मा को ज्ञान के रंग में रंगने और आत्मिक स्मृति में रहने का प्रतीक है। यदि सभी धर्म, जाति, देश, भाषाओं के लोग आत्मिक स्मृति को अपना लें तो सारे विश्व में भाईचारा स्थापित हो सकता है। राखी पवित्रता रूपी धर्म में रहने की प्रतिज्ञा करने व काम-वासना रूपी विष को छोड़ने का प्रतीक है। इसलिए इस पर्व को विष तोड़क पर्व भी कहा जाता है।